डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की 1 एवं 16 को प्रकाशित, सोमवार 02.10.2023 से 08.10.2023 | वर्ष-40 | अंक-20 | मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने जीते दो अवॉर्ड

भोपाल, विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय की बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के ग्राम मडला और खोखरा 2023 के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चुने गए हैं। नई दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पन्ना के मडला ग्राम को स्वर्ण श्रेणी और सीधी के खोखरा ग्राम को कांस्य श्रेणी में सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह में सचिव, पर्यटन, भारत सरकार सुश्री वी. विद्यावती द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ओर से अपर प्रबंध संचालक श्री विवेक श्रोत्रिय और संचालक कौशल डॉ. मनोज कुमार सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। पर्यटन विभाग को मिली इस उपलब्धि के लिये प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने हर्ष जताते हुए ग्रामीण परियोजना विकास में प्रयासरत सभी अधिकारियों और सहभागी संस्थाओं को बधाई दी है।

राज्य स्तरीय वन्य-प्राणी सप्ताह 1 से 7 अक्टूबर तक

भोपाल, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में राज्य स्तरीय वन्य-प्राणी सप्ताह-2023 का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक किया जायेगा। संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल ने बताया कि वन्य प्राणी सप्ताह के तहत हर दिन स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें वाद-विवाद, चित्रकला, मेंहदी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। सप्ताह का समापन 7 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

विमुक्त, घुमंतु व अर्द्ध-घुमंतु जनजातियों के लिये नई योजना

भोपाल, प्रदेश में विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध-घुमंतु जनजातियों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिये अम्बेडकर योजना तैयार की गई है। इससे 5 वर्ष में 200 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। योजना वर्ष 2021-22 से प्रारंभ की गई है। योजना में इन वर्गों के शैक्षणिक सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, आजीविका और भूमि और आवास व्यवस्था पर राशि खर्च हो रही है।

आवेदन आमंत्रित

- **सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सागर**
  फिजियोथेरेपिस्ट एवं अन्य पदों हेतु
- **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**
  सहायक ग्रेड-3 के पद हेतु
- **राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर**
  वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्य पदों हेतु
- **जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर**
  वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्य पदों हेतु

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 — स्मार्ट शहरों में की जा रही सकारात्मक पहल और नवाचारों को मिला सम्मान

शहरों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमैप करें तैयार

- मध्यप्रदेश को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार।
- चंडीगढ़ को सर्वश्रेष्ठ केन्द्र शासित प्रदेश का पुरस्कार।
- तमिलनाडु को दूसरा और संयुक्त रूप से तीसरा पुरस्कार राजस्थान और उत्तर प्रदेश को मिला।

इंदौर, ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय की ओर से इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुईं उन्होंने कहा कि शहरों और नागरिकों की जरूरत का आंकलन कर विकास का रोडमैप तैयार किया जाना चाहिये जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुये उन्होंने स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी सहित विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्यप्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को पुरस्कृत किया।

मध्यप्रदेश को मिले 13 अवॉर्ड

इण्डिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर मध्यप्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवॉर्ड मिले हैं। मध्यप्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवॉर्ड मिला है। इंदौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवॉर्ड में प्रथम स्थान पर है। प्रोजेक्ट अवार्ड्स में स्मार्ट सिटी इंदौर को 5, भोपाल को एक, जबलपुर को 2, ग्वालियर को एक एवं सागर को एक अवॉर्ड मिला है।

स्वच्छ शहर में विशिष्ट है इंदौर

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी, तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। अनुमान है कि शहरों का जीडीपी में कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि क्लाईमेट स्मार्ट सिटीज असेसमेंट फ्रेमवर्क जो भारत के 100 स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था, वह इस बात का उदाहरण है कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय स्तर पर कैसे कार्य किया जा सकता है।

(शेष पृष्ठ 13 पर)

प्रदेश को मिले यह पुरस्कार

स्वच्छता थीम में गोबर धन बॉयो सीएनजी प्लांट, शहरी पर्यावरण थीम में एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट और अहिल्या वन विथ वर्टिकल गॉर्डन और जल थीम में सरस्वती और कान्ह लाइफ लाइन, रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग एवं झीलों, कुओं और बावड़ियों के कायाकल्प के लिये इंदौर को प्रथम स्थान मिला है। बिल्ट एन्वायरमेंट थीम में रिवर फ्रंट डेव्हलपमेंट के लिये इंदौर को द्वितीय स्थान मिला है। भोपाल को सदर मंजिल रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट के लिये द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इकोनॉमी थीम में जबलपुर को स्टार्ट-अप इंक्यूबेशन सेंटर के लिये प्रथम एवं इंदौर को वेल्यू कैप्चर फायनेंसिंग के लिये द्वितीय स्थान, गवर्नेंस थीम में जबलपुर को इम्प्लीमेंटेशन ऑफ 311 एप्लीकेशन के लिये तृतीय स्थान, आईसीसीसी बिजनेस मॉडल थीम में ग्वालियर को इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के लिये तृतीय स्थान और मोबेलिटी थीम पर सागर को इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम इम्प्रूविंग रोड सेफ्टी के लिये तृतीय स्थान मिला है।

स्मारक शिलान्यास समारोह

निरंतर कष्ट सहकर भी राष्ट्रधर्म निभाने से पीछे नहीं हटे थे शूरवीर महाराणा प्रताप

ऐसा होगा महाराणा प्रताप स्मारक

- स्मारक की संरचना कुंभलगढ़ दुर्ग से प्रेरित।
- 20 फीट ऊंची होगी प्रतिमा।
- इंटरप्रिटेशन सेन्टर और गैलरी बनाई जाएगी।

भोपाल, तात्या टोपे स्टेडियम के पास महाराणा प्रताप स्मारक के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कष्ट सहकर भी राष्ट्रधर्म निभाने की प्रतिज्ञा से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले महाराणा प्रताप की जीवनी और उनके बलिदान को महाराणा प्रताप लोक के रूप में सामने लायेंगे। इससे भावी पीढ़ी को सही प्रेरणा और दिशा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने मऊ सहानिया (छतरपुर) राजा छत्रसाल के समाधि स्थल में भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की।

बचपन से वीर थे महाराणा प्रताप

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप बचपन से ही साहसी थे। उन्होंने मेवाड़ के शासक के रूप में बागडोर संभाली. युद्धभूमि में महाराणा को देख मुगलों के पसीने छूट जाते थे। महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य की विस्तारवादी नीति का विरोध किया और सन् 1576 ई. में हल्दीघाटी के युद्ध सहित अकबर के खिलाफ कई बड़े युद्ध वीरतापूर्वक लड़े।

राज्य स्तरीय कोटवार सम्मेलन

कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय मिलेंगे एक लाख रुपये

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय एक लाख रुपये की राशि मिलेगी। कोटवारों को मिलने वाली राशि में अब हर साल पांच सौ रुपये बढ़ते चले जायेंगे। जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन्हें 4 हजार के स्थान पर 8 हजार रुपये प्रति माह मिलेंगे। ऐसे कोटवार जिनके पास 3 से 7.5 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें 600 रुपये के स्थान पर 1200 रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा।

ऐसे कोटवार जिनके पास 7.5 एकड़ से 10 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें न्यूनतम मानदेय एक हजार रुपये प्रति माह मिलेगा। इसमें समय-समय वृद्धि भी होगी। जिनके पास 3 एकड़ तक की सेवा भूमि है उन्हें वर्तमान में मिल रहे एक हजार रुपये के स्थान पर 2000 रुपये प्रति माह मिलेंगे। भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कोटवार सम्मेलन में कोटवारों के हित में ये घोषणाएं करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम कोटवार राजस्व प्रशासन के रीढ़ की हड्डी हैं।

सीखो कमाओ योजना की हितग्राहियों को अनुबंध पत्र

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की 10,000वीं हितग्राही कुमारी अजीता राठौर और 10,001वीं हितग्राही कुमारी आकांक्षा चौहान को अनुबंध पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कुमारी अजीता राठौर को एक्सट्रा नेट टेक्नालॉजी प्राइवेट लि. भोपाल में साफ्ट वेयर डेवेलपर के रूप में जुड़ने का अवसर मिला है। कुमारी आकांक्षा चौहान भोपाल की कैरियर एजुकेशन सोसायटी में कस्टमर केयर सेक्शन में कार्य सीख रही हैं।

इंदौर-भोपाल के बाद जबलपुर में भी मेट्रो ट्रेन

मुख्यमंत्री ने दीं जिले को अन्य सौगातें

- 450 करोड़ रुपये की लागत से एयरपोर्ट टर्मिनल निर्माण।
- 300 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे स्टेशन।
- 200 करोड़ रुपये की लागत से टेक्नोलॉजी सेंटर।
- 200 करोड़ रुपये की लागत से आई.टी. पार्क।
- 125 करोड़ रुपये की लागत से मदन महल टर्मिनल।

जबलपुर, प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर में 155 करोड़ रुपये से नवनिर्मित फ्लाई ओवर के लोकार्पण समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर के लोगों को अनेक विकास कार्यों की सौगात दीं। उन्होंने कहा कि जबलपुर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर शहर में 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से 116 किलोमीटर के रिंग रोड निर्मित किये जायेंगे। जबलपुर में 1100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले फ्लाई-ओवर्स से शहर की तस्वीर बदल जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर में विकास कार्यों के लिये राशि की कमी नहीं आने दी जायेगी। जबलपुर को इंदौर और भोपाल के बाद मेट्रो सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। यहां मेट्रो का जाल बिछाया जायेगा, जो इसके विकास में अहम भूमिका निभायेगा।



(शेष पृष्ठ 13 पर)

23 सितम्बर

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत 75 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस हुए

● देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण II के तहत ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया है। ओडीएफ प्लस गांव वैसे गांव हैं जिन्होंने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) वाली अपनी स्थिति को बनाए रखा है। आज तक, 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है जो 2024-25 तक एसबीएम-जी के चरण II के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शत-प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव की उपलब्धि हासिल करके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दादरा और नगर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, और त्रिपुरा शामिल हैं।

● सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के डीईपीडब्ल्यूडी (दिव्यांगजन) के अधीन भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने सांकेतिक भाषा दिवस मनाया। इसकी विषयवस्तु 'एक ऐसी दुनिया जहां हर जगह के बधिर लोग कहीं भी अपना निशान छोड़ सकते हैं' थी। संयुक्त राष्ट्र की ओर से 23 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस घोषित किए जाने के बाद से आईएसएलआरटीसी हर साल 23 सितंबर को यह दिवस मनाता है।

24 सितम्बर

नौसेना प्रमुख ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री शक्ति संगोष्ठी में हिस्सा लिया

● नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित 25वीं अंतर्राष्ट्रीय समुद्री शक्ति संगोष्ठी (आईएसएस) में भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री शक्ति संगोष्ठी (आईएसएस) का आयोजन अमेरिकी नौसेना द्वारा यूएस नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड में किया जाता है और भारत-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण की दिशा में विदेशी मित्र देशों (एफएफसी) के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। यात्रा के दौरान उन्होंने मालाबार, आरआईएमपीएसी, सी ड्रैगन और टाइगर ट्रायम्फ जैसे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में भारतीय नौसेना (आईएन) - संयुक्त राज्य नौसेना (यूएसएन) परिचालन के जुड़ाव की खोज की दिशा में व्यापक विचार-विमर्श किया।

● नागर विमानन तथा इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने अरुणाचल प्रदेश में तेजू हवाई अड्डे के नव विकसित बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तर-पूर्व भारत को भारत का 'हीरा' बना दिया है, जिसका आशय हाईवे (राजमार्ग), इंटरनेट, रेलवे और एविएशन (विमानन) से है। ये वैसे चार प्रमुख घटक हैं, जो इस क्षेत्र के समग्र एवं समावेशी विकास को संभव बना रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस)-उड़ान के बारे में बात की। इस योजना से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'उड़ान' योजना के माध्यम से नागर विमानन क्षेत्र का लोकतांत्रीकरण किया है।

25 सितम्बर

सरकार ने अरहर और उड़द की स्टॉक लिमिट की अवधि बढ़ाई

● केंद्र सरकार ने अरहर और उड़द के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत मौजूदा स्टॉक सीमा की अवधि 30 अक्टूबर, 2023 से बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2023 कर दी है। गोदाम में थोक विक्रेताओं और बड़ी संख्या में खुदरा विक्रेताओं के पास स्टॉक सीमा को 200 मीट्रिक टन से घटाकर 50 मीट्रिक टन कर दिया गया है और चक्की के लिए स्टॉक सीमा को पिछले 3 महीने के उत्पादन या वार्षिक क्षमता से 25 प्रतिशत की कटौती की गई है, जो भी पिछले 1 महीने का उत्पादन या वार्षिक क्षमता का 10 प्रतिशत या जो भी अधिक हो। स्टॉक सीमा में संशोधन और समय अवधि का विस्तार जमाखोरी को रोकने और बाजार में पर्याप्त मात्रा में अरहर और उड़द दालों की लगातार प्राप्ति और उपभोक्ताओं के लिए सस्ती कीमतों पर अरहर दाल और उड़द दाल उपलब्ध कराने के लिए किया गया है।

26 सितम्बर

एमएसएमई के 10 हजार से अधिक दावे स्वीकार

● सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एक राहत देते हुए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने विवाद से विश्वास-I स्कीम के तहत एमएसएमई के 10 हजार से अधिक दावों को स्वीकार कर लिया है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना है। इससे एमएसएमई को 256 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ है और इससे गारंटी मुक्त करने के माध्यम से बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ा। एमएसएमई के लिए विवाद से विश्वास I - राहत योजना की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट भाषण 2023-24 में की थी। यह योजना वित्त मंत्रालय द्वारा 17.04.2023 को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत राहत के लिए जीईएम पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31.07.2023 थी।

● केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने विश्व बैंक द्वारा आयोजित एक वर्चुअल सम्मेलन में भाग लिया, जिसे 'दक्षिण-दक्षिण ज्ञान साझाकरण श्रृंखला' के रूप में जाना जाता है। यह सम्मेलन 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर: द इंडिया स्टोरी' विषय पर आधारित था। इस दौरान श्री राजीव चन्द्रशेखर ने डीपीआई को अपनाने में भारत की यात्रा को साझा करते हुए बताया कि इसने किस प्रकार लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन पर जोर दिया कि युवा भारतीयों और उद्यमियों के लिए अवसर उपलब्ध कराते समय लोगों के जीवन और शासन दोनों को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें।

27 सितम्बर

बीकानेर में मूंगफली अनुसंधान केंद्र का लोकार्पण

● उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से राजस्थान में प्रदत्त 2 सौगातों की शुरुआत की। उन्होंने बीकानेर में आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान निदेशालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र और केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के प्रशिक्षु गृह का उद्घाटन किया, वहीं बाड़मेर के गुड़ामालानी में क्षेत्रीय श्री अन्न (मिलेट्स) अनुसंधान केंद्र की आधारशिला रखी। बीकानेर में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश करके केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने बीकानेर की नमकीन, भुजिया व रसगुल्ले की तारीफ करते हुए कहा कि बीकानेर की मूंगफली की ब्रांडिंग की जाएगी, इस क्षेत्र में व्यापार की बहुत संभावनाएं हैं।

● कोयला मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा कोयला खदान जल संसाधनों के सतत उपयोग से नौ राज्यों के 981 गांवों में अनुमानित 17.7 लाख लोग लाभान्वित होते हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, सीपीएसई ने लगभग 8130 लाख मीटर खदान जल का निर्वहन किया, जिसमें से 46 प्रतिशत को घरेलू और सिंचाई उद्देश्यों जैसे सामुदायिक उपयोग के लिए आवंटित किया गया जबकि 49 प्रतिशत आंतरिक घरेलू और औद्योगिक जरूरतों के लिए और 6 प्रतिशत भूजल पुनर्भरण पहल के लिए आरक्षित किया गया।

28 सितम्बर

देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने के लिए निर्माण क्षेत्र में होगी हरित पहल

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि 2070 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को हासिल करने के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क किनारे सुविधाओं, ढाबों, टोल प्लाजा सहित 13000 स्थानों पर सफाई अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और लगभग 7000 स्थानों पर काम पूरा हो चुका है।

● भारत-लैटिन अमेरिका सांस्कृतिक फिल्मोत्सव का चौथा संस्करण नई दिल्ली में शुरू हुआ। इसका आयोजन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने किया है। दो दिन के इस उत्सव में कोलंबिया, इक्वाडोर और चिली के 34 कलाकार भाग ले रहे हैं। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष डॉ विनय सहस्रबुद्धे ने कहा कि संस्कृति और कला के इस समारोह का लक्ष्य लैटिन अमेरिका की समृद्ध धरोहर को उजागर करना है।

29 सितम्बर

वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 40वें स्थान पर बरकरार

● विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक 2023 रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से भारत का 40वां स्थान बरकरार है। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में पिछले कई वर्षों से भारत 2015 में 81वें स्थान पर था जो 2023 में सुधरकर 40वें स्थान पर पहुंच गया। महामारी से उत्पन्न अभूतपूर्व संकट के खिलाफ हमारी लड़ाई में नवाचार सबसे आगे रहा है और देश को महामारी से संभलने की सामर्थ्य में यह निर्णायक होगा। जैसा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में निहित है।

● संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता और मानवीय समर्थन के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुश्री कम्बोज ने अफगानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा और छात्रवृत्ति के माध्यम से अफगानिस्तान के लोगों को सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न संस्थाओं के साथ सहयोग भी किया जा रहा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
ग्वालियर (म.प्र.) - 474002

No./IPRO/Advt. No. 30th/2023/Reg./3206 Date : 25/09/2023

भर्ती विज्ञापन

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, विषय वस्तु विशेषज्ञ, प्रोग्राम असिस्टेंट (कम्प्यूटर/कृषि), कार्यालय अधीक्षक सह लेखापाल, स्टेनोग्राफर ग्रेड-3, वाहन चालक सह मैकेनिक, स्किल्ड सपोर्टिंग स्टॉफ तथा विश्वविद्यालय के वाहनचालक के रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विषयवार विवरण आवेदन पत्र, शैक्षणिक अर्हतायें, नियम व शर्तें, आवेदन शुल्क एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.rvskvv.net** पर उपलब्ध है। आवेदन ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.rvskvv.net** पर दिनांक 10.10.2023 से 06.11.2023 तक किये जा सकेंगे। कुलसचिव
रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

R-49137/2023

M.P. POLICE HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
Office of The Project Engineer, Indore Division No. 1, G-13, First Floor, M.I.G. Colony, Behind Christian Eminent School, Indore (M.P.)-452008
E-mail : mpphc.indore@yahoo.in, Contact No. : 9425601536

E-TENDER NOTIFICATION No. 07/2023-24

M.P. Police Housing & Infrastructure Development Corporation Ltd., Indore Division No. 1, Indore, invites online e-Tenders on Portal : **http://www.mptenders.gov.in** from experienced and eligible bidders having at least 8 years experience of working in Shear Wall Monolithic Technology with aluminum formwork in India or abroad and completed at least one building (G+8 floors) in Shear Wall Monolithic Technology with aluminum formwork in last 8 years, in India or abroad for construction of multistory residential complex based on R.C.C Monolithic Shear wall Technology, using aluminum form work, including all development works at 1st Battalion, S.A.F., Indore on Percentage Rate tender basis in three envelopes system (First envelope contains EMD, Second envelope contains Technical Bid and Third envelope contains Financial/Price Bid) as per the schedule given below :

Sr. No.	Name of District/Online Tender No.	Name of The Work	Probable Amount of Contract	Earnest Money Deposit	Cost of Tender Form	Time Period for Completion (Including rainy seasons)	Serial No. of Call
1.	Indore/ 2023_ MPPHC_ 313698	Construction of (96+480) High-rise Qtrs. 1st Battalion, S.A.F., Indore (M.P.) (Based on R.C.C. Monolithic Shear wall Technology, using aluminum form work) Including internal electrification, internal water supply, internal sanitary and complete site development consisting of Cutting/ Filling of Earth, Rainwater Harvesting, R.C.C. Road Work, Under Ground R.C.C. Water tank, Horticulture, Surface Parking, Drains, Boundary Wall, Entrance Gate, Diesel Generator Sets, Street Lights with Solar System, CCTV, Elevators, Fire Fighting & Fire Alarm System, etc complete in all respects as per directions of Engineer -in- Charge for "ready to move in" condition.	₹ 116.06 Cr.	₹. 50.00 Lakhs	₹. 50000/-	24 Months	3rd call

Tender documents and other details shall be available on Portal : **http://www.mptenders.gov.in**
Important dates for tender processing are as under :-
1. **Document Download/Sale End Date** : **07-Oct-2023, 05:00 PM**
2. **Bid Submission End Date** : **07-Oct-2023, 05:00 PM**
3. **Bid Opening Date** : **09-Oct-2023, 10:00 AM**

M.P. Madhyam/112324/R-49157/2023

PROJECT ENGINEER

वर्ष 40, अंक 40 02.10.2023 से 08.10.2023

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurniman.in

- प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकलन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

स्वच्छता में निरंतर कीर्तिमान स्थापित करता मध्यप्रदेश

देश की हृदयस्थली मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। प्रदेश ने बीते दो दशकों में विकास से जुड़े कई प्रतिमान स्थापित किये हैं। कभी बीमारू राज्य कहे जाने वाले मध्यप्रदेश को अब स्मार्ट राज्य होने का गौरव प्राप्त है। यह सब कुछ संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान की प्रेरणा और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान से। स्वच्छ भारत अभियान की रैंकिंग में उत्साह बढ़ाने वाली सफलताएं प्राप्त करने के बाद अब प्रदेश ने स्मार्ट सिटी से संबंधित श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त करके अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। विगत दिनों देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जब पुरस्कारों की घोषणा की तो स्मार्ट सिटी से संबंधित दो श्रेणियों में इंदौर और मध्यप्रदेश ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। इंदौर को देश की सबसे स्मार्ट सिटी होने का पुरस्कार मिला, वहीं मध्यप्रदेश को देश का सबसे स्मार्ट राज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही अपनी विरासत को सहेजने के लिये भोपाल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार विकसित एवं समृद्ध प्रदेश के साक्षी हैं। एक समय में बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझता मध्यप्रदेश अब विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। यह केवल इंदौर शहर के नागरिकों के लिए गौरव की बात नहीं है कि देश का सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ ही अब वह सबसे स्मार्ट शहर भी है, यह समूचे मध्यप्रदेश के लिए आनंद की बात है। इंदौर के नागरिकों से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। आज इंदौर शीर्ष स्थान प्राप्त कर रहा है, तो उसके पीछे केवल प्रशासनिक मशीनरी की सक्रियता नहीं है, बल्कि नागरिक बोध एवं दायित्वों का भी सबसे बड़ा योगदान है। इंदौर के नागरिकों ने स्वच्छता को अपना कर्तव्य बना लिया है। अपने शहर की प्रगति के लिए प्रत्येक नागरिक संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने कहा था कि हर आदमी को अपना सफाईकर्मी होना चाहिए और बापू की इन पंक्तियों को आचरण में उतारा है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने। प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता को एक मिशन बना लिया और खुद हाथों में झाड़ू लेकर निकले तो उनसे प्रेरणा लेकर पूरे देश ने झाड़ू लेकर स्वच्छता को जन आंदोलन बना दिया। मध्यप्रदेश के लिये यह दोहरी उपलब्धि का अवसर है। एक तरफ जहां प्रदेश ने स्वच्छता में पुरस्कार प्राप्त किये हैं। वहीं, पर्यटन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पुरस्कार मिले हैं। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय की बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने फिर शीर्ष स्थान हासिल किया गया है। प्रदेश के पन्ना जिले के ग्राम मडला और सीधी जिले का खोखरा ग्राम 2023 के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चुने गए हैं। प्रदेश में रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन का संचालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश जिस दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है उससे आने वाले समय में और अधिक उपलब्धियां प्राप्त होना सुनिश्चित है।

मॉलिक्यूल के अंतर को जांच सकेगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मेथड

पृथ्वी से बाहर जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों की टीम निरंतर काम कर रही है। विभिन्न देशों की एजेंसियों के मिशन मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा, बृहस्पति जैसे ग्रहों की जांच परख में जुटे हैं। सबसे ज्यादा खोज मंगल ग्रह पर हो रही है। वहां अतीत में पानी की मौजूदगी का अंदेशा है। लेकिन जीवन की संभावनाओं का पता अब तक नहीं चल पाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, स्पेस एजेंसियां जिन स्पेसक्राफ्ट को दूसरे ग्रहों पर भेज रही हैं, उनमें लगे सेंसर वहां जीवन की मौजूदगी बताने वाले मॉलिक्यूल्स का पता लगाने की क्षमता रखते हैं। हालांकि ये मॉलिक्यूल्स वक्त के साथ खराब हो जाते हैं। ऐसे में मौजूदा तकनीक कई बार नाकाफी साबित होती है। रिपोर्ट के अनुसार अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बेस्ड एक नई मेथड को विकसित किया गया है। यह मॉलिक्यूल पैटर्न में छोटे से अंतर को भी भांप सकती है। लाखों साल पुराने सैंपलों को भी यह अच्छे से जांच सकती है और 90 फीसदी एक्यूरेसी के साथ रिजल्ट देने में सक्षम है। भविष्य में इस एआई सिस्टम को अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले रोबोटों पर लगाया जा सकता है। इस सिस्टम को चांद, मंगल ग्रह और बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा पर जाने वाले स्पेसक्राफ्ट में भी जोड़ा जा सकता है। इस मेथड से जुड़ा रिसर्च पेपर नेशनल अकेडमी ऑफ साइंसेस में पब्लिश हुआ है।

रिसर्चर्स की टीम ने करीब 134 सैंपलों के साथ मशीन लर्निंग एल्गोरिदम को ट्रेनिंग दी। टीम ने 59 जैविक और 75 अजैविक सैंपलों का इस्तेमाल किया। एआई मेथड से दांतों, हड्डियों, इंसान के बाल, कोयला, तेल आदि से बने जीवाश्म के टुकड़ों में प्रिजर्व किए गए जैविक नमूनों की पहचान कर ली गई। इंस्ट्रूमेंट ने लैब में बनाए गए अजैविक सैंपलों को भी पहचान लिया। इस एआई मेथड को ऑस्ट्रेलिया में चल रही एक रिसर्च में इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर वहां यह सफलतापूर्वक काम कर जाती है, तो भविष्य में अंतरिक्ष में इसे यूज करने की उम्मीद बढ़ जाएगी।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

गांधी जयंती - 2 अक्टूबर

गांधी जी के सपने को पूरा कर रहा है स्वच्छ भारत अभियान

स्वस्थ और समृद्ध भारत के लिये गांधी जी ने स्वच्छता को स्वतंत्रता आंदोलन में जोड़ा था उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर गंदी बस्तियों में सफाई आरंभ की और लोगों को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। इसी बात को आगे बढ़ाया प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने। उनके संकल्प और आह्वान से मानो सभी प्रांतों में स्वच्छता की एक स्पर्धा आरंभ हो गई जिसमें मध्यप्रदेश एक अग्रणी प्रांत के रूप में उभरा। स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है और स्वास्थ्य है तो समृद्धि है यह वाक्य भारतीय वाड्मय में जीवन का सिद्धांत रहा है। गंदगी से उत्पन्न रोग केवल शरीर को ही अस्वस्थ नहीं बनाते अपितु मन को भी बनाते हैं। कमजोर शरीर मन को भी निराश बनाता है कमजोर शरीर और निराश मन से कोई व्यक्ति, समाज या राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता इसलिए प्रगति और समृद्धि के लिये स्वच्छता सबसे पहली सीढ़ी मानी गई है। भारतीय इतिहास के विवरण में स्वच्छता पर सर्वाधिक जोर दिया गया था। शरीर, घर आंगन ही नहीं गली मोहल्लों की सफाई, कुएं, तालाबों नदियों की सफाई के तरीके भारतीय साहित्य में भरे पड़े हैं, लेकिन मध्यकाल की उथल पुथल से पूरी जीवनशैली तहस-नहस हो गई थी और समाज मानो गरीबी और गंदगी के नारकीय जीवन में धंसता चला गया। इस बात को गांधी जी ने समझा और उन्होंने अपने विभिन्न अभियानों के साथ सफाई को भी जोड़ा। गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से लौटकर सीधे स्वतंत्रता आंदोलन से नहीं जुड़ गये थे पहले उन्होंने पूरे भारत की यात्रा की, लोगों से मिले और भारत की समस्याओं एवं उनके समाधान का आकलन किया। इसलिए गांधी जी ने अपने जीवन में जितना संघर्ष अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के लिये किया उससे कहीं अधिक भारतीयों में सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और मानसिक चेतना जगाने के लिये किया। गांधी जी जब भारत लौटे तब देशवासी महामारी से जूझ रहे थे भूख और गरीबी थी सो अलग इसलिये उन्होंने जीवन की आत्मनिर्भरता पर जोर दिया यदि आबादी का अनुपात देखें तो तब भारत का नगरीयकरण केवल दस प्रतिशत था नब्बे प्रतिशत जनसंख्या का संबंध गांव से था और अर्थव्यवस्था में लगभग इतना ही अनुपात कृषि और वनोपज का था इसलिये उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ग्राम स्वराज एवं कुटीर उद्योग पर जोर दिया। उनका स्पष्ट मत था कि कमजोर और बीमार तन मन से कृषि और उद्योग की सफलता संभव नहीं है इसके लिये समाज का स्वस्थ और सक्रिय होना आवश्यक है और इसका आधार स्वच्छता है गांधी जी के इस कथन का सत्यापन हम अपने आसपास देखकर कर सकते हैं। कितने कीट, पतंगे, मच्छर मक्खी और अन्य बैक्टीरिया केवल गंदगी से पैदा होते हैं और हमें बीमार बना देते हैं। यदि हम सफाई रखेंगे तो मानकर चलिये कि अस्सी प्रतिशत बीमारियों पर काबू पा सकेंगे।

स्वतंत्रता के बाद की विभिन्न सरकारों ने स्वच्छता और गंदी बस्ती उन्मूलन की नीतियां बनाई पर वे योजनाएं कोई अभियान का रूप न ले सकीं। पतंगे, अनुभवों से सबक लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को एक आंदोलन के रूप में चलाया और इसमें निरन्तरता बनाये रखने के लिये कुछ ऐसे कार्यक्रम घोषित किये जिससे विभिन्न प्रांतों और नगरों के बीच स्वच्छता के अभियान ने एक स्पर्धा का स्वरूप ले लिया। श्री मोदी जी ने अपना पद संभालते ही 2 अक्टूबर, 2014 को इस अभियान की शुरुआत की। वे गांधी जयंती पर गांधी जी की ही भांति झाड़ू लेकर निकले और लोगों से सहभागिता का आह्वान किया।

स्वच्छता अभियान की शुरुआत

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत बनाने के अपने अभियान की शुरुआत दिल्ली के इंडिया गेट से की। उन्होंने हाथ में झाड़ू लेकर न केवल गांधी जी की भांति स्वयं झाड़ू लगाई अपितु एक प्रतिज्ञा समारोह भी आयोजित किया इसमें देश भर के लगभग 50 लाख लोगों ने भाग लिया। इनमें अधिकांश सरकारी कर्मचारी थे श्री मोदी जी ने इस अवसर पर राजपथ से झंडी दिखा कर एक पदयात्रा भी रवाना की जिसमें काफी दूर तक वे स्वयं भी चले। स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री जी ने 2019 तक का लक्ष्य निर्धारित किया। 2019 गांधी जी की 150वीं जयंती पर अपनी सर्वोत्तम श्रद्धांजलि दे सकते हैं।' श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने 'न गंदगी करेंगे, न करने देंगे' का मंत्र भी दिया। श्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया और उनसे यह अनुरोध किया वो अन्य लोगों को इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्वयं रुचि लेकर इस स्वच्छता अभियान को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। यह दो चरणों में आरंभ हुआ पहले चरण में नगरीय क्षेत्र में और दूसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में आरंभ हुआ। इस अभियान की शैली कुछ ऐसी थी कि यह केवल आह्वान अथवा औपचारिक भर नहीं रहा अपितु जनसामान्य के बीच उनरदायित्व का भाव जागा और प्रत्येक नागरिक स्वच्छता कार्य में सक्रिय रूप से जुड़ गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं आगे रहकर इसे पूरे भारत में फैलाया। उन्होंने दिल्ली के बाद वाराणसी में भी स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंगा नदी के निकट घाट पर फावड़ा चलाया। उनके साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी सहभागी बने। जन चेतना और सहभागिता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष स्वच्छता पखवाड़ा आरंभ किया जो प्रतिवर्ष 15 सितम्बर से दो अक्टूबर तक रहता है।

श्री मोदी जी ने अपना अभियान केवल घर आंगन, गली मोहल्ले की स्वच्छता तक सीमित नहीं रखा। इसके साथ खुले में शौच करने के वातावरण को भी बदलने का बीड़ा उठाया। चूंकि खुले में शौच करना न केवल मानवीय गरिमा के विपरीत है अपितु खुले में पड़ी इस गंदगी से बीमारी के कीट, पतंगें और बैक्टीरिया भी जन्म लेते हैं। प्रधानमंत्री जी ने खुले में शौच रोकने के लिये हर घर में शौचालय की योजना बनाई। असंभव सा लगने वाले इस कार्य को पूरा करने के लिये ग्रामीण क्षेत्र में एक जन आंदोलन चलाकर पूरा किया गया। इसे दुनिया का सबसे बड़ा परिवर्तन कार्यक्रम माना गया है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्प शक्ति और उनके आह्वान पर समाज में आई चेतना का परिणाम था।

मध्यप्रदेश ने बनाया कीर्तिमान

देश भर में चले इस स्वच्छ भारत अभियान में मध्यप्रदेश ने अनेक कीर्तिमान बनाये। नगरों ने स्वच्छता की स्पर्धा जीती और ग्रामों ने समय से पहले अपने लक्ष्य पूरे किये। इसका कारण मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की व्यक्तिगत रुचि थी। प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता अभियान 2014 में आरंभ किया था पर मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पहले कार्यकाल से ही नदियों और तालाबों की सफाई से इसकी शुरुआत कर दी थी वे स्वयं विभिन्न नगरों के नदियों, तालाबों में फावड़े लेकर निकले और सफाई आरंभ की थी। इससे पूरे प्रदेश में चेतना जागी और जब प्रधानमंत्री जी का स्वच्छ भारत अभियान आरंभ हुआ तो मानो प्रदेशवासी इसकी प्रतीक्षा ही कर रहे थे। मध्यप्रदेश ने केवल नगरों और गांवों की स्वच्छता में अग्रणी रहा अपितु सूखे और गीले कचरे निपटान में भी रिकॉर्ड बनाये। खुले में शौच रोकने, अपशिष्ट का सुरक्षित प्रबंधन एवं निपटान के जो लक्ष्य 2019 तक थे वे 2017 के अंत तक लगभग पूरे कर लिये गये थे। इस अभियान के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले घरों में शौचालयों और छोटे बच्चों के लिये अतिरिक्त शौचालयों का निर्माण हुआ। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों को बारह हजार रुपये का अनुदान भी दिया गया। समग्र स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के हर स्कूल में शौचालय बने, इंदौर नगर ने स्वच्छता अभियान में लगातार छह वर्षों तक देश में प्रथम स्थान बनाया।

शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश का प्रदर्शन पश्चिम जोन में अच्छा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश को उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलों में प्रथम स्थान भोपाल और तृतीय स्थान इंदौर को मिला है। प्रदेश को गंदे पानी के प्रबंधन के लिए सुजलाम अभियान के पहले चरण में प्रथम और दूसरे चरण में चौथा स्थान मिला है।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में आरंभ किये स्वच्छ भारत अभियान का जो स्वरूप अब उभर कर आया इसकी कल्पना लगभग सौ वर्ष पहले गांधी जी ने की थी। देश की स्वतंत्रता प्राप्त करना जितना संघर्षमय होता है उससे कहीं अधिक उस स्वतंत्रता को बनाये रखने के लिये पुरुषार्थ करना आवश्यक होता है। इसके लिये स्वस्थ तन और मन की आवश्यकता है जिसका आधार स्वच्छता है। वर्ष 2014 के स्वच्छता अभियान के बाद भारत जैसे-जैसे आगे बढ़ा वैसे-वैसे विश्व में भारत का सम्मान और समृद्धि भी बढ़ी, जो इस अभियान की उपयोगिता और महत्व का स्पष्ट प्रमाण है।

रमेश शर्मा

(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार और स्तम्भकार हैं।)

कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश

मोती बंगला, कम्पाउण्ड एम.जी. रोड, इंदौर-452007
दूरभाष क्रमांक - 0731-2547031
ई-मेल : commissioner.ho@mptax.mp.gov.in

विभागीय विज्ञप्ति

क्रमांक-वाक/18/2010/4-ए/तीन/स्था./513 — इंदौर, दिनांक : 19.09.2023

वाणिज्यिक कर निरीक्षक/कराधान सहायक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा-2023

वाणिज्यिक कर विभाग में मध्यप्रदेश अधीनस्थ कराधान सेवा (तृतीय श्रेणी कार्यपालिक) भर्ती नियम, 2007 एवं इन नियमों में समय-समय पर किये गये संशोधनों यथा मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 15 दिसम्बर 2008, दिनांक 29 जनवरी 2010, दिनांक 17 अक्टूबर 2011, 13 जनवरी 2015, 26 अगस्त 2019 एवं 20 जुलाई 2023 में वर्णित अर्हताएं रखने वाले कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर एवं उसके अधीनस्थ कार्यालयों के लिपिक वर्गीय सेवा में पदस्थ/कार्यरत कर्मचारियों से वाणिज्यिक कर निरीक्षक/कराधान सहायक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

महत्वपूर्ण निर्देश

आवेदन पत्र भरने संबंधी आवश्यक निर्देश -

1. आवेदन पत्र दिनांक 05.10.2023 (समय प्रातः 11.30 बजे) से **दिनांक 20.10.2023** (समय रात्रि 11.59) तक **www.mponline.gov.in** पर भरे जा सकते हैं।
2. आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी तरह के किसी भी प्रकार का मैन्युअल अथवा डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आयु की गणना

1. आयु की गणना 01 जनवरी, 2023 के संदर्भ में की जायेगी।
2. आयु की गणना हेतु वही जन्मतिथि मान्य होगी, जो अभ्यर्थी की 10वीं (High School) की अंकसूची में अंकित है। अतः अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में उक्त अंकसूची में उल्लेखित नाम पिता का नाम तथा जन्मतिथि का ही उल्लेख करें।
3. शासन के पत्र क्रमांक 1855/584/2022/I/पांच भोपाल, दिनांक 26.07.2023 अनुसार आयु सीमा में छूट केवल वर्ष 2023 में आयोजित होने वाली परीक्षा में ही मिलेगी।

शुल्क संबंधी निर्देश

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड इंटरनेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत केयोस्क के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरकर परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करेगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भुगतान का विवरण तथा "Payment Done" स्पष्टतः उल्लेखित है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक का ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किए जायेंगे। शुल्क विवरण इस प्रकार है :-

परीक्षा शुल्क	अनारक्षित(आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)	1020/-
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) एवं दिव्यांगजन	510/-
ऑनलाइन आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन को शुल्क रुपए 50/- + जीएसटी देय होगा।		

2. विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र में विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्त आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को भली-भांति दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन पश्चात ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश/आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं है।
3. आवेदन शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य किसी राशि का भुगतान नहीं करना है यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है अथवा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में कोई समस्या आती है तो नीचे दर्शाए गए दूरभाष नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं :-

हेल्पलाइन नं. 0755-6720200

त्रुटि सुधार संबंधी निर्देश :-

1. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 06.10.2023 से 21.10.2023 (रात्रि 11.59 बजे) तक ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार 50/- रुपये + जीएसटी शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी त्रुटि सुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। ध्यान रखें कि अभ्यर्थी के नाम में कोई त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा।

शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव -

1. वाणिज्यिक कर निरीक्षक हेतु -

i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि
ii. आयुक्त वाणिज्यिक कर कार्यालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में विगत पांच (05) वर्षों तक लिपिकवर्गीय सेवा में लगातार कार्य कर रहा हो।

2. कराधान सहायक हेतु -

i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में स्नातक की उपाधि
ii. आयुक्त, वाणिज्यिक कर कार्यालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में विगत पांच (05) वर्षों तक लिपिकवर्गीय सेवा में लगातार कार्य कर रहा हो।

नोट :- आवेदक के पास अर्हतायें आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक होना चाहिए।

चयन का आधार -

ऑनलाइन परीक्षा	ऑनलाइन परीक्षा, एम.पी. ऑनलाइन, भोपाल द्वारा आयोजित की जायेगी। परीक्षा एक ही दिवस में दो पालियों में होगी। कुल दो प्रश्न पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्न पत्र 150-150 अंकों का होगा, जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। ऑनलाइन परीक्षा में सफल होने के लिए प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों को प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे।
गोपनीय चरित्रावली	ऑनलाइन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर उनकी विगत 05 वर्षों की चरित्रावली का मूल्यांकन नियुक्ति अधिकारी द्वारा गठित की जाने वाली विभागीय चयन समिति द्वारा मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 20 जुलाई, 2023 में दिये गये निर्देशानुसार किया जाएगा।

परीक्षा नियम/निर्देश आदि :-

1. चयन/परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जो भी संशोधन/निर्देश प्रदान किए जाएंगे, उन सभी संशोधनों/निर्देशों को चयन परिणाम में शामिल करके चयन परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
2. चयन/परीक्षा के संबंध में यदि भर्ती नियम, आयु एवं आरक्षण संबंधी संशोधन शासन द्वारा किए जाते हैं तो इस संबंध में यथा समय संशोधित सूचना जारी करने के उपरांत शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो विभाग को चयन परिणाम सुधारने का पूर्ण अधिकार होगा।

वाणिज्यिक कर विभाग के लिपिक वर्गीय सेवा में पदस्थ/कार्यरत कर्मचारियों से वाणिज्यिक कर निरीक्षक/कराधान सहायक के रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला मध्यप्रदेश में प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला सहायक की भर्ती हेतु विज्ञापन-2023

शुद्धिपत्र (Corrigendum)

मध्यप्रदेश पुलिस अंतर्गत राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला में प्रयोगशाला तकनीशियन तथा प्रयोगशाला सहायक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाने हेतु माह अगस्त 2023 में विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन के बिन्दु क्र. 12 में विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण स्वरूप का सविस्तार उल्लेख किया गया है। विज्ञापन के बिन्दु क्र.2 में पदों की दी गई तालिका में त्रुटि होने के कारण विज्ञापन के आरक्षण संबंधित बिन्दु क्र. 12 अनुसार पदों में आरक्षण हेतु संशोधित तालिका निम्नानुसार जारी की जाती है।

2. पदों का विवरण :-

(i) प्रयोगशाला तकनीशियन -

	UR	OBC	ST	SC	EWS	Total
Open	3	3	3	2	1	12
EX Serv (10%)	1	1	0	0	0	2
Female (33%)	2	2	1	1	1	7
Total	6	6	4	3	2	21

(ii) प्रयोगशाला सहायक

	UR	OBC	ST	SC	EWS	Total
Open	4	3	2	3	1	13
EX Serv (10%)	1	1	1	0	0	3
Female (33%)	3	2	2	1	1	9
Total	8	6	5	4	2	25

भोपाल, दिनांक 22.09.2023 — **उप पुलिस महानिरीक्षक (चयन/भर्ती)**
जी-20076/49121/2023 — **पुलिस मुख्यालय, भोपाल**

क्र.	पदनाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					कुल रिक्तियों में से महिलाओं हेतु आरक्षित पदों की संख्या					दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या			कुल पद
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	LD	VH	HH	
01	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	27	15	19	25	09	09	05	06	08	03	02	02	02	95
02	कराधान सहायक	33	19	24	33	12	11	06	08	11	04	03	02	02	121

टीप - अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संदर्भ में प्रचलित याचिका के अनुक्रम में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 द्वारा चयन परिणाम मुख्य भाग 87% तथा प्रावधिक भाग 13% के आधार पर जारी किया जाना है। मुख्य भाग 87 प्रतिशत तथा प्रावधिक भाग 13 प्रतिशत का पद विभाजन निम्नानुसार रहेगा :-

वाणिज्यिक कर निरीक्षक	रिक्त पदों की संख्या					कुल पदों में से महिलाओं के लिए आरक्षित पद					कुल
	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	
अ. रिक्त पदों की संख्या	27	15	19	25	09	09	05	06	08	03	95
ब. मुख्य भाग 87% (14% ओबीसी पदों) के आधार पर रिक्त पदों का विवरण।	27	15	19	13	09	05	05	06	04	03	83
स. प्रावधिक भाग 13% (ओबीसी पदों) के आधार पर रिक्त पदों का विवरण।	12 कारणिक	-	-	12	-	04 कारणिक	-	-	04	-	12

कराधान सहायक	रिक्त पदों की संख्या					कुल पदों में से महिलाओं के लिए आरक्षित पद					कुल
	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	
अ. रिक्त पदों की संख्या	33	19	24	33	12	11	06	08	11	04	121
ब. मुख्य भाग 87% (14% ओबीसी पदों) के आधार पर रिक्त पदों का विवरण।	33	19	24	17	12	06	06	08	06	04	105
स. प्रावधिक भाग 13% (ओबीसी पदों) के आधार पर रिक्त पदों का विवरण।	16 कारणिक	-	-	16	-	05 कारणिक	-	-	05	-	16

Abbreviations : UR - Unreserved, SC- Scheduled Caste, ST - Scheduled Tribe, OBC - Other Backward Classes, EWS - Economically Weaker Sections, LD - Locomotor Disability, VH - Visual Handicapped, HH - Hearing Handicapped.

आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय निम्न निर्देशों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये -

1. उक्त उल्लेखित पदों हेतु अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता/पात्रता/आयु सीमा का बंधन व भर्ती का तरीका वही रहेगा जो वाणिज्यिक कर विभाग में मध्यप्रदेश अधीनस्थ कराधान सेवा (तृतीय श्रेणी कार्यपालिक) भर्ती नियम, 2007 एवं इन नियमों में समय-समय पर किये गये संशोधनों यथा मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 15 दिसम्बर 2008, दिनांक 29 जनवरी 2010, दिनांक 17 अक्टबर 2011, 13 जनवरी 2015, 26 अगस्त 2019 एवं 20 जुलाई 2023 में वर्णित है।
2. नियमानुसार अपेक्षित अर्हताओं व आयु सीमा आदि की पात्रता न रखने वाले कर्मचारी सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे। पात्रता न रखने वाले आवेदकों के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं निरस्त होने की स्थिति में उन्हें पृथक से कोई सूचना नहीं दी जायेगी।
3. जो कर्मचारी ''मध्यप्रदेश अधीनस्थ कराधान सेवा (तृतीय श्रेणी कार्यपालिका) भर्ती नियम, 2007'' के नियम 6(1)(ग) तथा नियम 12-क में उल्लेखित प्रावधानों के तहत एवं नियमों की अनुसूची-पांच में उल्लेखित एवं समय-समय पर संशोधित स्कीम के प्रावधानांतर्गत अपेक्षित समस्त अर्हताओं की पूर्ति रखते हैं तथा वाणिज्यिक कर निरीक्षक व कराधान सहायक दोनों पदों के लिए विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, ऐसे कर्मचारी अपने आवेदन में आवेदित पदों की प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए अपना विकल्प (Option) आवेदन पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित करें।
4. उक्त पदों हेतु इच्छुक/पात्र कर्मचारी आवश्यक अर्हतायें, आयु सीमा, नियम/निर्देश/शर्तें, परीक्षा योजना, पात्रता, अनर्हता, पाठ्यक्रम एवं पदों के आरक्षण संबंधी विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mponline.gov.in, www.mptax.mp.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

विशेष आयुक्त
जी-20094/49122/2023 — **वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश**

कार्यालय संयुक्त संचालक
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण
सागर संभाग सागर

दूरभाष/फैक्स क्रमांक - 07582-223524, Email - pswsag@mp.nic.in

क्रमांक/स्था./2023/2691 **सागर, दिनांक : 27.09.2023**

संक्षिप्त विज्ञप्ति

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जिला सागर के लिये कुल 05 पदों पर एक वर्ष की संविदा अवधि पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन की **अंतिम तिथि दिनांक 06.10.2023 सायं 05.30 तक** (अवकाश के दिनों को छोड़कर) जमा करना होगा। समयावधि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवेदन मान्य नहीं होगा। पदों की योग्यताएं,शर्तें एवं मानदेय नीचे दर्शाये अनुसार है :–

क्र.	पद का नाम	पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	निर्धारित मानदेय
1.	सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट/ ऑक्यूपेशन थेरापिस्ट	फिजियोथेरेपिस्ट 01 अनिवार्य योग्यता बीपीटी ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट 01 अनिवार्य योग्यता बीओटी औचित्य - पीटी और ओटी दोनों पूरी तरह से अलग-अलग विषय हैं और दोनों की दिव्यांगता पुनर्वास में बहुत महत्वपूर्ण और अलग-अलग भूमिकाएं हैं	20,500/-
2.	सीनियर स्पीच थेरापिस्ट/ ऑडियोलॉजिस्ट	ऑडियोलॉजी और स्पीच एंड लैग्वेज पैथोलॉजी (बीएएसएलपी) में स्नातक या बी.एससी. स्पीच एंड हियरिंग	20,500/-
3.	हियरिंग असिस्टेंट जूनियर स्पीच थेरापिस्ट (ईयर मोल्ड टेक्नीशियन)	श्रवण यंत्रों की जानकारी/मरम्मत/कर्ण मोल्ड बनाने के साथ वाक् एवं श्रवण में डिप्लोमा स्पीच एंड हियरिंग तकनीशियन पात्रता हियरिंग लैंग्वेज और स्पीच में डिप्लोमा (डीएचएलएस) ईयर मोल्ड तकनीशियन पात्रता हियरिंग एंड रिपेयर और ईयर मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (डीएचएआरईएमटी)	16,000/-
4.	वेकेशनल काउंसलर कम कम्प्यूटर असिस्टेंट	व्यावसायिक पुनर्वास में डिप्लोमा (डीबीआर) बाल मार्गदर्शन और परामर्श में एडवान्स डिप्लोमा एडीसीजीसी पुनर्वास विज्ञान में स्नातक	14,500/-
5.	अटेंडेंट कम ड्यून मेसेन्जर	8वीं पास	9,500/-

आवश्यक शर्तें :–

1. यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए होगी एवं बिना सूचना के किसी भी समय समाप्त की जावेगी।
2. आयु एवं अन्य नियम राज्य सरकार के लागू होंगे।
3. नियुक्ति जिला दिव्यांग समिति द्वारा की जावेगी।
4. भर्ती प्रक्रिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
5. आवेदन निर्धारित प्रारूप में पासपोर्ट साइज का फोटो स्वयं प्रमाणित, अंकसूची की प्रतियां, आयु, शैक्षणिक योग्यता, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति एवं एक स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा जिस पर रु. 25/- का डाक टिकिट के साथ भेजें।
6. संविदा चयन का आधार अर्हताकारी योग्यता और अनुभव की मेरिट के आधार पर रहेगा। दस्तावेज सत्यापन हेतु जिला प्रबंधन समिति द्वारा तिथि निर्धारित की जावेगी। आवेदक को दस्तावेज सत्यापन में शामिल किये जाने की सूचना आवेदकों के पत्राचार पते पर पंजीकृत डाक द्वारा दी जावेगी। आवेदक के समान अंक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जायेगी।
7. सत्यापन में उपस्थित आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा व्यय नहीं दिया जावेगा।
8. एक आवेदक एक ही पद के लिए आवेदन करें।
9. जिला पुनर्वास केन्द्र/अन्य विभाग में पूर्व में पदस्थ कर्मचारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।
10. दिनांक 01.01.2002 के पश्चात जिन आवेदकों की 2 से अधिक संतानें होंगी वे भर्ती हेतु पात्र नहीं होंगे।
11. निर्धारित योग्यता से कम योग्यता वाले आवेदन पत्र एवं शर्तें पूर्ण न होने की स्थिति में आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।
12. आर.सी.आई. के जीवित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
13. अन्य नियम व शर्तें शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मान्य होंगी।
14. उक्त पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधान से मुक्त होंगे।
15. उक्त पद पूर्णतः अशासकीय हैं। शासन पक्ष के विरुद्ध न्यायालय में कोई प्रकरण प्रस्तुत करने की स्थिति शून्य मानी जायेगी।
16. नियुक्ति में पात्र पाये जाने पर 15 दिवस में चरित्र सत्यापन रिपोर्ट एवं मेडिकल बोर्ड का मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
17. मेडिकल प्रमाण पत्र एवं चरित्र सत्यापन रिपोर्ट अयोग्य पाये जाने पर बिना सूचना के नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।
18. नियुक्त व्यक्ति के शैक्षणिक एवं अन्य अर्हतायें संबंधी प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटी पाए जाने पर सेवायें समाप्त कर दी जावेंगी।
निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किए जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-20568/49151/2023 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छिन्दवाड़ा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं. 27/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2441 रीवा, दिनांक : 15.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. शासकीय मॉडल उ.मा.वि. पुष्परासगढ़, जिला-अनूपपुर में सी.एम. राईज स्कूल भवन (मॉडल नं.-2) का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2023_ PWPIU_ 309355_1	अनूपपुर	2582.73	1291365/-	50000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	--

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट **वेबसाइट https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेटिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.09.2023 समय 10.00 AM से **दिनांक 04.10.2023** समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)

जी-20155/49119/2023 **लोक निर्माण विभाग, अनूपपुर (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 15/ब.ले.लि./2023-24 **भोपाल, दिनांक : 21.09.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि
1.	2023_ PWDRB_ 310120_1	बी.टी. नवीनीकरण एवं अन्य कार्य मैन रोड नं. 2 (भारत माता चौराहा से NH-12 M.P.M.D.R. 23.14) लो.नि.वि. भोपाल	प्रथम आमंत्रण	488.48	488480/-
2.	2023_ PWDRB_ 310121_1	जेल उपसंभाग क्र.-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत केन्द्रीय जेल के यूनिट 'अ' एवं 'ब' के शासकीय आवासगृहों में ए.आर./एस.आर./ अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट का कार्य।	द्वितीय आमंत्रण	21.00	42000/-
3.	2023_ PWDRB_ 310122_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-16 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/ सीवेज/डिपाजिट कार्य।	द्वितीय आमंत्रण	47.00	50000/-
		योग :–		**556.48**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 03.10.2023 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री

जी-20244/49124/2023 **नया भोपाल संभाग लो.नि.वि., भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. : 07582-220840, ईमेल आईडी. : cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं. -20/2023-24/केन्द्रीकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 21.09.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. मोकलपुर चौराहे से महखेरा जागीर मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 9.20 कि.मी.।

पोर्टल टेंडर क्र.	निविदा आमंत्रण क्रमांक	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (लाख रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2023_ PWDRB_ 310274_1	प्रथम आमंत्रण	सागर	1249.07	1000000/-	30000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट **वेबसाइट https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेटिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 22.09.2023 समय 10.30 बजे से **दिनांक 06.10.2023** समय 5.30 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता

जी-20142/49118/2023 **लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

पात्र बहनों को दिलवाएं रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा - मुख्यमंत्री

भोपाल, सस्ते दाम पर रसोई गैस उपलब्ध करवाने का कार्य पूरी तन्मयता से परिश्रमपूर्वक किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र बहनों को यह सुविधा उपलब्ध हो सके। हितग्राहियों को शीघ्र ही राशि अंतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं। जिस तरह जिला स्तर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया गया उसी टीम भावना से रियायती रसोई गैस सिलेंडर री-फिलिंग योजना की सुविधा का लाभ दिलवाने का कार्य किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर से प्रदेश में रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बहनों के पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने इस कार्य की जिलावार जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहनों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के परिपालन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संबंधित एजेंसियों, आयल कंपनियों और स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर निर्धारित कार्यवाही की जा रही है। बहनों को गैस कंपनी से विक्रय दर पर सिलेंडर लेने के पश्चात अंतर की राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि कम दाम पर रसोई गैस की सुविधा मिलने से लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।

राष्ट्रपति ने जबलपुर में किया हाईकोर्ट एनेक्सी भवन का शिलान्यास

न्याय इतना महंगा न हो कि आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाये

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जबलपुर में हाईकोर्ट के एनेक्सी भवन का शिलान्यास करती हुई

जबलपुर, न्याय इतना महंगा नहीं हो कि वह आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाये। इसलिए सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिये संस्था और अधिवक्ताओं के समूह को आगे आना चाहिए। ये बातें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जबलपुर में बनने वाले हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

- **जबलपुर में 460 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा हाईकोर्ट एनेक्सी भवन।**
- **यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा परिपूर्ण।**

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हाईकोर्ट का भवन 134 वर्ष पुराना है। तकनीकी रूप से हाईकोर्ट भवन को सर्वसुविधायुक्त और सक्षम बनाना समय की मांग है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि विवादों के वैकल्पिक समाधान सस्ते व सुलभ कैसे हों इस पर विचार करें। अदालतों में लंबित प्रकरणों के कारण तथा छोटे-मोटे अपराध के कारण जो जेल में बंद हैं उन पर विचार करें और पंच परमेश्वर की धारणा अनुसार विवादों का निपटारा करें। मध्यस्थता से विवादों के निपटारे को समाज में व्यापक समर्थन मिलता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि टेक्नोलॉजी से आज देश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। न्याय क्षेत्र में भी प्रगति हुई है। इसमें ई-कोर्ट व्यवस्था विश्वसनीय साबित हुई है। न्याय प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये टेक्नोलॉजी के प्रयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि कोर्ट न्याय का मंदिर होता है जहाँ निष्ठा के साथ लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जहां नि:शुल्क कानूनी सलाह की व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का संस्काराधानी के साथ न्यायधानी के नागरिकों की ओर से स्वागत किया और कहा कि यह हर्ष का विषय है कि 134 वर्ष पुराने भवन के साथ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एनेक्सी भवन का शिलान्यास किया जा रहा है। भवन में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखा गया है।

भोपाल में 25 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा एक्वा पार्क एवं अनुसंधान केंद्र

भोपाल, जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार मत्स्य-पालकों के कल्याण के लिये कटिबद्ध, वचनबद्ध और प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश मत्स्य-पालन में अग्रणी है और मछुआरों के क्रेडिट-कार्ड बनाने में देश में प्रथम है। प्रदेश का बालाघाट जिला मत्स्य-उत्पादन में देश में प्रथम है। मछुओं के कल्याण के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना बनाई है और योजना का सफल क्रियान्वयन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में किया जा रहा है।

श्री सिलावट ने भदभदा मत्स्य प्रक्षेत्र भोपाल में 25 करोड़ की लागत से लगभग 4 एकड़ भूमि पर बनने वाले एक्वा पार्क एवं अनुसंधान केंद्र का भूमिपूजन किया। केन्द्र के वित्तीय सहयोग से जलीय जीवों के प्रदर्शन, उनके जीवन अध्ययन और इससे संबंधित पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक्वा पार्क की स्थापना की जा रही है।

पत्रकार सुरक्षा कानून समिति

पत्रकार श्री महेश श्रीवास्तव सदस्य नामांकित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के संबंध में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति में वरिष्ठ पत्रकार श्री महेश श्रीवास्तव राज्य शासन द्वारा सदस्य नामांकित किए गए हैं। यह समिति पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में देश में प्रचलित प्रावधानों का अध्ययन कर अपना प्रतिवेदन दो माह में प्रस्तुत करेगी। पिछले दिनों भोपाल में आयोजित पत्रकार समागम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिये समिति गठित करने की घोषणा की थी। अपर मुख्य सचिव गृह विभाग को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

समाज में बदलाव लाने के लिए काम कर रही है सरकार

सीहोर, राज्य सरकार लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिये संकल्पबद्ध है। प्रदेश को परिवार मानकर चिंता करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर के भैरूंदा के ग्राम मण्डी में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन तथा लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने 312 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने 21 से 23 वर्ष की अविवाहित बहनों को भी लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित करने की बात करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से बहनों को घर परिवार के साथ ही समाज में भी सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि मैंने बहनों को पैसे ही नहीं, सम्मान भी दिलवाया है। लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाली राशि से अब बहनें अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर रही हैं। लाड़ली बहना योजना के तहत एक हजार रुपये प्रति महीने मिलने वाली राशि को अब 1250 रुपये कर दिया गया है। हर लाड़ली बहना को 250 रुपये के मान से बढ़ाते हुए 3 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

- **मुख्यमंत्री ने 190 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीप अंबर सिंचाई परियोजना कॉम्प्लेक्स फेज-2 का किया भूमिपूजन।**
- **इस परियोजना से 26 गांवों की 13 हजार 457 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित।**

श्री चौहान ने कहा कि किसान भाइयों को प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 6 हजार रुपये दिए जाते हैं, अब प्रदेश सरकार की ओर से भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 6 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। किसानों को सालाना 12 हजार रुपये की राशि मिल रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों को आवास नहीं मिल पाए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों को नि:शुल्क राशन दिया जा रहा है।

वायुसेना ने प्रदेश सरकार को लड़ाकू विमान तेजस का मॉडल भेंट किया

भोपाल, भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल श्री विभाष पांडे एओसी-इन-सी अनुरक्षण कमान ने विधानसभा भवन में प्रदेश सरकार को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस का 1:3 स्केल मॉडल उपहार स्वरूप भेंट किया। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने प्रदेश सरकार की ओर से तेजस के मॉडल को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश को वायुसेना पर गर्व है। मध्यप्रदेश सरकार वायुसेना द्वारा दिये गये उपहार को वर्ष-2023 में वायुसेना द्वारा वायुसेना दिवस के उपलक्ष्य में की जा रही फ्लाय पास्ट के स्मृति-चिन्ह के रूप में सदैव सहेज कर रखेगी।

हर घर तक नियमित जल सप्लाई योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें - श्री शुक्ल

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जल भवन में जल जीवन मिशन एवं विभागीय कार्यों की प्रदेश स्तरीय समीक्षा में निर्देश दिये कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शुद्ध नल-जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये नियमित मॉनीटरिंग करें। नवीन कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन के साथ कार्यरत योजनाओं का सुचारु संचालन-संधारण महत्वपूर्ण है। इसके लिये स्थानीय एवं तकनीकी समस्याओं के दृष्टिगत कार्ययोजना बनाएं। जल सप्लाई संबंधी सुविधा के संचालन की वस्तुस्थिति के लिए फीडबैक मैकेनिज्म तैयार किया जाये। संचालन संधारण के लिये उत्तरदायित्व तय किए जाएं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा-शक्ति और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन का तीव्र क्रियान्वयन हुआ है। अब तक प्रदेश के 65 लाख 46 हजार ग्रामीण घरों में नल-जल की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला बधाई का पात्र है। उन्होंने आशा व्यक्त की शीघ्र ही प्रदेश के हर घर में गुणवत्तापूर्ण और नियमित जल सुविधा पहुंचेगी। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय जन-प्रतिनिधियों और ग्रामीण जन को धैर्य से सुना जाए एवं उनके निराकरण के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएं।

जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए

मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग के दो युवा नौकरी के लिए जायेंगे जापान

भोपाल, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना से पिछड़ा वर्ग के 2 युवाओं को जापान में नौकरी करने का मौका मिला है। यह युवक प्रदेश के छोटे कस्बों के हैं।

नर्मदापुरम जिले की तहसील सोहागपुर के ग्राम रेवावनखेड़ी के सौरभ कुमार विश्वकर्मा और छिंदवाड़ा जिले की तहसील चौरई के ग्राम माचीबाड़ा के दीनदयाल सनोडिया का जापान के ओसाका शहर में नौकरी के लिए चयन हुआ है।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग ने हाल ही में पिछड़ा वर्ग के युवाओं को विदेश में नौकरी देने के लिए अभिनव योजना शुरू की है। योजना के अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं। सौरभ और दीनदयाल बताते है कि उन्होंने योजना में चयन होने के बाद भोपाल के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र में जापानी भाषा का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद इन्होंने जापान सरकार द्वारा ली जाने वाली लेंग्वेज परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया। इसके बाद इन युवाओं को जापान की नियोक्ता कंपनी की मांग अनुसार विशेष कौशल में प्रशिक्षित किया गया।

योजना में पहले चरण के बैच में 30 उम्मीदवारों में से 24 उम्मीदवारों ने जापान सरकार द्वारा ली जाने वाली लेंग्वेज परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इन युवाओं को भी नौकरी के लिए जापान भेजने की विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

उदयपुरा में नर्मदा नदी पर बनेगा नया ब्रिज और देवरी में खुलेगा कॉलेज

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले के उदयपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करते हुए

रायसेन, रायसेन जिले के उदयपुरा क्षेत्र में जनकल्याण और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। रायसेन जिले के देवरी, उदयपुरा और बरेली क्षेत्र के लिए दो-दो करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। उदयपुरा में नर्मदा नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। इसके साथ ही उदयपुरा में एसडीएम कार्यालय प्रारंभ होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरी में कॉलेज प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के समय कार्य अवरुद्ध हुए किन्तु अब प्रत्येक क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के कार्य हो रहे हैं। जिन सिंचाई परियोजनाओं का

- **मुख्यमंत्री ने चिंकी बैराज और बौरास बैराज परियोजना का किया भूमिपूजन।**
- **रायसेन जिले की नगर पंचायत बरेली को नगर पालिका बनाया जायेगा।**

भूमिपूजन हुआ है उनसे 3 लाख 26 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। रायसेन के साथ ही नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जिले के कुल 441 ग्राम लाभान्वित होंगे। छह हजार करोड़ से अधिक के लोकार्पण और शिलान्यास किए गए। चिंकी बैराज और बौरास बैराज परियोजना की लागत 5839 करोड़ रुपये है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नहर से पानी न जाने की स्थिति में पाइप लाइन के माध्यम से किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य संभव होगा। किसानों की खेती सिंचित होने से उत्पादन बढ़ेगा। अब ऊंची नीची जमीन पर पानी पहुंचाना आसान हो गया है। नागरिकों की तकलीफें दूर की जा रही हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए लैपटॉप, स्कूटी जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजनाओं से छूटे लोगों को नई आवास योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। किसानों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। पूर्व सरकार ने किसानों को कोई राहत नहीं दी। सिंचाई क्रांति किसानों की जिंदगी बदलने का कार्य करेगी। एमबीबीएस के लिए नीट परीक्षा देने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को 5 प्रतिशत आरक्षण देकर लाभान्वित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रदाय योजनाओं का किया जाए बेहतर संधारण - मुख्यमंत्री

भोपाल, ग्रामीण अंचलों में जल-प्रदाय योजनाओं के बेहतर संधारण पर जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निरंतर नजर रखने के निर्देश दिये गए हैं। अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर कार्यों की निगरानी भी करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश जल निगम के संचालक मंडल की 23वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि जल निगम के साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्य-क्षेत्र में नागरिकों से सतत संवाद स्थापित किया जाये। नुक्कड़ नाटक और अन्य प्रचार गतिविधियों से नागरिकों में पानी की बचत, जल-प्रदाय योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए उनके बेहतर रख-रखाव और जन-सहयोग से बाधा रहित जल-प्रदाय को सुनिश्चित करने के लिए भी प्रभावी प्रयास किये जायें।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन की गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। बैठक में जल निगम द्वारा परियोजना और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली की वर्तमान स्थिति के अध्ययन, आकल्पन, विकास कार्यान्वयन, वार्षिक रख-रखाव और सेवा के लिए अपनाई गई प्रक्रिया और समूह जल-प्रदाय योजनाओं के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई के चयन संबंधी कार्य की जानकारी दी गई।

सिकल सेल रोग में होम्योपैथी दवाई कारगर

भोपाल, मध्यप्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में पाये जाने वाले सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय होम्योपैथी चिकित्सालय और महाविद्यालय शोध कार्य कर रहे हैं। इन जनजाति समूह में रोग से बचाव के लिये होम्योपैथी दवाई कारगर साबित हो रही है।

भोपाल के शासकीय होम्योपैथी अस्पताल ने जनजातीय क्षेत्रों में बैगा और भारिया समुदाय में शोध कार्य किया है। प्रदेश के 4 डिंडोरी, मंडला, छिन्दवाड़ा और शहडोल जिलों में इन समुदाय के 23 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के बाद पॉजिटिव पाये गये चिन्हित मरीजों को होम्योपैथी दवाई दी गई। दवाई का यह प्रभाव रहा कि वे अब कम बीमार पड़ते हैं। जिन रोगियों को शरीर में दर्द और खून की कमी की शिकायत थी, वे अब अच्छा महसूस कर रहे हैं। अभी तक 8 हजार से अधिक रोगियों को होम्योपैथी दवाई दी जा चुकी है। जिन मरीजों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन बार-बार होता था, उनमें भी कमी आई है। होम्योपैथी अस्पताल द्वारा सिकल सेल में शोध कार्य किया जा रहा है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन, एम्स भोपाल, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच जबलपुर लगातार सहयोग कर रहे हैं। अनुसंधान और रोगियों के इलाज के अलावा शासकीय होम्योपैथी अस्पताल द्वारा चिन्हित किये गये मरीजों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मीडिया प्रतिनिधियों के कल्याण की योजनाएं स्वीकृत

भोपाल, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली सम्मान निधि 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये की जायेगी। सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी/पति को एकमुश्त 8 लाख रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिये सामान्य बीमारियों के लिये आर्थिक सहायता प्रावधान 20 हजार से बढ़ाकर 40 हजार रुपये और गंभीर बीमारियों के लिये 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जायेगा। आयकर वाली शर्त को भी हटाया गया है। ये निर्णय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गए। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गए अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने पूर्व में लागू मध्यप्रदेश में अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋण पर ब्याज अनुदान योजना को संशोधित कर नवीन योजना 'अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण एवं शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना 2023' को स्वीकृत किया। नई योजना में अधिकतम ऋण राशि सीमा 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये की गयी है।
- मंत्रिपरिषद ने यह निर्णय भी लिया कि 'मध्यप्रदेश संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना' में पत्रकारों से वर्ष 2022-23 के लिये भारित प्रीमियम दर के अनुसार ही इस वर्ष भी प्रीमियम राशि ली जायेगी। बीमा कंपनी द्वारा बढ़ाए गये प्रीमियम की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता (शहरी सुधार कार्यक्रम) से प्रदेश में मास्टर प्लान की सड़कों के लिये नवीन पूंजीगत योजना 'कायाकल्प द्वितीय चरण (मास्टर प्लान की सड़कें) योजना' की तीन वर्षों के लिये स्वीकृति दी गई है।
- योजना का क्रियान्वयन केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाली विशेष केन्द्रीय सहायता राशि से किया जायेगा। वर्ष 2023-24 के लिए 1200 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने 'जल जीवन मिशन' का क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये जाने का अनुमोदन किया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा देश में आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र में निवेश को और आकर्षक बनाये जाने के उद्देश्य से निवेश नीति 2016 के स्थान पर नवीन नीति मध्यप्रदेश आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन 2023 का अनुमोदन किया गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला जबलपुर में नवीन तहसील पोंडा के सृजन की स्वीकृति दी गई है।
- नवीन तहसील पोंडा के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 02, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5 पद शामिल हैं।
- जिला जबलपुर में नवीन तहसील कटंगी के सृजन की स्वीकृति दी गई है।
- नवीन तहसील कटंगी के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार, दफ्तरी, बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य 05 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला मऊगंज में नवीन तहसील देवतालाब के सृजन की स्वीकृति दी गई है।
- जिला मऊगंज में नवीन तहसील देवतालाब के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये हैं। इसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4 सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला ग्वालियर में नवीन तहसील पिछोर के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नवीन तहसील पिछोर के कुशल संचालन के लिये कुल 20 पद स्वीकृत किये गये हैं। इसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार के 2, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4 सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 3, जमादार, दफ्तरी, बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 6 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला मुरैना में नवीन अनुविभाग पोरसा के गठन की स्वीकृति दी गई है। नवीन अनुविभाग पोरसा के कुशल संचालन के लिये कुल 12 पद स्वीकृत किये गये है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का 1, स्टेनो टायपिस्ट का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 3, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा श्रम विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री संबल खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना को लागू किया गया है। योजना अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर संबल परिवार के सदस्यों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर 50 हजार रुपये और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर 25 हजार रुपये प्रदान किये जाएंगे।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में टेक्सटाइल पार्क के निर्माण के लिये भारत सरकार को प्रेषित प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया है। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत ग्राम भैंसोला जिला धार में पी.एम. मित्रा पार्क की स्थापना का अनुमोदन दिया गया है। पार्क के लिये चिन्हित 1563 एकड़ भूमि एवं आवश्यक होने पर पार्क के विकास हेतु एवं आवश्यक अनुषांगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए पार्क से लगी हुई अर्जित/हस्तांतरित भूमि को भारत सरकार के शर्तों के अनुरूप SPV को उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।
- पी.एम. मित्रा पार्क भैंसोला तहसील बदनावर जिला धार की स्वीकृति में निहित शर्तों के अनुरूप एस.पी.व्ही. के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें भारत सरकार का अंश 49 प्रतिशत एवं राज्य शासन का अंश 51 प्रतिशत रहेगा। एस.पी.व्ही. में राज्य शासन के अंश की राशि विभागीय बजट से उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पीएम मित्रा पार्क के लिये विद्युत वितरण लाइसेंस की स्वीकृति प्रदान की गई है। एस.पी.व्ही. को पी.एम. मित्रा पार्क भैंसोला तहसील बदनावर जिला धार में विद्युत प्रदाय हेतु एमपीपीएमसीएल से एवरेज पॉवर परचेज कॉस्ट (एपीपीसी) पर बिजली खरीदने की अनुमति प्रदान की गई है। पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को प्रचलित औद्योगिक संवर्धन नीति अनुसार सुविधाएं एवं सहायता दिये जाने का अनुमोदन दिया गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के राजपत्रित अधिकारियों के लिये अधिसमय वेतनमान की स्वीकृति दी गई है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि मध्यप्रदेश के ग्राम कोटवारों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत वृद्धि की जाए।
- मंत्रिपरिषद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा महाविद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुपालन में विभाग में कार्यरत अतिथि विद्वानों के संबंध में प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

जनजातीय विद्यार्थियों को 'सक्षम' से मिलेगी जीवन कौशल शिक्षा

भोपाल, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग डॉ. पल्लवी जैन गोविल और मैजिक बस के ग्लोबल सी.ई.ओ. श्री जयंत रस्तोगी ने 'सक्षम' कार्यक्रम के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये। प्रदेश स्तरीय 4 वर्षीय 'सक्षम' प्रशिक्षण में 20 जनजातीय बाहुल्य जिलों के 89 विकासखंड के जनजातीय विद्यार्थियों को 21वीं सदी के जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रदेश के 9 हजार शासकीय विद्यालयों के लगभग 18 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित कर लगभग 10 लाख जन-जातीय विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

- **सक्षम प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों और 53 विकासखंडों को किया गया शामिल।**
- **दूसरे चरण में 89 जनजातीय विकासखंडों को किया जायेगा शामिल।**

प्रमुख सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों में जीवन कौशल शिक्षा के प्रशिक्षण और क्षमता को निखारने की अत्यंत आवश्यकता है। इससे वे जीवन के विभिन्न पहलुओं को आत्म-विश्वास के साथ सफलता प्राप्त कर बेहतर समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकेंगे। अपर आयुक्त डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि इस 'सक्षम' कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को जब मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा तो उन पर नई जिम्मेदारियाँ होंगी। वे शिक्षा के नए परिदृश्य स्थापित करने के लिए ध्वज-वाहक के रूप में इस कार्यक्रम में अपने नवाचार और प्रतिभा का इस्तेमाल करेंगे।

'सक्षम' प्रशिक्षण के तहत जनजातीय विद्यार्थियों को स्व-जागरूकता, अनुकूलन क्षमता, समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, समझौता वार्ता, निश्चयात्मकता, संवाद, आत्म-प्रबंधन, सहानुभूति, सहयोगात्मकता और रचनात्मकता जैसे 11 जीवन कौशल की रोचक तरीके से शिक्षा दी जाएगी।

रीवा में स्थापित होगा रामानुजाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में विंध्य क्षेत्र से आए आचार्यगणों को संबोधित करते हुए

भोपाल, रीवा जिले में रामानुजाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही संस्कृत विद्यालयों में कर्मकाण्ड की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी की जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय समत्व भवन में विंध्य क्षेत्र से आये आचार्यगणों को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. देवेंद्र प्रसाद मिश्र की पुस्तक 'यजुर्वेद में वैश्विक चिंतन तथा नंदकुमार चरितम्' महाकाव्य का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से ही संतों का साथ मिलता है। मुख्यमंत्री निवास पधारे आचार्यगण के सान्निध्य से मन आनंद से भर है। राज्य शासन विकास और जनकल्याण के कार्य तो करता ही है पर इसके साथ ही प्रदेशवासियों का जीवन सही दिशा में चले इसकी चिंता करना भी सरकार का दायित्व है। इस दायित्व निर्वहन में आचार्यगण महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। प्रदेश में महाकाल महालोक का निर्माण, आदि गुरू शंकराचार्य की प्रतिमा की स्थापना से प्रदेश में अद्भुत अलौकिक वातावरण निर्मित हुआ है। वसुधैव कुटुम्बकम् और सभी प्राणियों में सद्भाव के विस्तार के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। संस्कृत एवं संस्कृति का सम्मान तथा उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है।

जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि जब संस्कृत, संक्रमण के दौर से गुजर रही थी तब विंध्य क्षेत्र ने संस्कृत को संरक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किया। रीवा में संस्कृत परिषद के लोग क्षेत्र में संस्कृत पर केंद्रित संस्थान स्थापित करने के लिए लगातार सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री की पहल पर संस्कृत के संरक्षण के हुए कार्य अद्भुत हैं। विंध्य क्षेत्र में संस्कृत को समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।

कार्यक्रम में डॉ. अंजनी प्रसाद पाण्डेय, पं. रामायण प्रसाद तिवारी, डॉ. रामगरीले द्विवेदी, डॉ. प्रभाकर शंकर चतुर्वेदी, श्री योगेन्द्र द्विवेदी, डॉ. प्रेमलाल पाण्डेय, डॉ. कृष्णकुमार पाण्डेय, श्री रामबिहारी शर्मा, श्री गणेश प्रसाद द्विवेदी, डॉ. रामगोविन्द द्विवेदी, डॉ. सत्यजीत पाण्डेय, डॉ. नर्मदा प्रसाद शर्मा, डॉ. बाबूलाल त्रिपाठी, डॉ. राजीव लोचन त्रिपाठी, श्री अंजनी शास्त्री, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, श्री माण्डवी शरण त्रिपाठी, श्री कीर्ति कुमार त्रिपाठी, श्री आकाश मिश्रा, डॉ. दीनानाथ श्री सन्तोष कुमार त्रिपाठी, डॉ. नीरज शर्मा, श्री अरुण मिश्रा, श्री कौशलेश मिश्रा, श्री अखिलेश शुक्ला, श्री विद्यावारिध तिवारी, श्री अमिताभ मिश्रा, श्री सतीश सिंह, डॉ. धनेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, डॉ. प्रवीण शर्मा, श्री आचार्य गंगाधर, श्री आचार्य विनय त्रिपाठी, श्री राजीवन शुक्ल, आचार्य प्रशान्त शुक्ल तथा श्री सोम कार्तिक तिवारी उपस्थित थे।

रायसेन जिले की महिला पंचायत पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

रायसेन, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली एवं अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 'She is a Change-maker' विषय पर रायसेन जिले की ग्राम पंचायतों की महिला जन-प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 27 सितंबर को क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत प्रशिक्षण केंद्र भोपाल में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन के श्री अमित खरे ने स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं संवहनीय आजीविका में ग्राम पंचायतों की भूमिका के बारे में बताया। श्रीमती ऋचा मिश्रा, वरिष्ठ सलाहकार (एआईजीसीपी) ने नेतृत्व कौशल विषय पर चर्चा की।

डॉ. सुप्रभा पटनायक, प्रमुख सलाहकार तथा संस्थान के सलाहकार श्री गौरव खरे, श्री भागवत अहिरवार एवं श्री अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए।

रायसेन जिले की महिला सरपंचों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और राष्ट्रीय महिला आयोग एवं सुशासन संस्थान का आभार व्यक्त किया।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 ...

उन्होंने कहा कि शहरों में एनर्जी एफीसियेंसी के लिए ग्रीन बिल्डिंग्स तथा रिन्यूएबल एनर्जी पर जोर दिया जा रहा है लेकिन इन क्षेत्रो में और अधिक व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सतत् विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

स्वच्छता को बनाया जन आंदोलन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सब गौरवान्वित हैं कि मध्यप्रदेश को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य होने का तमगा हासिल हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन में सपनों को हकीकत में बदलने का काम किया गया है। सपनों का और सफाई का सिरमौर इंदौर अव्वल रहने का आदी है। श्री चौहान ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता मिशन की शुरूआत की। समूचे देश ने उनका साथ दिया। हमें भी इसे जनआन्दोलन बनाया। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य और यहां के पांच शहरों को 10 पुरस्कार मिलना हम सबको गौरवान्वित कर रहा है।

इंदौर-भोपाल के बाद जबलपुर में भी मेट्रो ट्रेन ...

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार सभी के विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से बहनों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास से छूट गई बहनों के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में पक्के मकान बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धरती पर माफियाओं को पनपने नहीं दिया जायेगा। सरकार ने प्रभावी कार्यवाही कर भू-माफियाओं से 23 हजार एकड़ सरकारी जमीन मुक्त कराई है। इस पर मल्टी स्टोरी मकान बनाकर गरीबों को दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री जी की घोषणाएं

- 100 करोड़ रुपये की लागत से जियोलॉजिकल पार्क।
- 48 करोड़ रुपये की लागत से रियल साइंस सेंटर बनेगा।
- वीरांगना रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना।
- 100 करोड़ की लागत से रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक।
- बरेला को तहसील तथा मझगवां को नगर पंचायत बनाया जायेगा।

पीड़ित मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका महत्वपूर्ण - जनसंपर्क मंत्री

रीवा, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रीवा के द्वितीय तल में खनिज न्यास मद से 7.63 लिफ्ट बेल एवं 37.40 लाख रुपये से बनाये गये निर्माण कार्य का लोक स्वास्थ्य एवं जनसंपर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोकार्पण किया। रेडक्रॉस भवन के द्वितीय तल में ब्लड बैंक, सेपरेशन यूनिट तथा डायलिसिस यूनिट की स्थापना की जायेगी।

जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका महत्वपूर्ण है। रेडक्रॉस भवन में ब्लड सेपरेशन यूनिट के लग जाने से एक यूनिट ब्लड को अलग-अलग कर जरूरतमंद मरीजों को सुविधा मिलेगी। यूनिट की स्थापना बड़ी उपलब्धि है। रीवा में समाज सेवा के क्षेत्र में जागरूकता सकारात्मक सोच रखने वाले लोग बड़ी संख्या में रक्तदान करते हैं। रीवा चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यहां बड़े-बड़े अस्पतालों के यूनिट आने वाले हैं जिससे रीवा मेडिकल हब बन जायेगा और जटिल से जटिल रोगों का उपचार हो सकेगा। उन्होंने रेडक्रॉस में सेवाभाव से जुड़े प्रबुद्धजनों को बधाई दी और कहा कि रेडक्रॉस के प्रयासों से ही दिव्यांगजनों की पूरी तरह से मदद हो रही है। सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि रेडक्रॉस सेवा का माध्यम है। यहां जो लोग जुड़े हुए हैं वह पूरी ऊर्जा से समय व अनुभव का लाभ दे रहे हैं। खनिज न्यास मद से रीवा जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में काफी लाभ मिला है। इस मद से सड़कों व विद्यालयों का निर्माण भी किया गया है। ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिए एक सौगात है। उन्होंने डायलिसिस की स्थापना में अपनी तरफ से सहयोग का आश्वासन दिया।

मध्यप्रदेश में

पहला बायो-टेक्नोलॉजी पार्क जावद के आमलीभाट एवं बरखेड़ा में बनेगा

भोपाल, मध्यप्रदेश का पहला बायो-टेक्नोलॉजी पार्क नीमच जिले में जावद के आमलीभाट एवं बरखेड़ा गांव में आकार लेगा। हाल ही में मध्यप्रदेश कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि लगभग 40 एकड़ भूमि में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पार्क अनुसंधान के साथ विकास का एक बड़ा केन्द्र तो होगा ही उद्योगों के लिए तकनीकी हस्तांतरण से लाखों रोजगार सृजन का संवाहक भी होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शीघ्र ही पार्क का भूमिपूजन करेंगे।

- **बायो-टेक्नोलॉजी पार्क में अनुसंधान और विकासात्मक गतिविधियों को दिया जाएगा बढ़ावा।**
- **इस पार्क में 8 उच्चस्तरीय प्रयोगशालाएं की जाएंगी स्थापित।**

श्री सखलेचा ने पार्क को नीमच के साथ ही पूरे प्रदेश के उद्योगों, नव उद्यमियों आदि के लिए सौगात बताते हुए कहा कि पार्क की स्थापना भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की योजना में की जा रही है। संभवतः देश का यह 9वां पार्क शोध आधारित विकास की तकनीकी उपलब्ध करवाएगा। पार्क की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बायो-टेक्नोलॉजी में नवीन अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देना है, जिसके लिये 8 उच्च-स्तरीय प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी। इनमें फाइटोफार्मास्यूटिकल और ड्रग डिस्कवरी प्रयोगशाला, हर्बल फॉर्म्यूलेशन, पादप ऊतक संवर्धन, गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन, माइक्रोबियल बायो-टेक्नोलॉजी, आणविक जीव विज्ञान, जैव सूचना और फोर्टिफाइड फूड प्रयोगशाला शामिल हैं।

जैव तकनीकों के व्यवसायीकरण में भी यह बायोटेक पार्क अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पार्क से प्रदेश के इनक्यूबेटीज, उद्यमियों एवं नवाचारों को स्टार्ट-अप के लिए तैयार किया जाएगा जिससे इनक्यूबेशन सेंटर और पार्क के माध्यम से बायोटेक क्षेत्र में व्यवसाय शुरू कर सकेंगे। बायोटेक पार्क मुख्य रूप से सूक्ष्म और मध्यम प्रकार के बायोटेक उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार मंच होगा, जिसमें पार्क और बायोटेक इनक्यूबेशन सेंटर सार्वजनिक उपक्रम की भागीदारी के माध्यम से बायोटेक स्टार्ट-अप एवं उद्यमी बायोटेक उत्पाद की कंपनी शुरू कर सकें। पार्क के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा तथा यह रोजगार के अनेक अवसर भी प्रदान करेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बिल्किस मीर

एशियाई खेलों में पहली बार भारतीय महिला जज बनीं

श्रीनगर की पूर्व कयाकिंग और कनोइंग खिलाड़ी बिल्किस मीर को हांगझोउ में हो रहे एशियाई खेलों में फिनिशिंग लाइन जज बनाया गया है। यह श्रेय पाने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं। मीर कयाकिंग, कनोइंग और कनेोए फर्राटा स्पर्धाओं में फिनिश पाइंट पर मुख्य जज रहेंगी।

राष्ट्रीय सिनेमा दिवस

13 अक्टूबर को मनाया जाएगा

मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने घोषणा की है कि इस साल 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस मनेगा। इसे प्रतिवर्ष इसी तारीख को मनाया जाएगा। इस दिन देशभर के सिनेमा घरों में सिर्फ 99 रुपये प्रति व्यक्ति की दर पर लोग फिल्म देख सकेंगे। पीवीआर, मिराज और डिलाइट सहित चार हजार से ज्यादा स्क्रीन्स राष्ट्रीय सिनेमा दिवस समारोह में हिस्सेदारी करेंगे।

रिवर मैराथन

लंदन की टेम्स नदी में आयोजित

ब्रिटेन के लंदन में टेम्स नदी पर ग्रेट रिवर रेस का आयोजन किया गया। इसे रिवर मैराथन के नाम से जाना जाता है। करीब 37 किलोमीटर लंबी इस मैराथन की शुरुआत 1988 से प्रतिवर्ष सितंबर माह में की जाती है। इस रेस में अब 300 से ज्यादा पारंपरिक लोग पारंपरिक पैडल बोट के साथ शामिल होते हैं। इस आयोजन के दौरान टेम्स नदी रंग-बिरंगी नजर आती है।



अमृता शेरगिल की

'द स्टोरी टेलर' नीलाम

मशहूर चित्रकार अमृता शेरगिल की द स्टोरी टेलर वैश्विक नीलामी में 61.8 करोड़ रुपए में बिकने के बाद किसी भारतीय की सबसे महंगी कलाकृति बन गई है। शेरगिल की 1937 की कलाकृति 'द स्टोरी टेलर' सैफ्रन आर्ट के इवनिंग सेल : मार्डन आर्ट में हुई नीलामी में बेची गई। इस नीलामी में एमएफ हुसैन, वीसी गायतोंडे, जैमिनी राय और एफएस सुजा सहित विभिन्न कलाकारों की 70 से अधिक कलाकृतियां पेश की गई।

इंडियन आर्मी टीम

माउंट कांग यात्से पहुंची

आठ भारतीय आर्मी 'गनर्स' की एक पर्वतारोहण टीम ने माउंट कांग यात्से-द्वितीय (6223 मीटर) के शिखर पर पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है। यह अभियान आर्मी माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट सियाचिन के तत्वावधान में पूरा हुआ।

सिदकदीप सिंह

सबसे लंबे बालों वाले नाबालिग पुरुष

उत्तरप्रदेश के 15 वर्षीय सिदकदीप सिंह चहल ने सबसे लंबे बालों वाले नाबालिग (पुरुष) का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। चहल ने जन्म के बाद से अपने बाल नहीं कटवाए हैं और उनके बालों की लंबाई 146 सेंटीमीटर है। वे अपने बालों को हफ्ते में दो बार धोने, सुखाने और बनाने में एक घंटा लगाते हैं।

ऑस्ट्रिया में

स्वर्ग की सीढ़ी से गिरा शख्स

ऑस्ट्रिया के साल्सबर्ग में हवा में लटकी सीढ़ी से एक पहाड़ी पर चढ़ते समय ब्रिटेन का सैलानी 300 फीट नीचे गिर गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। डैचस्टीन पर्वत पर लगी ये सीढ़ी 'स्वर्ग की सीढ़ी' नाम से मशहूर है। दरअसल 12 सितंबर को 42 वर्षीय व्यक्ति बिना किसी गाइड के अकेले ही सीढ़ी चढ़ गया और फिसलने से उसकी मौत हो गई।

बेन्नू उल्कापिंड का सैंपल

सौरमंडल की पहेलियां सुलझाएगा

नासा का ऑसिरिसरेक्स यान बेन्नू नाम के उल्कापिंड के सैंपल लेकर पृथ्वी पर सकुशल लौट आया है। यान से जो सैंपल आए हैं उसे अब तक का सबसे बड़ा एस्टेरॉयड सैंपल माना जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह सैंपल सौरमंडल और एस्टेरॉयड से जुड़ी पहेलियों को सुलझाने में मददगार होगा। नासा ने यह मिशन 2016 में लॉन्च किया था। बेन्नू पृथ्वी और मंगल ग्रह के बीच सबसे बड़ा उल्कापिंड है। यह पृथ्वी से 7, 72, 61, 032 किलोमीटर दूर है।



डॉक्टर समीर शाह

भारतवंशी विशेषज्ञ समीक्षा समिति में शामिल

भारतीय मूल के विशेषज्ञ डॉक्टर समीर शाह को पिछले साल लीसेस्टर शहर में हुई झड़प की स्वतंत्र रूप से समीक्षा करने के लिए ब्रिटेन सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति में नामित किया गया है। दुबई में भारत-पाकिस्तान एशिया कप क्रिकेट मैच के बाद दो गुटों में यह झड़प हुई थी। शाह को विरासत और टेलीविजन की सेवाओं के लिए 2019 में दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा सीबीई (ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट कमांडर) सम्मान से सम्मानित किया गया था।

गूगल

डिजिटल समूह में चैटबॉट 'बार्ड' को जोड़ेगा

ओपन एआई और माइक्रोसॉफ्ट द्वारा संचालित चैटबॉट से प्रतिस्पर्धी खतरों को दूर करने के लिए गूगल अपने डिजिटल समूह में कृत्रिम मेधा आधारित 'चैटबॉट बार्ड' को पेश कर रहा है। गूगल के डिजिटल समूह में जीमेल, मैप्स और यू-ट्यूब जैसे कई ऐप शामिल हैं। बार्ड की विस्तारित क्षमताओं को अंग्रेजी एक्सपेंशन से प्रदान किया जाएगा, जो यूजर्स को चैटबॉट को जीमेल खातों की जानकारी लेने, गूगल मैप से जुड़ी जानकारी जुटाने और यू-ट्यूब पर उपयोगी वीडियो को ढूंढने की अनुमति देगा।

अभय करंदीकर

विज्ञान-प्रौद्योगिक सचिव बने

आईआईटी कानपुर के निदेशक अभय करंदीकर विज्ञान-प्रौद्योगिकी विभाग के नए सचिव होंगे। वह राजेश एस. गोखले का स्थान लेंगे। जिन्हें जुलाई में इस पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने करंदीकर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति का आदेश पत्र जारी कर दिया गया है।

ईरान

हिजाब न पहनने पर 10 वर्ष का कारावास

ईरान में महिलाओं ने यदि हिजाब न पहना या चुस्त कपड़े पहने तो उन्हें अब 10 वर्ष की जेल होगी। यह नियम पुरुषों पर भी लागू होंगे। जो पुरुष बगैर हिजाब पहनी महिलाओं को सामान बेचते हैं, तो उन्हें भी कड़ी सजा मिलेगी। ईरान की संसद ने एक विधेयक पारित किया है, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पहनने से इंकार करने वाली महिलाओं तथा उनका साथ देने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। 290 सदस्यीय संसद में 152 सांसद इसके पक्ष में थे।

रूपर्ट मर्डोक ने

फॉक्स और न्यूज कॉर्प से दिया इस्तीफा

मीडिया दिग्गज रूपर्ट मर्डोक ने 70 साल के लंबे कैरियर के बाद फॉक्स न्यूज और न्यूज कॉर्प के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। 92 वर्षीय रूपर्ट के बेटे लाचलान मर्डोक अब यह जिम्मेदारी संभालेंगे। रूपर्ट ने एक पत्र लिखकर अपने फैसले की यह जानकारी दी है।

शांति निकेतन

यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल

नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के घर शांति निकेतन को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है। पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले में स्थित शांति निकेतन में नोबल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने अपना अधिकांश जीवन बिताया था। टैगोर की जयंती पर यह घोषणा की गई। शांति निकेतन पश्चिम बंगाल को यूनेस्को विश्व धरोहर केंद्र की सलाहकार संस्था आईसीओएमओएस द्वारा विश्व धरोहर सूची में शामिल करने की सिफारिश की गई थी जिसके तहत यह घोषणा की गई है।

हांगकांग में

बारिश ने तोड़ा 139 साल का रिकॉर्ड

हांगकांग में आए शक्तिशाली तूफान के कारण हुई बारिश ने 139 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हांगकांग वेधशाला ने बताया, देश के अधिकांश क्षेत्रों में 70 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई। हांगकांग द्वीप पर ही 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। इस बारिश से द्वीप पर हुई 1884 में दर्ज बारिश का रिकॉर्ड भी टूट गया। प्राकृतिक संबंधी आपदाओं को नियंत्रण रखने एवं इससे बचाव के लिए निकासी सेवा विभाग (डीएसडी), राजमार्ग विभाग (एचवाईडी), गृह मामलों के विभाग संयुक्त रूप से बारिश से पीड़ित लोगों की सेवा को तत्पर रहे।

लंगफिश मेथूसेलाह

एक सौ एक साल की उम्रदराज अमेरिका में कैद

अमेरिका की लंगफिश मछली मेथूसेलाह को सबसे लंबे समय तक कैद में रहने वाली जीव माना जा रहा है। इसे 1938 में 230 और मछलियों के साथ ऑस्ट्रेलिया से लाया गया था। इसकी उम्र 101 साल मानी जा रही है, जो 85 साल से अमेरिका की कैद में है। 230 मछलियों में से यह आखिरी जिंदा मछली है।

थिएरी मथोउ

फ्रांस के नए राजदूत भारत पहुंचे

भारत में फ्रांस के नए राजदूत थिएरी मथोउ पदभार संभालने के लिए बैंकाक से नई दिल्ली पहुंचे। वह इमैनुएल लेनैन की जगह ले रहे हैं, जो चार साल तक भारत में फ्रांस के राजदूत रहे। नए राजदूत थिएरी ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसे 19वीं शताब्दी के प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार जूल्स माइकलेट ने दुनिया के मैट्रिक्स के रूप में वर्णित किया था। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्ष फ्रांस और भारत साझा विकास के रोडमैप को लागू करेंगे।

स्मृति शेष

बॉलीवुड फिल्म अभिनेता अखिल का निधन

सुपरहिट फिल्म थ्री इडियट्स के अभिनेता अखिल मिश्रा (लाइब्रेरियन दुबे) का 67 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने थ्री इडियट फिल्म में लाइब्रेरियन का किरदार निभाया था जो उनकी पहचान ही बन गया था। इसके अलावा उन्होंने अन्य फिल्मों, टेलीविजन धारावाहिकों में भी काम किया था।

प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट अजीत निनान का निधन

प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट अजीत निनान का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने इंडिया टुडे में कार्टून श्रृंखला ''सेंटरस्टेज'' और टाइम्स ऑफ इंडिया में 'निनन्स वर्ल्ड' से ख्याति प्राप्त की थी। बच्चों की पत्रिका 'टारगेट' का 'डिटेक्टिव मूंछवाला' भी उनके लोकप्रिय कार्टून चरित्रों में से एक थे।

प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता केजी जॉर्ज का निधन

पिछले 4 दशकों में 19 फिल्मों को बनाने वाले निर्माता केजी जॉर्ज का 77 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1975 में स्वप्नदानम के जरिए सिनेमा उद्योग में कदम रखा। इस फिल्म ने मलयालम में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1446

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक -555/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 22.09.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 09.10.2023 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_300372	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 37, 61, 84, 02, 08, 83 के सुधार हेतु कलपुर्जों का प्रदाय।	बालाघाट	2.74
2.	2023_WRD_300373	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 37, 61, 84, 02, 08, 83 जे.सी.बी. नं. 18, 19 का सुधार कार्य।	बालाघाट	2.34
3.	2023_WRD_300374	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 18, 01, 85 का कलपुर्जों का क्रय।	बालाघाट	0.92
4.	2023_WRD_300375	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 18, 01, 85 का सुधार का कार्य।	बालाघाट	1.56
5.	2023_WRD_300376	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 57, के कलपुर्जों का क्रय।	बालाघाट	0.40
6.	2023_WRD_300377	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 57, जे.सी.बी. नं. 20 का सुधार कार्य।	बालाघाट	1.11
7.	2023_WRD_300871	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 71, 04, 16, 21, 56 के कलपुर्जों का क्रय।	बालाघाट	1.52
8.	2023_WRD_300872	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 71, 04, 16, 21, 56 का सुधार कार्य।	बालाघाट	1.41
9.	2023_WRD_301207	लाइट मशीनरी एवं वि./यां. संभाग धार हेतु शौचालय निर्माण का कार्य।	धार	1.98
10.	2023_WRD_301877	संजय सागर मध्यम परियोजना, के डी.जी. रूम से डी-वाटरिंग मोटर पैनल रूम तक पॉवर केबल उपलब्ध कराने एवं बिछाने का कार्य।	भोपाल	3.46
11.	2023_WRD_301879	कलियासोत नहर के विभिन्न स्थानों पर एच.आर./सी.आर. नहर जलद्वार सुधार व मरम्मत कार्य।	भोपाल	2.17
12.	2023_WRD_301955	तवा बायीं तट मुख्य नहर के सी.आर.एच.आर. एवं स्केप गेटों का आईलिंग, ग्रीसिंग एवं कम्पाउंडिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	2.17
13.	2023_WRD_301957	बारना बांध बाड़ी के दायीं तट मुख्य नहर के डी-1 चैन क्र. 42 के गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम	0.70
14.	2023_WRD_301958	बारना बांध बाड़ी के बायीं तट मुख्य नहर के विभिन्न चैनेज पर स्थापित एच.आर.सी.आर. एवं स्केप गेटों का सुधार मरम्मत एवं सर्विसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	7.30
15.	2023_WRD_301960	बारना बांध बाड़ी के दायीं तट मुख्य नहर के विभिन्न चैनेज पर स्थापित एच.आर.सी.आर. एवं स्केप गेटों का सुधार मरम्मत एवं सर्विसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	6.91
16.	2023_WRD_301961	उपसंभाग भैंसदेही एवं आठनेर के 8 नग माईनर टेकों 23 नग नहर गेटों का सुधार मरम्मत एवं आईलिंग, ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	0.88
17.	2023_WRD_301964	घोड़ाडोंगरी उपसंभाग 3 नग माईनर टेकों के 18 नग नहर गेटों का सुधार मरम्मत एवं आईलिंग, ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	0.87
18.	2023_WRD_301965	मुलताई संभाग के 2 मिडियम टैंक एवं 3 नग माईनर टेकों के 39 नग नहर गेटों का सुधार मरम्मत एवं आईलिंग, ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	1.48
19.	2023_WRD_301966	उपसंभाग आमला एवं पट्टन के 24 माईनर टेकों एवं 1 मिडियम टैंक के 44 नग नहर गेटों का सुधार मरम्मत एवं आईलिंग, ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	1.96
20.	2023_WRD_301967	उपसंभाग बैतूल 1 नग माईनर टैंक के 4 नग नहर गेटों का मरम्मत एवं आईलिंग, ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	0.87
21.	2023_WRD_301968	तवा दायीं तट मुख्य नहर के चैन क्र. 1176, 1249 एवं 1350 के नहर जलद्वारों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.82
22.	2023_WRD_301969	तवा दायीं तट मुख्य नहर के चैन क्र. 196, 371, 457 एवं 587 के नहर जलद्वारों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.97
23.	2023_WRD_302709	सारों जलाशय के जलद्वार का पानी के अंदर के कार्यों सहित मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	रीवा	1.23
24.	2023_WRD_302710	सीधी जलाशय में स्लूस के पास निर्मित ग्रूव्स में फसे स्टाप लाग्स/शटर को पानी के अंदर के कार्यों सहित निकाले जाने का कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	रीवा	1.58
25.	2023_WRD_302713	अमरपाटन, मैहर एवं नागौद ब्लाक में स्थित 12 नग स्लूस/नहरों के जलद्वारों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	1.69
26.	2023_WRD_302716	कोका बांध के कैनाल वियर गेट का निर्माण एवं सीपन का कार्य।	रीवा	0.50
27.	2023_WRD_302962	सम्राट अशोक सागर परियोजना के दायीं तट नहर की लघु नहर आर.एम. 3 के आर.डी. 846 मी. से 1026 मी. की सी.सी.सी. लाइनिंग का कार्य।	विदिशा	3.64
28.	2023_WRD_302968	सम्राट अशोक सागर परियोजना की एस.बी.सी. की वितरिका क्र. 4 की आर.डी. 6540 मी. 7380 मी. एवं 1500 मी. से 1600 मी. पर मिट्टी भराव कार्य एवं पत्थर की ग्राउटेड पिचिंग कार्य।	विदिशा	4.95
29.	2023_WRD_304304	कलियासोत सिंचाई मध्यम परियोजना, भोपाल के एंट्रेस गेट का फेब्रिकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	3.48
30.	2023_WRD_304305	कलियासोत मध्यम परियोजना, भोपाल पर स्थित जनरेटर एवं कंट्रोल रूम के सामने कलर कोटेड प्रोफाईल शीट लगाने का कार्य।	भोपाल	2.71
31.	2023_WRD_304307	कंकरिया टैंक, नीलवेह टैंक एवं राजीव सागर डेम के विभिन्न सुधार व मरम्मत कार्य।	भोपाल	0.92
32.	2023_WRD_304308	वाहन क्र. एम.पी. 02 ए.व्ही. 6086 (टाटा जेस्ट) का सुधार व मरम्मत कार्य।	भोपाल	0.66
33.	2023_WRD_304309	वाहन क्र. एम.पी. 02 ए.व्ही. 2880 (टाटा मांजा) का सुधार व मरम्मत कार्य।	भोपाल	0.57
34.	2023_WRD_304310	वाहन क्र. एम.पी. 02 ए.व्ही. 5400 (मारूती सियाज) का सुधार व मरम्मत कार्य।	भोपाल	0.71
35.	2023_WRD_304658	विदिशा ग्यारसपुर एवं शमशाबाद के 51 नग स्टापडेम, बैराज कम काजवे और बैराजों के गेट बंद करने एवं खोलने का कार्य।	विदिशा	11.10
36.	2023_WRD_304744	गोपी कृष्ण सागर बांध का वि/यां. संबंधी कार्य।	भोपाल	1.13
37.	2023_WRD_304971	कोलार बांध, वीरपुर, 01 नग 33/0.433 के.वी. 250 के.वी.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	2.57
38.	2023_WRD_304973	जल संसाधन नरसिंहगढ़ कार्यालय परिसर के आंतरिक/बाहरी एवं विविध विद्युत संबंधी कार्य।	भोपाल	16.80
39.	2023_WRD_304974	कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग भोपाल हेतु फोटोकॉपी कार्य।	भोपाल	19.99
40.	2023_WRD_305845	सालाबर्रू तालाब की दांयी तट नहर की आर.डी. 3300 मीटर से 4800 मीटर तक मिट्टी एवं आर.डी. 3340 मीटर पर ड्रेनेज साईफन का निर्माण कार्य।	रायसेन	19.93
41.	2023_WRD_305846	सालाबर्रू तालाब की दाँयी तट नहर की आर.डी. 3850 मीटर पर क्रास ड्रेनेज का निर्माण कार्य।	रायसेन	7.81
42.	2023_WRD_305882	तवा आर.बी.सी. के अंतर्गत हाथनाबाद के चैन क्र. 249 के सी.आर. एवं एच.आर. गेट के मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	9.45
43.	2023_WRD_305883	तवा बांध के तिगरा उपसंभाग के सी.एच. 943 में सी.आर. एवं एच.आर. गेट का मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	0.68
44.	2023_WRD_305885	तवा आर.बी.सी. के चैन क्र. 1064 पर तवा पी.बी.सी. के सी.आर. का मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	5.55
45.	2023_WRD_305886	तवा बांध के इमपुर उपसंभाग के चैन क्र. 356 में सी.आर. एवं एच.आर. गेट के मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	5.71
46.	2023_WRD_305887	पिपरिया उपसंभाग की तवा आर.बी.सी. के चैन क्र. 120 के 8 नग स्केप गेटों का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	4.26
47.	2023_WRD_305889	पिपरिया उपसंभाग की खापरखेड़ा के चैन क्र. 1274 के सी.आर. गेटों का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	6.17
48.	2023_WRD_305891	पिपरिया उपसंभाग के तवा आर.बी.सी. के तवा बी.बी.सी. के चैन क्र. 512 नसीराबाद के सी.आर. एवं एच.आर. गेट के मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	8.45
49.	2023_WRD_305894	पिपरिया उपसंभाग के तवा आर.बी.सी. के तवा पी.बी.सी. के चैन क्र. 1580 माछा वितरिका के सी.आर. गेट के मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	2.31
50.	2023_WRD_305895	लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग हरदा निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	नर्मदापुरम्	3.72
51.	2023_WRD_305898	तवा परियोजना संभाग इटारसी के अन्तर्गत आने वाले नहर जल द्वारों की आइलिंग ग्रीसिंग, कम्पाउंडिंग का कार्य।	नर्मदापुरम्	0.97
52.	2023_WRD_305899	तवा नहर के चैनेज क्र. 15 से 1350 तक के गेटों का डिस्मेंटलिंग एवं रिइंस्क्रेशन का कार्य।	नर्मदापुरम्	0.96
53.	2023_WRD_305900	तवा बांध की गैलरी की पाईप लाईन एवं मोटर पम्प का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम्	0.89
54.	2023_WRD_306094	सतपाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना की मुख्य लघु एवं उप लघु नहरों की मरम्मत, संधारण, संचालन एवं रखरखाव का कार्य।	विदिशा	3.39
55.	2023_WRD_306096	सतपाड़ा बैराज पर बोरी बंधान का कार्य।	विदिशा	4.00
56.	2023_WRD_306097	सम्राट अशोक सागर कॉलोनी कार्यालय स.अ.सा. उपसंभाग क्र. 8 उपसंभाग क्र. 2 ग्राउण्ड वाटर उपसंभाग, वि/या. उपसंभाग के क्वार्टर, वाटर सप्लाई एवं सेनिटरी का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	विदिशा	11.46
57.	2023_WRD_306098	सम्राट अशोक सागर परियोजना की एस.बी.सी. की वितरिका क्र. 1 की आर.डी. 2100 मी. पर सायफन एवं आर.डी. 8340 मी. पर व्ही.आर.बी. का सुधार कार्य।	विदिशा	3.678
58.	2023_WRD_306601	वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग खण्डवा हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	1.70
59.	2023_WRD_306810	मकसूदगढ़ डी.सी. के इम्लाखेड़ी फीडर से शाहपुर फीडर तक डी.टी. आर. 11 के.वी. लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	भोपाल	2.98
60.	2023_WRD_306811	कुण्डलिया बांध डूब क्षेत्र के डाबला डी.एल. एवं रोजड़ी ए.जी. फीडर के एक सेक्शन में 11 के.वी. लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	भोपाल	11.48
61.	2023_WRD_306977	तवा बांयी तट मुख्य नहर की माचक उपशाखा खिरकिया नहर एवं इनकी माइनरों के पक्के ढांचों का मरम्मत का कार्य।	हरदा	19.95
62.	2023_WRD_306985	तवा बांयी तट मुख्य नहर की खिड़की की आर.डी. 1850 पर स्केप एवं व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य।	हरदा	12.03
63.	2023_WRD_306988	तवा बांयी तट मुख्य नहर की सोनतलाई उपशाखा एवं पहतगांव उपशाखा की माइनर एवं सबमाइनरों के 10 नग पक्के ढांचों का मरम्मत कार्य।	हरदा	8.51
64.	2023_WRD_307089	जल संसाधन संभाग खण्डवा जिला खण्डवा के अंतर्गत भाम मध्यम सिंचाई परियोजना के गेट ऑपरेशन हेतु कंट्रोल पैनल लगाने का कार्य।	धार	7.26
65.	2023_WRD_307189	विभिन्न जल संसाधन संभागों के जलद्वारों के निर्माण हेतु एम.एस. राउंड बार 63 मी.मी. व्यास की प्रदाय एवं ब्रेडिंग का कार्य।	भोपाल	1.46
66.	2023_WRD_307192	विभिन्न जल संसाधन संभागों के जलद्वारों के लिए डब्ल्यू.डब्ल्यू. 90 हेड स्टॉक (63 एम.एम. डाया नट) का प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य।	भोपाल	9.76
67.	2023_WRD_307365	चैनेज क्र. पी.बी.सी. 180 पचलावरा पी.बी.सी. 1274 खापरखेड़ा में हैड स्टॉक असेम्बली मय रोड सहित लगाने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	0.41
68.	2023_WRD_307366	तवा दांयी तट शाखा नहर के सर्विस एवं इमरजेंसी इनटेक वेल गेट नं. 4 ब्लाइंड वेट डालने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	14.66
69.	2023_WRD_307438	तवा बांध के सांकला वितरीका चैन क्र. 595 में सी.आर. एवं एच.आर. गेट के मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	0.83

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग
निर्माण भवन, प्लॉट नं. 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं. - 19/2023/निविदा/सा/मु.अ.भ./ **भोपाल, दिनांक : 20.09.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. नेहरू कॉलेज आगर मालवा में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसडी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2023_PWPIU_311984_1	आगर मालवा	22.63	45260	5000	06 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. नलखेड़ा, जिला आगर मालवा में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_312063_1	आगर मालवा	39.96	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. सोयतकलां जिला आगर मालवा में राजस्व विभाग के 01 नग जी-टाइप एवं 01 नग एफ-टाइप आवास गृह के निर्माण।

2023_PWPIU_312034_1	आगर मालवा	95.61	95610	10000	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन सोयतकलां जिला आगर मालवा का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_312231_1	आगर मालवा	524.99	524990	20000	18 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग एम्पोरियम एम.पी. नगर भोपाल में रिनोवेशन/विस्तार निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_312029_1	भोपाल	185.28	185280	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. केन्द्रीय जेल भोपाल में विशेष सुरक्षा वाले बंदियों को रखने हेतु 12 नग सेल निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_312182_1	भोपाल	89.70	89700	10000	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. हायर सेकेंडरी स्कूल जवासिया जिला देवास में 03 प्रयोगशाला एवं 04 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_310551_1	देवास	98.50	98500	10000	10 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. हाईस्कूल खरेली जिला देवास में 03 प्रयोगशाला एवं 04 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य

2023_PWPIU_310571_1	देवास	98.50	98500	10000	10 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. बेगमगंज जिला रायसेन में आउट डोर स्टेडियम का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_310564_1	रायसेन	115.13	11513	12500	10 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. ब्यावरा जिला राजगढ़ में सी.एम. राइज स्कूल फर्निस निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_311501_1	राजगढ़	3318.24	1659120	50000	18 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. वर्ष 2023-24 में लोक निर्माण विभाग (भवन) विदिशा में निर्माण कार्यों हेतु आर्किटेक्चरल डिजाइन एवं डीपीआर कंसल्टेंट की एजेंसी निर्धारण का निविदा।

2023_PWPIU_286140_1	विदिशा	200.00	200000	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.09.2023 समय 10.30 से **दिनांक 05.10.2023 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता (भवन)
जी-20560/49150/2023 **लोक निर्माण विभाग भोपाल**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

70.	2023_WRD_307503	सम्राट अशोक सागर परियोजना की एस.बी.सी. की पीपलखेड़ा वितरिका के आर.एम. 3बी के स्ट्रक्चर का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	विदिशा	16.04
71.	2023_WRD_307506	सम्राट अशोक सागर परियोजना की एस.बी.सी. की पीपलखेड़ा वितरिका के आर.एम. 3बी स्ट्रक्चर का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	विदिशा	6.28
72.	2023_WRD_308098	क्षिप्रा नदी के एच.एफ.एल. लाईन की चिन्हित कर दोनों किनारों पर स्थाई बेंचमार्क स्थोन आर.सी.सी. स्थापन का निर्माण कार्य।	उज्जैन	16.73
73.	2023_WRD_308164	तवा परियोजना संभाग इटारसी नर्मदापुरम् उपनहर अनुविभाग, नर्मदापुरम् की आर.डी. 0 कि.मी. से 15.00 कि.मी. के मध्य क्षतिग्रस्त सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर्स के मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	19.73
74.	2023_WRD_308166	तवा परियोजना संभाग इटारसी नर्मदापुरम् उपनहर अनुविभाग, नर्मदापुरम् की आर.डी. 15.00 कि.मी. से 19.50 कि.मी. के मध्य क्षतिग्रस्त सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर्स के मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	19.20
75.	2023_WRD_308167	तवा परियोजना संभाग इटारसी नर्मदापुरम् उपनहर अनुविभाग, नर्मदापुरम की आर.डी. 19.50 कि.मी. से 31.05 कि.मी. के मध्य क्षतिग्रस्त सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर्स के मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	19.85
76.	2023_WRD_308481	पारस नहर परियोजना के 03 नग नहर जलद्वारों का सुधार कार्य।	धार	0.89
77.	2023_WRD_308486	पारस नहर परियोजना की आर.डी. क्र. 4590 एवं 7050 के 02 नग जलद्वारों का सुधार कार्य।	धार	0.76
78.	2023_WRD_308487	दतुनी एवं चोरल मध्यम बाँध की केनाल पर स्थापित 64 नग जलद्वारों का सुधार कार्य।	धार	4.28
79.	2023_WRD_308971	रलावता, कंवरपुरा, बिल्ली तालाबों के पाल पर झाड़ियों की सफाई एवं मिट्टी का कार्य।	मंदसौर	19.61
80.	2023_WRD_308972	पिपल्दालालगंज, ढाबला मनोहर, अंजालिया, दुधाखेड़ी, श्रीनगर एवं बड़ौदिया तालाबों के पाल पर झाड़ियों की सफाई एवं मिट्टी का कार्य।	मंदसौर	16.25
			कुल योग	448.79

जी-20375/48133/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल नर्मदापुरम्

Office Email ID : seresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. : 07574-250166

क्र. 1220/निविदा/ग्रा.यां.से./2023 **नर्मदापुरम, दिनांक 20.09.2023**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02/2023-24 (प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म ''ए'' (Appendix 2.10) पर ग्रायांसे संभाग बैतूल जिला बैतूल की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से 2 कवर पद्धति में ग्रायांसे में प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम के कार्यालय में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2023_RES_309294	जीएसबी मार्ग निर्माण पुलिया सहित ग्राम गांधीग्राम वि.खं. घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल के निर्माण कार्य ग्राम - गांधी ग्राम, ग्राम पंचायत - शक्तिगढ़, वि.खं. - घोड़ाडोंगरी, जिला - बैतूल	2098724/-	42000/-	06 माह	5000/-
	योग -		**2098724/-**	**शब्दों में बीस लाख अंठानवे हजार सात सौ चौबीस रुपये मात्र।**		

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :–

क्र.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने की तिथि	26.09.2023	17.30
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	27.09.2023	17.30
3.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	27.09.2023	17.30
4.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**04.10.2023**	13.30
5.	ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि	05.10.2023	13.30

निविदा प्रपत्र (Tenders Document) वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाएंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

अधीक्षण यंत्री
जी-20376/49134/2023 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मण्डल नर्मदापुरम**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-ग्वालियर
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03
भोपाल (म.प्र.) 462003
''निविदा आमंत्रण सूचना''

नि.आ.सू.क्र./एन.एच.एम./05/2023-24/620 **भोपाल, दिनांक 25.09.2023**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग ग्वालियर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **(www.mptenders.gov.in)** (Department of Directorate of Health Services) निविदा आमंत्रण सूचना सरल क्रमांक 01 से 04 तक 03 लिफाफा पद्धति एवं सरल क्रमांक 05 से 06 पर अंकित 02 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' फार्म में पर्सटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

ई-निविदा सूचना क्रमांक - 05/2023-24 दिनांक 25.09.2023 (प्रथम एवं द्वितीय आमंत्रण)

स. क्र.	टेण्डर नं. 2023_DHS_	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रु.	टेण्डर दर राशि रु.	समय सीमा वर्षाकाल सहित
1.	312324	जिला चिकित्सालय शिवपुरी में फायर फाइटिंग हायड्रेन्ट एवं फायर सेफ्टी का कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	109.55	109550/-	12500/-	06 माह
2.	312325	जिला चिकित्सालय भिण्ड में फायर फाइटिंग हायड्रेन्ट एवं फायर सेफ्टी का कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	111.00	111000/-	12500/-	06 माह
3.	312326	जिला शिवपुरी के विकासखण्ड नरवर में 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन सोनर मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवासगृहों इत्यादि में उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	12500/-	15 माह
4.	312327	जिला दतिया के विकासखण्ड सेवड़ा में 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन डिरोलीपर मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों इत्यादि में उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	12500/-	15 माह
5.	312328	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भितरवार जिला ग्वालियर में पोस्टमार्टम भवन का निर्माण कार्य। (कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर)	20.09	40180/-	50000/-	04 माह
6.	312329	जिला चिकित्सालय दतिया में टीन शेड एवं अन्य मरम्मत कार्य। (कार्यालय सिविल सर्जन जिला दतिया) (द्वितीय आमंत्रण)	11.02	22040/-	2000/-	03 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 26.09.2023 प्रातः 10.30 से दिनांक 10.10.2023 सायं 17.30 तक** क्रय किये जा सकते हैं। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं। 5. निविदा के सरल क्रमांक 01 एवं सरल क्रमांक 02 पर दर्शित कार्यों हेतु विशेष शर्तें लागू होगी। 6. निविदा के सरल क्रमांक 05 पर दर्शित कार्य का भुगतान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर से किया जावेगा एवं सरल क्रमांक 06 पर दर्शित कार्य हेतु भुगतान सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षण जिला दतिया द्वारा किया जावेगा। 7. निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित हैं। 8. उपरोक्तानुसार कार्यों का विस्तृत विवरण ऑनलाइन में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-20543/49130/2023 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ग्वालियर-संभाग**

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 की तैयारी

मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम से उच्च प्रशासनिक पद की प्राप्ति बड़ी संख्या में युवाओं का एक कॅरियर स्वप्न होता है। वे युवा जो अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित नहीं हो पाते हैं या जिनका उद्देश्य मध्यप्रदेश राज्य में रहकर ही प्रशासनिक सेवा की डगर पर बढ़ना होता है, वे परिश्रम, आत्मविश्वास और सुनियोजित तैयारी से मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा में सफल होकर राज्य मध्यप्रदेश में विभिन्न तरह के प्रशासनिक पदों पर चयनित हो सकते हैं।

विभिन्न पदों के लिए होगी भर्ती

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने 229 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। वे पद विभिन्न आठ विभागों के लिए हैं। इनमें 27 डिप्टी कलेक्टर, 22 पुलिस उप अधीक्षक, 17 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, 16 विकास खंड अधिकारी, 122 सहकारी निरीक्षक, 17 मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तीन नायब तहसीलदार व तीन आबकारी उप निरीक्षक शामिल हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने 22 सितम्बर से 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन की तारीख निर्धारित की है। ऑफलाइन आवेदन भी मान्य नहीं किए जाएंगे।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता- किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए तथा आयु सीमा 21 वर्ष से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं। हालांकि वर्दीधारी पदों हेतु अधिकतम आयु सीमा 33 वर्ष रखी गई है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का पैटर्न- गौरतलब है कि इस परीक्षा में मेधावी छात्रों के साथ-साथ वे सभी छात्र-छात्राएं सफलता की एक जैसी ही संभावनाएं रखते हैं जो परिश्रम, सुनियोजित तैयारी और अच्छे अध्ययन संदर्भों को आधार बना लेते हैं। निःसंदेह यदि प्रारंभ से ही तैयारी की रणनीति बना ली जाए और अच्छी पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को अध्ययन का आधार बना लिया जाए तो पहले दिन से ही सफलता की संभावनाएं आपकी मुट्ठी में समा जाती हैं। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 में दो वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र होंगे। पहला प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन का एवं दूसरा प्रश्नपत्र जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट का होगा।

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 में सफलता की राह

इस परीक्षा की तैयारी सामान्य अध्ययन खंड में भारतीय इतिहास तथा संस्कृति से संबंधित कई प्रश्न पूछे जाते हैं। इसकी तैयारी हेतु इतिहास को तीन भागों प्राचीन भारत, मध्यकालीन भारत तथा आधुनिक भारत में बांटा जा सकता है। आधुनिक इतिहास सबसे महत्वपूर्ण तथा सर्वाधिक अंकदायी भाग है, अतः इस पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं का अध्ययन भी आवश्यक है। मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र में सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण एक महत्वपूर्ण खंड है। सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों की विशेष तैयारी आवश्यक है।

भूगोल खंड में भूगोल से संबंधित प्रश्न होते हैं। इनमें भूकंप के बुनियादी लक्षण, दुनिया के जलवायु क्षेत्र, बंदरगाह, ज्वार-भाटा, नदियां, बहुउद्देशीय परियोजनाएं, सिंचाई, फसलें आदि मुख्य होते हैं। मध्यप्रदेश की भौगोलिक जानकारी व जनगणना 2011 से जुड़े प्रश्न भी बहुतायात में पूछे जाते हैं। सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र के अंतर्गत भारतीय राजनीति की तैयारी में संविधान संशोधन के महत्वपूर्ण तथ्यों एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का अध्ययन लाभप्रद होता है। राजव्यवस्था के अंतर्गत, राज्य के नीति निदेशक तत्व, मूल कर्तव्य, कार्यपालिका, आर्थिक प्रक्रिया जैसे बजट (विभिन्न प्रकार के विधेयक जैसे वित्त विधेयक धन विधेयक आदि), न्यायपालिका विशेषतः सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के अधिकार (उनके ऐतिहासिक विकास सहित), संघ व राज्यों के बीच संबंध, प्रशासनिक अधिकरण, चुनाव व चुनाव सुधार, आपातकालीन प्रावधान, संविधान संशोधन, पंचायती राज व्यवस्था इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसलिए इन खंडों को विशेष रूप से तैयार करें। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था से संबंधित अद्यतन तथ्यों का भी अध्ययन करना चाहिए। जिससे मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास प्रमुख उद्योग व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित तथ्य प्रमुख हैं। सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न शब्दों का अर्थ तथा कम्प्यूटर के विभिन्न भागों के कार्यों, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की जानकारी भी बेहद जरूरी है। इस भाग की तैयारी हेतु आप बेसिक कम्प्यूटर की किताबों का सहारा भी ले सकते हैं। इस बार विभिन्न राष्ट्रीय व प्रादेशिक संवैधानिक व सांविधिक आयोगों को भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है अतः इससे जुड़े प्रश्नों को अच्छे से तैयार करें।

सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु सबसे पहले एनसीईआरटी की वे पुस्तकें जो 11वीं और 12वीं कक्षाओं में पाठ्यक्रम में निर्धारित हैं राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पढ़ी जानी चाहिए। इनमें भारतीय इतिहास, भूगोल, राजनीतिक व्यवस्था, अर्थशास्त्र, आर्थिक नियोजन, संविधान और विज्ञान की पुस्तकें अत्यधिक महत्वपूर्ण अध्ययन संदर्भ हैं। सामान्य ज्ञान की ऐसी बुनियादी तैयारी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध स्तरीय मासिक पत्रिकाओं का अध्ययन आवश्यक होता है। सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए जहाँ एक ओर भारत सरकार के प्रकाशन- योजना, कुरुक्षेत्र, मध्यप्रदेश सरकार के प्रकाशन-पंचायिका, मध्यप्रदेश संदेश, रोजगार और निर्माण तथा मध्यप्रदेश केंद्रित स्तरीय मासिक पत्रिकाएं आदि उपयोगी हैं, वहीं दूसरी ओर सामान्य ज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों की कुछ विशिष्ट पुस्तकें भी लाभप्रद होती हैं।

जनरल एप्टीट्यूट प्रश्न पत्र की तैयारी कैसे करें?

अभिरुचि प्रश्नपत्र के पाठ्यक्रम के विभिन्न भागों में बोधगम्यता, संचार कौशल सहित अन्तर्वैयक्तिक कौशल, तार्किक तर्क एवं विश्लेषण योग्यता, निर्णय लेना एवं समस्या का समाधान करना, सामान्य मानसिक योग्यता, आधारभूत संख्यांकन तथा हिन्दी भाषा बोधगम्यता कौशल सम्मिलित हैं। बोधगम्यता का क्षेत्र उम्मीदवार की भाषा को समझने की क्षमता का परीक्षण करता है। इसमें गद्य अवतरण पर आधारित प्रश्नों के द्वारा यह परखा जाता है कि उम्मीदवार तथ्य खोजने, सूचनाओं का विश्लेषण करने, कथ्य की व्याख्या करने, दी गई सूचनाओं से निष्कर्ष निकालने तथा सूचनाओं के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अर्थ को समझने में कितना दक्ष है। उम्मीदवार को सर्वप्रथम अवतरण को पढ़कर उसके निहितार्थ को समझने की कोशिश करनी चाहिए। निहितार्थ समझ लेने पर प्रश्नों का उत्तर देना बहुत आसान हो जाता है। संचार कौशल सहित अंतर्वैयक्तिक कौशल का उद्देश्य सामाजिक अंतःक्रिया के कारकों को समझने और उनका प्रबंधन करने की उम्मीदवार की योग्यता परखना है। इस भाग में दी गई सूचनाओं एवं परिस्थितियों के आधार पर उम्मीदवार की निर्णय क्षमता को जांचा एवं परखा जाता है। वास्तविक जीवन, कानून एवं व्यवस्था, परिस्थितियां अथवा प्रशासनिक कथन और नीति एवं नैतिकता के आधार पर निर्णय लेने संबंधी प्रश्न इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण भाग हैं।

सामान्य मानसिक योग्यता की परीक्षा में संख्यात्मक, शाब्दिक, अमूर्त या स्थानिक रीजनिंग के प्रश्न शामिल रहते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार अपनी कल्पना शक्ति और स्थान बोध का भरपूर प्रयोग करें। मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट प्रश्नपत्र में एक भाग आधारभूत संख्यांकन और आकड़ों का निर्वचन नाम से दिया गया है। वस्तुतः ये दोनों लंबे समय से विभिन्न परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के अंग रहे हैं। गणित, विशेषकर आधारभूत संख्यांकन हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इस कारण आधारभूत संख्यांकन की जानकारी राज्य सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासक की नौकरी पाने के इच्छुक उम्मीदवार के लिए अनिवार्य है।

हिन्दी भाषा में बोधगम्यता कौशल खंड में हिन्दी में दिए गए बोधगम्यता आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। इस खंड का उद्देश्य उम्मीदवार की हिन्दी भाषा में गद्य को समझने की क्षमता का पता लगाना है।

वे सभी प्रतियोगी जो आगामी मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा-2023 के माध्यम से राज्य सेवा के प्रतिष्ठित पद पर चयनित होने का सपना संजो रहे हैं उन्हें चाहिए कि वे परिश्रम और आत्मविश्वास के संकल्प के साथ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 की तैयारी करें। यदि पूरे मनोयोग से तैयारी करेंगे तो सफलता अवश्य ही मिलेगी।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 28/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2023-24 **भोपाल, दिनांक : 21.09.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. खरगोन जिले में कसरावद पीपलगांव मार्ग पर कि.मी. 6/10 से 7/2 में वेदा नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु
2023_PWDRB_309765_1	खरगोन	पुल कार्य	तृतीय	1581.87	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. दमोह जिले के नरयावली-मंगोला मार्ग में ग्राम सीतानगर के पास सुनार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य।

2023_PWDRB_309766_1	दमोह	पुल कार्य	तृतीय	1358.06	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. रतलाम जिले के चंदेरिया रेल खण्ड के कि.मी. 373/11-13 पर रेलवे समपार 192 पर रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।

2023_PWDRB_309769_1	रतलाम	पुल कार्य	प्रथम	1234.15	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. मंदसौर जिले के नहारगढ़ बिल्दौद मार्ग के कि.मी. 3/6-8 में शिवना नदी पर एच.टी./एल.टी. लाइन विद्युत पोल शिफ्टिंग हॉय रेन्जिंग कार्य। पहुँच मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309771_1	मंदसौर	पुल कार्य	प्रथम	1075.48	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. आगर मालवा जिले के अंतर्गत बगलामुखी माता मंदिर के समीप लखुन्दर नदी पर पहुँच मार्ग सहित एल.टी. 11 के.व्ही./33 के.व्ही. के उच्च स्तरीय लाइन शिफ्टिंग एवं स्ट्रीट लाइन कार्य सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309774_1	आगर मालवा	पुल कार्य	प्रथम	1070.66	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. पन्ना जिले के उमरहट मेंहा मार्ग में केन नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य।

2023_PWDRB_309776_1	पन्ना	पुल कार्य	तृतीय	842.48	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. हरदा जिले में रीछी से धोलपुर मार्ग में गंजाल नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309779_1	हरदा	पुल कार्य	प्रथम	640.22	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. सागर जिले के ग्राम ढकराना से लोटना-लोटनी मार्ग के कि.मी. 1/2 में घसान नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित।

2023_PWDRB_309781_1	सागर	पुल कार्य	द्वितीय	616.50	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. रायसेन जिले में ककरूआ सर्रा मार्ग में नक्टी नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309783_1	रायसेन	पुल कार्य	प्रथम	596.80	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. खण्डवा जिले के अंतर्गत भवानिया से निशानिया मार्ग में घोड़ापछाड़ नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309784_1	खण्डवा	पुल कार्य	प्रथम	583.13	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. हरदा जिले में नीमगांव से झाड़पा मार्ग पर अजनाल नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309786_1	हरदा	पुल कार्य	प्रथम	582.31	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. रायसेन जिले के महुआखेड़ा से मेघबाटप्पा मार्ग में सेमरी नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_309788_1	रायसेन	पुल कार्य	प्रथम	514.67	केवल ऑनलाइन
		कुल योग -		**10696.33**	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 04.10.2023 (17:30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-20366/48132/2023 **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल**

वायुसेना स्थापना दिवस

भारतीय सशस्त्र सेना का महत्वपूर्ण अंग है वायुसेना

भारतीय वायुसेना (इंडियन एयरफोर्स), भारतीय सशस्त्र सेना का एक महत्वपूर्ण अंग है जो देश के लिये हवाई युद्ध , हवाई सुरक्षा एवं हवाई चौकसी का महत्वपूर्ण काम करती है। भारतीय वायुसेना की स्थापना 08 अक्टूबर 1932 को हुई थी। वर्ष 1950 में पूर्ण गणतंत्र घोषित होने के पूर्व भारतीय वायुसेना, रॉयल इण्डियन एयरफोर्स के नाम से पहचानी जाती थी। वर्ष 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध में भी इस वायुसेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत के पूर्ण गणतंत्र घोषित होने के बाद सेना के नाम में से "रॉयल" शब्द हटाकर केवल "इण्डियन एयरफोर्स" कर दिया गया। आज़ादी के बाद भारतीय वायुसेना पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में और चीन के साथ एक युद्ध में अपना शौर्य प्रदर्शित कर चुकी है। अब तक भारतीय वायुसेना जिन प्रमुख युद्ध में अपना कौशल दिखा चुकी है उसमें ऑपरेशन विजय, गोवा का सैन्य अधिग्रहण, ऑपरेशन मेघदूत, आपरेशन कैक्टस व ऑपरेशन पुमलाई शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में भी भारतीय वायुसेना का अप्रतिम योगदान रहा है।

वायुसेना ने निभाई है राष्ट्रीय सुरक्षा की जिम्मेदारी

भारतीय वायुसेना के दायित्व ओर उसके मिशन को सशक्त बल अधिनियम 1947 के द्वारा पारिभाषित किया गया है। सभी सम्भावित खतरों से भारतीय हवाई क्षेत्र की रक्षा करना, सशस्त्र बलों का अन्य शाखाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करना और राष्ट्रीय हितों की हर हाल में सुरक्षा करना भारतीय वायुसेना की प्राथमिक जिम्मेदारी है। भारतीय वायुसेना युद्ध के मैदान में भारतीय सेना के सैनिकों को हवाई समर्थन तथा सामरिक और रणनीतिक एयरलिफ्ट करने की क्षमता भी प्रदान करती है। भारत रिमोट सेंसिंग उपग्रहों का उपयोग सैन्य अनुप्रयोगों के लिए भी करता है। उपग्रहों में टेक्नोलॉजी एक्सपेरिमेंट सैटेलाइट शामिल है जिसमें एक मीटर के रिज़ॉल्यूशन वाला एक पैनक्रोमैटिक कैमरा (पैन) है।

गौरवशाली इतिहास है भारतीय वायुसेना का

भारतीय वायुसेना का गठन ब्रिटिश शासन काल में रॉयल एयरफोर्स की एक सहायक हवाई इकाई के रूप में किया गया था। द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इण्डियन एयरफोर्स के रूप में भाग लिया था और उसी समय एयरफोर्स ने अराकन में जापानी सैन्य छावनी पर हमला किया था। आजादी के बाद भारत के विभाजन से जब पाकिस्तान बना तो रॉयल इण्डियन एयरफोर्स को भी दो भागों में बाँट दिया रॉयल इंडियन एयरफोर्स और रॉयल पाकिस्तान एयरफोर्स। वर्ष 1950 में जब भारत एक गणतांत्रिक देश बना तो रॉयल शब्द हटा दिया गया। भारतीय वायुसेना ने शुरुआती दौर में भी काफी सफलताएं अर्जित की थीं। संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर भारतीय वायुसेना ने बेल्जियम के कब्जे से कांगों की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पुर्तगालियों के कब्जे से गोवा को आजाद करने में भी भारतीय वायुसेना की भूमिका महत्वपूर्ण रही। वर्ष 1962 में चीन के साथ और वर्ष सन् 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में भी भारतीय वायुसेना का अवदान बेहद महत्वपूर्ण रहा। इसी प्रकार बाँग्लादेश मुक्ति युद्ध में भी भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान की सेना के आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी क्रम में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन मेघदूत के माध्यम से सियाचीन में उल्लेखनीय सफलता पाई। श्रीलंका के गृहयुद्ध में भी मानवीय सहायता के लिये ऑपरेशन पुमलाई में भी भारतीय वायुसेना की भूमिका की सराहना हुई।

विश्व की सशक्त सेनाओं में शुमार

बाहरी आक्रमणों और दुश्मनों से अपने देश को सुरक्षित रखने के लिये हर राष्ट्र शक्तिशाली सेनाओं पर निर्भर रहता है। इन्हीं सेनाओं की बदौलत किसी देश की सैन्यशक्ति आँकी जाती है। हवाई ताकत यानी वायुसेना का पराक्रम भी किसी देश की सैन्य ताकत का पैमाना होता है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि भारतीय वायुसेना, विश्व की सबसे शक्तिशाली और अत्याधुनिक वायुसेनाओं में शुमार है। भारतीय वायुसेना ने पिछले कुछ सालों में ही हवा से हवा में मार करने वाले मिसाइल बनाये हैं।

भारतीय वायुसेना में अब मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन भी शामिल

भारतीय वायुसेना में अब मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन भी शामिल हो गया है। गत 25 सितम्बर को रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने हिंडन एयरफोर्स बेस पर भारतीय वायुसेना को पहला C-295 टैक्टिकल मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन सौंपा। इस विमान को प्राप्त करने के लिये वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल वीआर चौधरी स्पेन के सेवील शहर गए थे। भारतीय वायुसेना के पायलट के पहले बैच ने इस विमान को उड़ाने की ट्रेनिंग ले ली है। दूसरे बैच के ट्रेनिंग की तैयारी चल रही है। इस प्लेन को दो लोग मिलकर उड़ाते हैं। इसमें 73 सैनिक, 48 पैराट्रूर्स या 12 स्ट्रेचर इंटेसिव केयर मेडवैक, 27 स्ट्रेचर मेडवैक के साथ 4 मेडिकल अटेंडेंट ले जाए जा सकते हैं। यह प्लेन अधिकतम 9,250 किलोग्राम वजन उठा सकता है। यह प्लेन छोटे रनवे पर भी टेकऑफ और लैंडिंग कर सकता है। इसे टेकऑफ करने के लिए 844 मीटर से 934 मीटर लम्बाई वाला रनवे चाहिए। उतरने के लिए सिर्फ 420 मीटर का। इसमें छह हार्डप्वाइंट्स होते हैं जहाँ हथियार और बचाव प्रणाली लगाने का स्थान होता है। यह हाईप्वाइंट्स दोनों विंग्स के नीचे तीन-तीन या फिर इनबोर्ड पाइलॉन्स हो सकते हैं, जिसमें 800 किलोग्राम के हथियार लगाए जा सकते हैं। स्पेन और भारत के बीच 56 विमान बनाने का समझौता है। पहले 16 विमान स्पेन में बनेंगे बाकी के 40 को टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड बनाएगी। टाटा बड़ोदरा में फैक्ट्री बना रहा है। फैक्ट्री वर्ष 2026 तक बन जाएगी। टाटा ने पिछले साल नवंबर से 40 सी295 विमानों के लिए मेटल कटिंग का काम शुरू कर दिया है।

भारतीय वायुसेना में बनाई गई हथियार प्रणाली शाखा

देश की आज़ादी के बाद पहली बार भारतीय वायुसेना के एक प्रभाग के रूप में हथियार प्रणाली शाखा (वेपन सिस्टम ब्रांच) को भी भारत सरकार से मंज़ूरी मिल गई है। अब भारतीय वायु सेना आर्मेनिया, स्पेन और आइवरी कोस्ट में अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में अपने अधिकारियों को तैनात करेगी। इसी तरह अमेरिकी प्रशांत वायु कमान में भी सम्पर्क अधिकारी के रूप में वायु सेना का एक प्रतिनिधि तैनात किया जाएगा। वायुसेना में अभी तक तीन ब्रांच का परिचालन होता है, जिनमें फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच और ग्राउंड ड्यूटीज ब्रांच हैं। आजादी के बाद पहली बार वायुसेना में चौथी एवं एक नई परिचालन हथियार प्रणाली शाखा का गठन किया जा रहा है। यह ब्रांच विमानों में हथियार प्रणाली का संचालन करेगी। इस ब्रांच की चार सब स्ट्रीम बनाई गई हैं, जो फ्लाइंग, रिमोट, इंटेलिजेंस व सरफेस हैं। इस शाखा में शामिल होने को लेकर उम्मीदवारों के चयन के लिए कुछ सप्ताह पहले एएफसीएटी परीक्षा आयोजित की गई थी। लगभग 33 अधिकारियों का पहला बैच अगले साल की शुरुआत में अकादमी में शामिल होगा और अगले साल के अन्त में हथियार प्रणाली प्रभाग के एक हिस्से के रूप में कमीशन प्राप्त करेगा।

वायुसेना के उन्नतीकरण पर अब गंभीर विमर्श होगा

भारत की अपने पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान से सीमा पर तनाव की स्थिति व्याप्त रहती है। इस स्थिति में भारतीय वायुसेना का उन्नतीकरण जरूरी माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना में उन्नत लड़ाकू विमानों की जरूरत तो है ही और अत्याधुनिक संचार नेटवर्कों की भी आवश्यकता है।

युद्ध उपकरणों को संचालित करने वालों के क्षमता निर्माण पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही भारत को अपनी युद्ध नीति को दो मोर्चे की युद्ध नीति में बदलने सहित भारतीय वायु क्षेत्र की चौकसी के साथ ही सुदूर अंतरिक्ष क्षेत्र में भी ध्यान देने की जरूरत है। भारतीय वायुसेना में शामिल किए जाने से पूर्व विमान की विभिन्न श्रेणियों को भारतीय वायुसेना की आवश्यकताओं के साथ तर्कसंगत बनाए जाने की भी आवश्यकता है। उम्मीद है कि इस वायुसेना दिवस पर इस पर गंभीर विमर्श होगा।

- राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त सचालक हैं)

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. अन्नपूर्णा ..... में स्थित पर्वत है?
अ. श्रीलंका ब. नेपाल
स. भारत द. चीन
उत्तर- ब. नेपाल

2. भारत के किस राज्य में गर्मी के मौसम में "काल वैशाखी" हवाएं चलती हैं?
अ. प. बंगाल ब. हरियाणा
स. तमिलनाडु द. कर्नाटक
उत्तर- अ. प. बंगाल

3. 2011 की भारत की जनगणना के अनुसार भारत की महिला साक्षरता दर कितनी है (लगभग)?
अ. 58.50% ब. 60.25%
स. 53.67% द. 65.46%
उत्तर- द. 65.46%

4. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?
अ. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
ब. 328 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
स. 374 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
द. 400 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
उत्तर- अ. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

5. भारत के उत्तरी मैदान का निर्माण हुआ है?
अ. लाल मिट्टी ब. काली मिट्टी
स. जलोढ़ मिट्टी द. लैटेराइट मिट्टी
उत्तर- स. जलोढ़ मिट्टी

6. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय शहर तीन ओर से समुद्र से घिरा है?
अ. कोच्चि ब. कन्याकुमारी
स. मदुरई द. विशाखापत्तनम
उत्तर- ब. कन्याकुमारी

7. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के कितने शहरों की जनसंख्या 10 लाख से अधिक है?
अ. 53 ब. 40
स. 42 द. 45
उत्तर- अ. 53

8. 'कुद्रेमुख' शिखर कहां है?
अ. ओडिशा ब. महाराष्ट्र
स. उत्तरप्रदेश द. कर्नाटक
उत्तर- द. कर्नाटक

9. निम्नलिखित में से किस राज्य में सबसे बड़ा शुद्ध बुवाई क्षेत्र है?
अ. पंजाब ब. असम
स. बिहार द. मध्यप्रदेश
उत्तर- अ. पंजाब

10. लोहा तथा इस्पात दोनों क्या हैं?
अ. तृतीयक उद्योग
ब. बुनियादी उद्योग
स. खेती आधारित उद्योग
द. एक रासायनिक उद्योग
उत्तर- ब. बुनियादी उद्योग

11. निम्नलिखित में से कौन सी भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है?
अ. चिल्का ब. लोकटक
स. वूलर द. पुलिकट
उत्तर- स. वूलर

12. भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब आरंभ किया गया?
अ. 1947 ब. 1950
स. 1952 द. 1955
उत्तर- स. 1952

13. संविधान के किस अनुच्छेद में राष्ट्रपति के पुनर्निर्वाचन की पात्रता दी गई है?
अ. अनुच्छेद-59
ब. अनुच्छेद-60
स. अनुच्छेद-58
द. अनुच्छेद-57
उत्तर- द. अनुच्छेद-57

14. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र कहां स्थित है?
अ. कर्नाटक ब. केरल
स. आंध्रप्रदेश द. तमिलनाडु
उत्तर- ब. केरल

15. अकबर ने अपने दरबार में किस जैन श्वेताम्बर साधु को आमंत्रित किया था?
अ. भद्रबाहु ब. वास्तुपाल
स. महावीर द. हरिविजय
उत्तर- द. हरिविजय

16. ..... एक बेहतरीन लौह अयस्क है जिसमें 70 प्रतिशत तक लोहे की उच्च मात्रा होती है?
अ. लिग्नाइट ब. हेमेटाइट
स. मैग्नेटाइट द. एन्थ्रेसाइट
उत्तर- स. मैग्नेटाइट

17. निम्न में से किस अनुच्छेद में "चिकित्सीय सहायता" का अधिकार सम्मिलित है?
अ. अनुच्छेद 20
ब. अनुच्छेद 21
स. अनुच्छेद 18
द. अनुच्छेद 19
उत्तर- ब. अनुच्छेद 21

18. किस संविधान संशोधन द्वारा GST लागू किया गया?
अ. 100वां ब. 102वां
स. 103वां द. 101वां
उत्तर- द. 101वां संशोधन

19. निम्न में से किस प्रकार के वृक्षों का आकार शंक्वाकार होता है?
अ. पाइन, देवदार
ब. साल, सागौन
स. बबूल, खैर
द. शीशम महोगनी
उत्तर- अ. पाइन, देवदार

20. सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र कहां स्थित है?
अ. आंध्रप्रदेश ब. तमिलनाडु
स. केरल द. कर्नाटक
उत्तर- अ. आंध्रप्रदेश

21. जर्मनी का रूर क्षेत्र किस खनिज के लिये प्रसिद्ध है?
अ. कोयला ब. पेट्रोलियम
स. तांबा द. हीरा
उत्तर- अ. कोयला

22. भारतीय ऊर्जा विनिमय का मुख्यालय कहां है?
अ. हैदराबाद ब. कोयम्बटूर
स. नई दिल्ली द. मुंबई
उत्तर- स. नई दिल्ली

23. तीरथगढ़ जलप्रपात कहां है?
अ. मिजोरम ब. छत्तीसगढ़
स. ओडिशा द. झारखंड
उत्तर- ब. छत्तीसगढ़

24. निम्न में से कौन सा कायांतरित शैलों का प्रमुख लक्षण है?
अ. परिवर्तनीय ब. पर्णाकरण
स. शांत द. क्रिस्टलीय
उत्तर- अ. परिवर्तनीय

25. पी.एस.एल.वी. ने चंद्रयान-I को कब लॉन्च किया था?
अ. 2001 ब. 2010
स. 2002 द. 2008
उत्तर- द. 2008

26. दिल्ली सल्तनत में धनी मुस्लमानों द्वारा जरूरतमंदों की सहायता के लिये निम्न में से कौन सा कर दिया जाता था?
अ. जजिया ब. जकात
स. खराज द. खुम्ब
उत्तर- ब. जकात

27. स्वतंत्रता के पश्चात भारत के प्रथम वित्त मंत्री कौन थे?
अ. कृष्णमचारी
ब. गुलजारी लाल नंदा
स. सरोजिनी नायडू
द. आर.के. षड्मुखम चेट्टी
उत्तर- द. आर.के. षड्मुखम चेट्टी

- श्रद्धा सुमन

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना

रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को मिली गरिमा और स्थायित्व

आजीविका के लिए सड़कों पर अपना व्यवसाय चलाने वाले पथ विक्रेता भारतीय जीवन शैली का अभिन्न अंग हैं। घर के बाहर सड़क से निकलते हुए पथ विक्रेताओं की एक खास अन्दाज में लगायी जाने वाली आवाज घर-घर में पहचानी जाती है। उनकी आवाज से खरीदने वाला बाहर आ जाता है। पथ विक्रेता की आवाज सुनना आदत में शामिल हो जाता है। पथ विक्रेता अक्सर फल, सब्जियां, चाय, पकवान, कपड़े, खिलौने और अन्य सामानों की बिक्री करते हैं। हालांकि वे अक्सर समस्याओं का सामना भी करते हैं जैसे कि अवसरों की कमी, गैरकानूनी दबाव और उन्हें कभी भी हटाए जाने का खतरा। इन पथ विक्रेताओं की समस्याओं को पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महसूस किया और उनके उत्थान, व्यवसाय की मजबूती, सुखमय जीवन और आर्थिक सहायता के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) शुरू की। वहीं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना चल रही है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना का उद्देश्य

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना सड़कों पर व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सरकारी पहल है। यह योजना ग्रामीण समुदायों के आर्थिक विकास को समर्थन करती है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति देना और पथ विक्रेताओं के व्यवसाय को समर्थन प्रदान करना है। इसके माध्यम से पथ विक्रेताओं को आर्थिक सहायता, सुरक्षा और पहचान प्रदान की जाती है, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिले और उन्हें अधिक सफल बनने में मदद हो।

योजना के तहत क्या लाभ मिलता है?

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के तहत प्रदेश के पथ विक्रेताओं को 50 हजार तक का ऋण दिया जाता है, लेकिन अब पचास हजार रुपये का बैंक ऋण लौटाने पर पथ विक्रेताओं को एक लाख रुपये का ऋण मिलेगा, ताकि वे अपने कार्य का निरंतर विस्तार कर सकें। इसके साथ ही पथ विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए प्रदेश में पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। गांव और शहरों में सड़क पर सामान बेचने वाले पथ विक्रेताओं के पहचान पत्र बनाए जाएंगे, उनसे कहीं भी तहबाजारी की वसूली नहीं की जाएगी। उपयुक्त स्थानों पर स्थान चिन्हित कर हाकर्स कार्नर विकसित किए जाएंगे।

लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज

- आधार नंबर
- आधार से लिंक मोबाइल नंबर
- समग्र आईडी
- बैंक खाता नंबर और बैंक का आईएफएससी कोड

ऐसे करें आवेदन

- इच्छुक आवेदक पोर्टल https://kamgarsetu.mp.gov.in/ पर 'पंजीयन करें' विकल्प पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।
- यहां आपको मोबाइल नंबर और मांगी गई जानकारी भरनी होगी।
- आवेदन सबमिट करने के बाद पावती प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखें।
- आपके द्वारा प्रस्तुत आवेदन का संबंधित ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सत्यापन कराया जाएगा। जानकारी सही प्राप्त होने पर आपको परिचय पत्र एवं प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।
- सत्यापन के दौरान गलती पाए जाने पर सुधार का एक मौका दिया जाएगा। जिसकी सूचना SMS से दी जाएगी। त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल पर "अपडेट करें" विकल्प की सहायता से संशोधन कर सकते हैं।

लाखों परिवार हुए लाभान्वित

- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में अब तक 3 लाख 38 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुए हैं।
- प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना में 8 लाख 92 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभ मिला है।
- पीएम स्वनिधि योजना में 30 जून 2023 तक, 48.5 लाख ऋण आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। इनमें 46.4 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को 5,795 करोड़ रुपये की ऋण राशि वितरित की गयी है।

पीएम स्वनिधि योजना

आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने 01 जून, 2020 को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य कोविड 19 महामारी में बुरी तरह प्रभावित हो चुके स्ट्रीट वेंडर्स (पथ विक्रेताओं) के व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत एक कार्य की अवधि के लिए बिना किसी गारंटी के 10,000 रुपये तक की कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। समय पर इस ऋण का पुनर्भुगतान करने पर 20,000 रुपये ऋण की दूसरी और 50,000 रुपये ऋण की किश्त की सुविधा मिलती है। योजना के तहत प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी के माध्यम से नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करना और प्रति वर्ष 1,200 रुपये तक कैशबैक के माध्यम से डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित किया जाता है।

केंद्र सरकार करती है राज्यों की मदद

योजना के तहत पात्र स्ट्रीट वेंडरों की पहचान और नए आवेदन जुटाने के लिए राज्य जिम्मेदार होते हैं। हालांकि, लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार का आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय कई पहल कर रहा है जैसे संबंधित संस्थानों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें, रेडियो जिंगल, टेलीविजन विज्ञापन और समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिये समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाना। योजना का लाभ उठाने के लिए वेंडर्स तक पहुंच और लाभ के प्रसार के लिए राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को नियमित रूप से स्थानीय भाषाओं में सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदान करना आदि।

पीएम स्वनिधि मोबाइल एप

आवास और शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि मोबाइल एप लॉन्च किया है। इससे ऋण आवेदन प्रक्रिया सरल बनाई जा सकेगी और योजना के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान की जा सकेगी। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 'उद्यम' पंजीकरण और पीएम स्वनिधि पोर्टल पर 'उद्यम' पंजीकरण और 'उद्यम सहायता' प्रमाण पत्र प्राप्त करने की सुविधा भी दी गई थी, ताकि अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए वे उद्यम पंजीकरण प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त कर सकें।

क्या बदलाव आया?

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता और पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं का सामाजिक और आर्थिक रूप से जीवन बेहतर और आसान बन रहा है। यह योजनाएं लोगों को अधिक स्वावलंबी बनाने और उनके लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने में मदद कर रही हैं। इनके माध्यम से सरकार सड़क पर विक्रेताओं के व्यवसाय को प्रोत्साहित करने और उनके लिए बेहतर जीवन के अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण समुदायों का आर्थिक विकास हो सकता है और उनका समृद्धि की ओर कदम बढ़ सकता है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों के सड़क पर विक्रेताओं के लिए एक नई दिशा दिखाई है और उन्हें समृद्धि की ओर अग्रसर किया है। इसके माध्यम से, सड़क पर विक्रेताओं को उनके व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और समर्थन प्रदान किए जाते हैं, जिससे ग्रामीण समुदायों का आर्थिक विकास हो रहा है। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने भारत के शहरों और कस्बों में वित्तीय समावेशन और डिजिटल साक्षरता की एक नई लहर चलाई है। यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स के बीच स्वरोज़गार, स्वावलंबन, स्वाभिमान (स्वरोज़गार, स्व-निर्वाह और आत्मविश्वास) बहाल करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आज प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना भारत सरकार की सबसे तेजी से बढ़ती हुई सूक्ष्म-क्रेडिट योजनाओं में से एक बन गई है। इसने नागरिकों को क्रेडिट और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ जोड़ा है।

- निशा त्यागी

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान- खेल

1. आईसीसी वन-डे विश्वकप-2023 में भारतीय टीम अपना पहला मैच किस देश के खिलाफ खेलेगी?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) पाकिस्तान (द) बांग्लादेश

2. डूरंड कप किस देश में खेली जाने वाली एक लोकप्रिय फुटबॉल प्रतियोगिता है?
(अ) क्रोएशिया (ब) डेनमार्क
(स) स्वीडन (द) भारत

3. वर्ष 2021 में किस देश ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है?
(अ) ब्राजील (ब) ऊरुग्वे
(स) अर्जेंटीना
(द) इनमें से कोई नहीं

4. किस देश ने सबसे ज्यादा बार सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता है?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) मलेशिया (द) ऑस्ट्रेलिया

5. इनमें से किस देश ने पांच बार बास्केटबॉल वर्ल्डकप जीता है?
(अ) ब्राजील (ब) रूस
(स) अमेरिका
(द) इनमें से कोई नहीं

6. जापान ओपन-2023 में किस खिलाड़ी ने पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) केंटो मोमोटा
(ब) विक्टर एक्सेलसन
(स) एंथोनी गिटिंग
(द) एंडर्स एंटोनसेन

7. पी.आर. श्रीजेश भारतीय हॉकी टीम में किस पोजिशन पर खेलते हैं?
(अ) गोलकीपर (ब) मिडफील्डर
(स) डिफेंडर (द) फॉरवर्ड

8. अंतिम पंघल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) हॉकी (ब) मुक्केबाजी
(स) एथेलेटिक्स (द) कुश्ती

9. कार्लोस अलकराज ने अब तक कितने एटीपी टाइटल जीते हैं?
(अ) 10 (ब) 11
(स) 12 (द) 15

10 इनमें से किस खिलाड़ी ने टोक्यो ओलिंपिक-2020 में रजत पदक जीता है?
(अ) सुशील कुमार
(ब) रवि कुमार दाहिया
(स) गगन नारंग
(द) अभिनव बिंद्रा

11. टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं?
(अ) सी के नायडू
(ब) वीनू मांकड
(स) लाला अमरनाथ
(द) सैयद मुश्ताक अली

12. इनमें से किस फुटबॉल क्लब ने सबसे ज्यादा बार इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीता है?
(अ) मैनचेस्टर सिटी
(ब) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(स) आर्सेनल
(द) लिवरपूल

13. इनमें से किस देश ने वर्ष 2007 में फीफा वूमेन वर्ल्डकप जीता था?
(अ) जर्मनी (ब) नॉर्वे
(स) जापान (द) अमेरिका

14. वर्ष 2022 में किस देश ने एटीपी कप टेनिस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) स्पेन (ब) सर्बिया
(स) इटली (द) कनाडा

15. फिडे किस खेल से संबंधित एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है?
(अ) शतरंज (ब) गोल्फ
(स) एथेलेटिक्स (द) फुटबॉल

16. इंग्लैंड ने किस खिलाड़ी की कप्तानी में वर्ष 2022 में आईसीसी टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप जीता है?
(अ) इयॉन मोर्गन
(ब) जोस बटलर
(स) मोइन अली
(द) बेन स्टोक्स

17. आर्यना सबालेंका किस देश की महिला टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) सर्बिया (ब) आर्मेनिया
(स) बेलारूस (द) कजाकिस्तान

18. इनमें से किस खिलाड़ी ने फीफा वूमेन वर्ल्डकप-2023 में गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता है?
(अ) जेकिरा मुसोविक
(ब) मैरी अर्प्स
(स) केटा कोल
(द) इनमें से कोई नहीं

19. टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा दोहरे शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) राहुल द्रविड
(ब) वीरेंद्र सहवाग
(स) विराट कोहली
(द) वीवीएस लक्ष्मण

20. किस महिला खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा 3 बार वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) पी.वी. सिंधु
(ब) ली जुरुई
(स) कैरोलिना मारिन
(द) इनमें से कोई नहीं

21. वर्ष 2023 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?
(अ) उज्बेकिस्तान(ब) सर्बिया
(स) जर्मनी (द) अजरबेजान

22. भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन किस खेल के जान-माने खिलाड़ी हैं?
(अ) फुटबॉल (ब) टेनिस
(स) शतरंज (द) बैडमिंटन

23. वर्ष 2023 में किस देश ने एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप जीती है?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) द. कोरिया (द) ईरान

24. इस वर्ष अजरबैजान ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस किस रेसर ने जीती हैं?
(अ) मैक्स वर्स्टापेन
(ब) सर्जियो पेरेज
(स) कार्लोस सेंज
(द) लुईस हैमिल्टन

25. अद्वैत पागे एशियाई खेल-2022 में किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं?
(अ) एथेलेटिक्स (ब) हॉकी
(स) तैराकी (द) तीरंदाजी

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (स), 4. (द), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (द), 9. (स), 10. (ब), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (अ), 16. (ब), 17. (स), 18. (ब), 19. (स), 20. (स), 21. (अ), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

पेसा एक्ट

जनजातीय वर्ग को सशक्त और संपन्न बनाने की ऐतिहासिक पहल

जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिये समर्पित प्रदेश सरकार ने जनजातियों को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए मध्यप्रदेश में पेसा नियम लागू किया है। यह नियम जनजातीय वर्ग के विकास के लिये लिया गया अभूतपूर्व फैसला है। इस फैसले के बाद निश्चित तौर पर न सिर्फ जनजातियों को संपूर्ण अधिकार मिलेंगे बल्कि उनकी पंचायतों को भी वो तमाम अधिकार मिलेंगे जिससे वे जनजातीय बंधुओं के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसला ले सकें। अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू होने के बाद ग्राम विकास की तमाम कार्य योजना ग्राम सभा द्वारा बनाई जायेगी। यानि अब ग्राम सभाओं को अपनी पंचायतों के विकास के लिये किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। ग्राम सभा की अनुमति के बाद ही ग्राम पंचायतों को मिलने वाली राशि खर्च की जा सकेगी जिससे गांव का समय पर बेहतर विकास संभव हो सकेगा। 15 नवंबर, 2022 का दिन प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों के लिये एक अविस्मरणीय तारीख बन कर रह गई है। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में जनजातीय वर्ग को तमाम अधिकार देने के लिये पेसा एक्ट लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया। पेसा एक्ट जनजातीय वर्ग की आर्थिक, सामाजिक उन्नति और उन्हें सशक्त, अधिकार संपन्न बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

पेसा नियमों की 5 प्रमुख बातें

1. जमीन आपकी
2. जल आपका
3. जंगल आपके
4. श्रमिकों के अधिकारों का विशेष ध्यान
5. स्थानीय संस्थाओं, परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण और संवर्द्धन

पहला अधिकार है जमीन का

- गांव की जमीन के और वन क्षेत्र के नक्शा, खसरा, बी-1 आदि ग्राम सभा को पटवारी और गार्ड हर साल उपलब्ध कराएंगे। इसका अर्थ है कि गांव का रिकार्ड लेने बार-बार तहसीलों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।
- यदि राजस्व अभिलेखों में कोई गलती पाई जाती है तो ग्राम सभा को उसमें सुधार के लिए अपनी अनुशंसा भेजने का पूरा अधिकार होगा।
- अधिसूचित क्षेत्रों में बिना ग्राम सभा की सहमति के किसी भी प्रोजेक्ट के लिए गांव की जमीन का भू-अर्जन नहीं किया जाएगा।
- गैर जनजातीय व्यक्ति या कोई भी अन्य व्यक्ति छल-कपट से, बहला-फुसलाकर, विवाह करके जनजातीय भाई-बहनों की जमीन पर गलत तरीके से कब्जा करने या खरीदने की कोशिश करें तो ग्राम सभा इसमें हस्तक्षेप कर सकेगी।
- यदि ग्राम सभा को ये बात पता चलती है तो वह उस भूमि का कब्जा फिर से जनजातीय भाई-बहनों को दिलवाएगी। यदि ग्राम सभा को ऐसा करने में कोई कठिनाई होती है तो वो भूमि का कब्जा वापस दिलाने के लिए मामले को उपखण्ड अधिकारी को भेज सकेगी।
- अधिसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की अनुशंसा के बिना खनिज के सर्वे, पट्टा देने या नीलामी की कार्यवाही नहीं की जा सकेगी।
- खनिज पट्टों की स्वीकृति में अनुसूचित जनजाति की सहकारी संस्थाओं, महिला आवेदकों और पुरुष आवेदकों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्राथमिकता दी जाएगी।

दूसरा अधिकार है जल का

- गांव के तालाबों का प्रबंधन अब ग्राम सभा करेगी।
- ग्राम सभा तालाब/जलाशय में मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन आदि गतिविधियां कर सकती है। इससे होने वाली आमदनी ग्राम सभा के पास जाएगी।
- तालाब/जलाशय में किसी भी प्रकार की गंदगी, कचरा, सीवेज आदि जमा न हो, जलाशय प्रदूषित न हो, इसके लिए सभा किसी भी प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यवाही कर सकेगी।
- 100 एकड़ (40 हेक्टेयर) तक की सिंचाई क्षमता के तालाब और जलाशय का प्रबंधन संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा।

तीसरा अधिकार है जंगल का

- ग्राम सभा अपने क्षेत्र में स्वयं या एक समिति गठित करके लघु वनोपजों जैसे- अचार गुठली, करंज बीज, महुआ, लाख, गोंद, हर्रा, बहेरा,आंवला आदि का संग्रहण, विपणन कर सकेंगे। यदि एक से अधिक ग्राम सभा चाहे तो वे ये काम मिलकर भी कर सकती है।
- अभी तक या तो सरकार या फिर व्यापारी लघु वनोपजों का मूल्य तय किया करते हैं लेकिन अब मूल्य नियंत्रण की कमाण्ड ग्राम सभा के माध्यम से जनजातियों के हाथ में आ जाएगी।
- ग्राम सभा या उसकी समिति अब ये तय कर सकेगी कि एक निश्चित दर से कम मूल्य पर वे अपनी वनोपज नहीं बेचेंगे।
- यदि ग्राम सभा निर्णय लेगी कि वनोपज का संग्रहण और विपणन वनोपज संघ करे, तभी वनोपज संघ ये कार्यवाही कर सकेगा।
- ये क्रांतिकारी निर्णय है जिसे वनोपज के दामों को तय करने का अधिकार अब ग्राम सभा के पास रहेगा और गरीब जनजातीय बंधुओं की वनोपज औने-पौने दामों में नहीं बिकेगी।
- सामान्य तौर पर तेंदुपत्ते का संग्रहण और विपणन लघु वनोपज संघ करता है, लेकिन यदि ग्राम सभा चाहे तो तेंदु पत्ते का संग्रहण और विपणन खुद कर सकेगी। यदि ग्राम सभा स्वयं तेंदु पत्ते का संग्रहण और विपणन करना चाहती है तो अगले साल के तेंदुपत्ता संग्रहण के लिए अपनी-अपनी ग्राम सभा में संकल्प पारित करके वन विभाग को सूचित करना होगा।

चौथा अधिकार है श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण का

- ग्राम में हर पात्र मजदूर को मांग आधारित रोजगार मिले, इसके लिए ग्राम सभा साल भर की कार्ययोजना बनाएगी और पंचायत इसका अनुमोदन करेगी।
- केन्द्र और राज्य की रोजगारमूलक योजनाओं के अंतर्गत गांव में कौन-कौन से कार्य लिए जाएंगे, ये ग्राम सभा तय करेगी।
- यदि रोजगारमूलक कार्यों के लिए बनाए गए मस्टर रोल में कोई फर्जी नाम है या फिर कोई गलती है तो ग्राम सभा इस गलती को ठीक करवाएगी।
- गांव से लोगों का अनावश्यक पलायन न हो, भोले-भाले जनजातीय भाई-बहनों को काम के नाम पर एजेण्टों के माध्यम से अन्य शहरों में ले जाकर मानव व्यापार, शोषण या बंधुआ मजदूरी का श्राप नहीं झेलना पड़ेगा।
- अब बिना ग्राम सभा को सूचित किए न तो कोई व्यक्ति काम करने के लिए गांव से बाहर जा सकेगा और न ही ग्राम सभा की बिना जानकारी के बाहरी व्यक्ति काम के लिए आ सकेगा। ग्राम सभा के पास काम के लिए बाहर जाने वाले सभी लोगों की सूची रहेगी।
- काम के लिए अपने गांव से ग्राम सभा को बिना बताए जाने को नियमों का उल्लंघन माना जाएगा और उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।
- गांव के जो लोग मनरेगा आदि में मजदूरी कर रहे हैं, उनके काम के बदले उन्हें पूरी मजदूरी मिले, इसकी चिंता भी ग्राम सभा करेगी। ग्राम सभा ये ठहराव-प्रस्ताव कर सकेगी कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम में किसी से काम न लिया जाए।
- यदि कोई साहूकार किसी का शोषण करता है, निर्धारित से अधिक ब्याज लेता है, तो ऐसी स्थिति में उसकी शिकायत ग्राम सभा अपनी अनुशंसा के साथ उप खण्ड अधिकारी को भेज सकती है।
- यदि किसी हितग्राहीमूलक योजना में गांव के 100 हितग्राही पात्र है तो उनमें से मापदण्ड अनुसार मेरिट का क्रम ग्राम सभा निर्धारित कर सकती है ताकि पात्र हितग्राहियों में से उसे सबसे पहले लाभ मिले, जिसे इसकी सबसे ज्यादा और शीघ्र आवश्यकता है।

पांचवां अधिकार है स्थानीय संस्थाओं, परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण का

- अब अधिसूचित क्षेत्रों में कोई भी नई शराब/भांग की दुकान ग्राम सभा की अनुमति के बिना नहीं खुलेगी।
- यदि 45 दिन में ग्राम सभा कोई निर्णय नहीं करती है यह स्वयमेव मान लिया जाएगा कि नई दुकान खोलने के लिए ग्राम सभा सहमत नहीं है और फिर दुकान नहीं खोली जाएगी।
- यदि कोई शराब या भांग की दुकान गांव के अस्पताल, स्कूल, धार्मिक स्थल आदि के आस-पास हो तो उसे अन्यत्र शिफ्ट करने की अनुशंसा ग्राम सभा सरकार को भेज सकेगी।
- ग्राम सभा किसी स्थानीय त्यौहार के अवसर पर उस दिन पूरे दिन के लिए या कुछ समय के लिए शराब दुकान बंद करने की अनुशंसा कलेक्टर से कर सकती है। एक वर्ष में कलेक्टर 4 ड्राय डे के अंतर्गत दुकान को उस क्षेत्र के लिए बंद कर सकेंगे।
- नशे की लत को हतोत्साहित करने के लिए ग्राम सभा व्यक्तिगत रूप से उपयोग किए जाने वाले मादक द्रव्यों की सीमा भी कम कर सकती है।
- गांव में अवैध शराब के विक्रय को रोकने का काम भी ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा।
- हर गांव में एक शांति एवं विवाद निवारण समिति होगी। यह समिति परंपरागत पद्धति से गांव के छोटे-मोटे विवादों का निराकरण कराएगी और ग्राम में शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद करेगी। इस समिति में कम से कम एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी।
- नियमों में ये भी प्रावधान किया गया है कि यदि ग्राम के किसी व्यक्ति के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज हो तो इसकी सूचना पुलिस थाने द्वारा तत्काल गांव की शांति एवं विवाद निवारण समिति को दी जाएगी।
- अधिसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतें बाजारों और मेलों का प्रबंधन करने में सक्षम होंगी।
- ग्राम सभा द्वारा इस बात की भी चिंता की जाएगी कि गांव के स्कूल ठीक चलें, स्वास्थ्य केन्द्र ठीक चलें, आंगनवाड़ियां ठीक चलें।
- नियमों में ग्राम सभाओं को निम्न संस्थाओं का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करने की शक्ति दी गई है-
  - ❍ स्कूल ❍ स्वास्थ्य केन्द्र
  - ❍ आंगनवाड़ी ❍ आश्रम शालाएं
  - ❍ छात्रावास

पेसा एक्ट की विस्तृत जानकारी

ग्राम सभा

- सामान्यतौर पर एक गांव की एक ग्राम सभा होती है। लेकिन इस कानून में यदि गांव वाले चाहें तो एक गांव, खेड़े, फालिया, मजरा, टोला, पारा आदि की एक से अधिक ग्राम सभा हो सकती है। ये ग्राम सभा उस समुदाय की परंपराओं और रुढ़ियों के अनुसार कार्यों का प्रबंध कर सकती है।
- ग्राम सभा का जब भी सम्मेलन होगा तो उसके अध्यक्ष न तो सरपंच होंगे, न उप सरपंच और न पंच। अध्यक्ष वो बनेंगे, जिसे ग्राम सभा बहुमत से निर्वाचित करेगी।
- एक से अधिक ग्राम सभा से जुड़े विषयों पर ग्राम सभाओं का संयुक्त सम्मेलन बुलाने का अधिकार होगा।
- ग्राम सभा के सम्मेलन में कोरम पूरा करने के लिये कम से कम एक तिहाई महिलाओं का होना आवश्यक होगा।

ग्राम सभा और ग्राम पंचायतों के अधिकार

- परंपराओं, रुढ़ियों और अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना।
- विवादों के निराकरण के परंपरागत तरीकों का प्रयोग कर सकना।
- ग्राम के भीतर जल, जंगल और जमीन जैसे संसाधनों को प्रबंधित करना।
- जो स्थानीय योजनाएं लागू की जाएंगी, उनके व्यय पर नियंत्रण करने का अधिकार होगा।
- गांव के हाट, बाजार और मेलों का प्रबंधन करना।

गांव की निधियां - गांव के पास

- हर ग्राम सभा की एक ग्राम सभा निधि होगी। इसका खाता निकटतम बैंक में खोला जायेगा।
- ग्राम सभा निधि के खाते का संचालन 2 सदस्य करेंगे, जिनमें से एक महिला होगी।
- ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच, पंच या उनके परिवार के सदस्य खाते का संचालन नहीं कर सकेंगे।
- ग्राम सभा के ठहराव-प्रस्ताव के पारित होने के बाद ही ग्राम सभा निधि से राशि का आहरण किया जा सकेगा।
- ग्रामों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि का उपयोग ग्राम सभा द्वारा विकास के कामों में किया जाएगा।
- हर ग्राम पंचायत का अपना बजट होगा, जो कि ग्राम सभा के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।
- ग्राम सभा की सहमति के बाद ही बजट का क्रियान्वयन हो सकेगा।
- विवादों का निपटारा ग्राम सभा करेगी।
- हर ग्राम सभा में एक शांति एवं विवाद निवारण समिति होगी।
- ये समिति ग्रामों के विवादों का निराकरण परंपरागत तरीके से इस प्रकार करेगी कि ग्राम में शांति और सद्भाव बना रहे।
- यदि लोकल पुलिस स्टेशन में उस ग्राम से संबंधित कोई एफआईआर दर्ज होती है तो थाने द्वारा समिति को इसकी सूचना दी जाएगी।

खेती-किसानी के काम में होंगे ग्राम सभा के अधिकार

- कृषि के लिये योजनाएं बनाना।
- मिट्टी के कटाव की रोकथाम।
- चराई की व्यवस्था को व्यवस्थित करना।
- वर्षा के जल का संरक्षण।
- आपसी सहयोग से खाद, बीज आदि की व्यवस्था।
- जैविक खाद, उर्वरक, कीटनाशक आदि को बढ़ावा देना।
- कृषि विभाग के अधिकारी ग्राम सभा द्वारा तैयार की गई खेती की योजना क्रियान्वित करेंगे।

खनिज और ग्राम सभा

- अनुसूचित क्षेत्रों में सर्वे, पट्टे आवंटन से पूर्व ग्राम सभा की अनुशंसा लेना आवश्यक होगा।
- चिन्हित खनिजों के पट्टे स्वीकृति में जनजातीय सोसायटियों, महिला आवेदकों और पुरुष आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- खनिज विभाग का कर्तव्य होगा कि वो ग्राम सभा को पट्टों के आवंटन और नीलामी की जानकारी दें।

गौण वनोपज/लघु वनोपजों का प्रबंधन

- ग्राम सभा द्वारा वन संसाधन योजना और नियंत्रण समिति बनाई जाएगी।
- समिति गौण वनोपजों के प्रबंधन की योजना बनाकर क्रियान्वित करेगी।
- इसी प्रकार लघु वनोपजों का परंपरागत रूप से किया जा रहा संग्रहण, स्वामित्व और प्रबंधन ग्राम सभा की देखरेख में होगा।
- ग्राम सभा द्वारा गठित समिति गौण वनोपजों का संग्रहण और विपणन कर सकेगी। यदि वह ऐसा करना चाहती है तो उसे 15 दिसंबर तक ग्राम सभा को संकल्प पारित करना होगा।
- ग्राम सभा वन विभाग से परामर्श कर वनोपजों की खरीदी और बिक्री का न्यूनतम मूल्य तय कर सकती है।
- गौण वनोपजों के प्रबंधन का आशय ये नहीं है कि वन भूमि, ग्राम सभा में निहित हो गई है।

ग्राम सभाओं के कर्तव्य

- वनों के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम सभा की होगी।
- ग्राम सभा पारिवारिक और सामुदायिक जरुरतों के लिए सूखी लकड़ी आदि वन से निकालने की व्यवस्था करेगी।
- ऐसा कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया जाएगा, जो कानून के विरुद्ध हो।
- ऐसे किसी कार्य का समर्थन नहीं किया जाएगा, जो कि रुढ़ियों और परंपराओं को ठेस पहुंचाए।
- ऐसी किसी गतिविधि का समर्थन नहीं किया जाएगा, जिससे सद्भाव समरसता को ठेस पहुंचती हो।
- सरकार की या सरकार के अधिकारियों की विधि सम्मत कार्यवाहियों में बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी।

- हितेश शर्मा

(लेखक- सम-सामयिकी विषयों पर लेखन करते हैं)

तमिलनाडु स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन

पद का नाम - ग्रेजुएट और डिप्लोमा अप्रेंटिस
पदों की संख्या - 417
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.tnstc.gov.in

राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला

पद का नाम - वित्त अधिकारी, तकनीकी अधिकारी, अन्य पद (संविदा आधार पर)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में मास्टर या एमबीए डिग्री, अनुभव वांछनीय
अंतिम तिथि - 21 नवंबर, 2023
वेबसाइट - www.ndtlindia.com

बिहार तकनीकी सेवा आयोग

पद का नाम - आईटीआई ट्रेड प्रशिक्षक (फिटर, वेल्डर, वायरमैन सहित अन्य ट्रेड)
पद संख्या - 1279
योग्यता - संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा डिग्री
अंतिम तिथि - 18 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.btsc.bih.nic.in

वन विभाग कर्नाटक

पद का नाम - वन चौकीदार
पद संख्या - 310
योग्यता - अभ्यर्थी 10वीं पास हो और आयु 18 से 35 वर्ष
अंतिम तिथि - 26 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.arany.gov.in

एडमिशन अलर्ट

गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी

पाठ्यक्रम का नाम - आबिट्रेशन एंड मीडिएशन में डिप्लोमा/पोस्ट ग्रेजुएशन जो आवेदक इस विषय में भारत और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का अध्ययन करना चाहते हैं, वे आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।
योग्यता - किसी भी विषय में ग्रेजुएट
अंतिम तिथि - 29 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.gnlu.ac.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर

पाठ्यक्रम का नाम - एनर्जी पॉलिसी एंड रेगुलराइजेशन (ईपीआर) से जुड़ा ऑनलाइन मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम
योग्यता - आवेदक का इंजीनियरिंग इकोनॉमिक्स, लॉ, कॉमर्स, मैनेजमेंट और फाइनेंस जैसे विषयों में 60 प्रतिशत या 10 पाइंट स्केल पर 6.0 ग्रेड से ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट, GATE पास करना जरूरी नहीं। प्रवेश ऑनलाइन इंटरव्यू के आधार पर मिलेगा।
अंतिम तिथि - 12 नवंबर, 2023
वेबसाइट - https://iitgn.ac.in

स्कॉलरशिप/इंटर्नशिप/ पुरस्कार अलर्ट

उर्दू पांडुलिपियां

संस्था का नाम - उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद
योग्यता - उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशन हेतु आर्थिक सहायता देने की योजना में प्रदेश साहित्यकारों और शायरों के लिए आमंत्रण है।
पांडुलिपी मूल स्वरचित, मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अनिवार्य, जिन साहित्यकारों और शायरों की पुस्तकें अकादमी द्वारा प्रकाशित की गई हैं, यदि उन्हें आर्थिक सहायता दिए हुए 10 वर्ष नहीं हुए हैं, तब उनकी पांडुलिपियों पर विचार नहीं किया जायेगा।
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2023
माध्यम - मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, भोपाल में पांडुलिपियां जमा की जा सकेंगी।

इनोवेटिव आइडिया

संस्था का नाम - बोइंग इंडिया, बोइंग यूनिवर्सिटी इनोवेशन लीडरशिप डेवलपमेंट (बिल्ड) प्रोग्राम
किसके लिए - स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेंबर्स, उभरते उद्यमियों के लिए
योग्यता - इच्छुक प्रतिभागी एयरो स्पेस और डिफेंस टेक्नोलॉजी, सोशल इम्पैक्ट और सस्टेनेबिलिटी पर अपने आइडिया (इनोवेटिव) दे सकते हैं।
अंतिम तिथि - 10 नवंबर, 2023
वेबसाइट - www.boeing.co.in/boeing-in-india/buid.page

लैंस कल्चर ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी अवॉर्ड्स

संस्था का नाम - मैगजीन लैंस कल्चर, नीदरलैंड्स
किसके लिए - 18 वर्ष से अधिक उम्र के फोटोग्राफर और फ्रीलांसर जिन्हें फोटोग्राफी की समझ और शौक है।
योग्यता - प्रतियोगिता में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो भेजनी है, तस्वीरें फाइन आर्ट, एक्सपेरिमेंटल, फिक्शन, डॉक्यूमेंट्री, विजुअल स्टोरीटेलिंग, लैंड-स्केप और मिक्स मिडिया हो, फोटो सीरिज भी भेजी जा सकती है।
स्कॉलरशिप राशि - विजेता को 10 हजार डॉलर (8 लाख 32 हजार रुपये) का कैश प्रदान किया जाएगा। साथ ही पहले-दूसरे, तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार के अलावा न्यूयॉर्क एजीबिशन 2024 में शामिल होने का अवसर मिलेगा।
अंतिम तिथि - 18 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.lensculture.com/photo-competitions

टीच फॉर इंडिया फेलोशिप 2024

संस्था का नाम - टीच फॉर इंडिया (एक गैर लाभकारी संगठन)
किसके लिए - युवा स्नातक को वंचित समुदायों के बच्चों को पढ़ाने के लिए फुल टाइम शिक्षक के रूप में सेवा करने के लिए।
योग्यता - आवेदक ने जून/जुलाई 2024 तक ग्रेजुएशन पूरी की हो।
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - https://apply.teachforindia.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

अनुकरणीय पहल

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में है रोज़गार मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका

प्रदेश के युवाओं को रोज़गार और स्व-रोज़गार से जोड़ने के लिये प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। विगत दो दशकों में रोज़गार से आर्थिक दृढ़ता और स्व-रोज़गार से स्वावलंबन इसी को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभिन्न विभागों की स्व-रोज़गार और रोज़गार मूलक गतिविधियों को एक मंच पर लाने के लिये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रोज़गार दिवस की परिकल्पना की और प्रदेश में प्रतिमाह रोज़गार दिवस मनाने का प्रशंसनीय फैसला किया। इस फैसले के बाद से प्रदेश के युवा उत्साहित हैं और वे निरंतर रोज़गार से जुड़कर आर्थिक मजबूती प्राप्त कर रहे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष पहले शुरू की गई इस पहल के अब सुखद परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान का मानना है कि बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करना और उनके जीवन को खुशहाल बनाना ही सबसे बड़ा धर्म है। बीते डेढ़ वर्ष में रोज़गार मेलों के माध्यम से लगभग 57 लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार व स्व-रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जा चुके हैं।

देश की ताकत है युवा शक्ति

युवाओं को हुनरमंद बनाना और उन्हें स्व-रोज़गार के लिए तैयार करना। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है ताकि विभिन्न शासकीय योजना के आधार पर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की सुंदर इमारत खड़ी हो सके। नि:संदेह, युवाओं के हाथ में हुनर होगा, तो वे राष्ट्र निर्माण के यज्ञ में आगे बढ़कर आहुति देंगे। आज प्रदेश ही नहीं, अपितु देश की सबसे बड़ी ताकत हमारी युवा जनसंख्या है। भारत दुनिया का सबसे अधिक युवा जनसंख्या वाला देश है। द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट-2023 के अनुसार, भारत में 26 प्रतिशत जनसंख्या का आयुवर्ग 10 से 24 साल है। वहीं, सबसे ज्यादा 68 प्रतिशत आबादी 15 से 64 वर्ष के आयुवर्ग में है।

12 जनवरी 2022 से हुई थी शुरुआत

राज्य सरकार ने डेढ़ वर्ष पहले स्वामी विवेकानंद की जयंती अवसर 12 जनवरी 2022 से हर जिले में रोज़गार दिवस की शुरुआत की थी। अब स्थिति यह है कि प्रतिमाह डेढ़ से दो लाख लोगों को रोज़गार और स्व-रोज़गार से जोड़ा जा रहा है। जिला रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से निजी और सरकारी क्षेत्र में रोज़गार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि रोज़गार का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरियां नहीं हैं, युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ना, निजी क्षेत्र में भी कुशल लोगों को नौकरियों से जोड़ना भी रोज़गार है। इसके लिए युवाओं को जागरूक किया गया और उन्हें व्यवसाय के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

स्व-रोज़गार में इन योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने के लिये कई कल्याणकारी योजनाएं मील का पत्थर साबित हुई हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (व्यक्तिगत, समूह, क्रेडिट लिंकेज), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्व-रोजगार, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्री बाई फुले स्व-सहायता योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्व-रोजगार योजना आदि योजनाओं में 57 लाख से अधिक स्व-रोज़गार के नए अवसर सृजित किए गए इनमें लगभग 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ऋण सहायता स्वीकृत की गई है।

कब कितने लोग जुड़े रोज़गार एवं स्व-रोज़गार से

- वर्ष 2021-22 में 13 लाख से अधिक लोगों को 7 हजार करोड़ से अधिक का ऋण स्वीकृत।
- वर्ष 2022-23 में 30 लाख से अधिक लोगों को 22 हजार करोड़ से अधिक का ऋण लाभ।
- वर्ष 2023-24 में 13 लाख से अधिक लोगों को 7 हजार करोड़ से अधिक का ऋण लाभ प्राप्त हुआ है।

अब तक 11 राज्य स्तरीय मेलों का हुआ आयोजन

प्रदेश के युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने के उद्देश्य से 12 जनवरी 2022 से राज्य स्तरीय रोज़गार मेलों की शुरुआत हुई। अब तक कुल 11 राज्य स्तरीय रोज़गार मेले आयोजित किये जा चुके हैं। यह मेले भोपाल, शहडोल, रीवा, इंदौर, सीहोर, धार, उज्जैन, नीमच, उमरिया, छिंदवाड़ा में हुए हैं।

इंजीनियरिंग कॉलेजों के माध्यम से प्रयास

बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इंजीनियरिंग कालेज के छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट के अवसरों में वृद्धि के लिए एमपी कॉन के माध्यम से विदेशी भाषाओं जैसे जापानी, फ्रेंच एवं जर्मन भाषाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कार्यक्रम तैयार किया गया। जापानी भाषा के बैच का प्रशिक्षण कार्य पूरा हो चुका है। आजीविका मार्ट पोर्टल से अब तक महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक के उत्पाद बिके।

ग्लोबल स्किल पार्क से भी खुलेंगे अवसर

भोपाल में भारत का सबसे बड़ा ग्लोबल स्किल पार्क तैयार किया गया है। लगभग 1 हजार 548 करोड़ रुपये की लागत से सिंगापुर के तकनीकी परामर्श एवं सहयोग से 30 एकड़ क्षेत्र में यह पार्क बनकर तैयार हुआ। इस पार्क के बन जाने पर हर वर्ष करीब 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोज़गार से जोड़ने का लक्ष्य है। युवाओं में दक्षता और कौशल विकास को निखारने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, ग्लोबल स्किल पार्क एवं केलिफोर्निया की सेल्स फोर्स कंपनी के मध्य किये गये एमओयू के बाद इसका निर्माण किया जा रहा है।

श्री पी. नरहरि सचिव सह उद्योग आयुक्त सूक्ष्म लघु एवं उद्यम विभाग द्वारा बताया गया कि 12 जनवरी 2022 को युवा दिवस के उपलक्ष्य में रोजगार दिवस का पहला आयोजन किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी का यह विचार था कि रोज़गार और स्वरोज़गार से संबंधित विभागों की गतिविधियां एक छत के नीचे लाई जाना चाहिए। इस विचार को मूर्तरूप देते हुए सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित कर हर माह दो लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार और स्व-रोज़गार प्रदान किया जा रहा है।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

मध्यप्रदेश में हर परिवार के एक व्यक्ति को रोज़गार दिया जाएगा - मुख्यमंत्री

अलीराजपुर, राज्य सरकार नागरिकों की जिंदगी की कठिनाइयों को दूर करेगी। हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा ताकि पलायन न करना पड़े। चाहे स्व-सहायता समूहों के माध्यम से, उद्यम क्रांति योजना या सरकारी नौकरियों के माध्यम से हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जायेगा। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अलीराजपुर में माइक्रो उद्यहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलीराजपुर में कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा। जिले के सभी गांवों और खेतों में सिंचाई का पानी पहुंचाया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि नर्मदा मैया का पानी खेतों में लेकर आया हूं। पानी आने से खेतों में फसलें लहलहाएंगी। परियोजना से अभी 126 गांवों में सिंचाई हो रही है। आगे चलकर जिले के सभी गांवों और खेतों में पानी पहुंचा दिया जाएगा। पाइप लाइन बिछाकर घरों में टोंटी से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। नर्मदा का पानी प्रामीणों की जिंदगी बदलेगा। किसानों को एक हजार रुपये हर महीना मिल रहा है। पीएम सम्मान निधि में 6 हजार रुपये और इतने ही रुपये राज्य सरकार दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अलीराजपुर को जिला बनाया है, साथ ही सड़क, बिजली, स्कूल-कॉलेज की व्यवस्था की है। मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं। मैं बहनों का भाई, बेटा-बेटियों का मामा हूं। परिवार के लिए जो करना चाहिए वह करने की कोशिश करता रहूंगा। मैं बहनों की तकलीफें दूर कर दूंगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर हर महीने पैसे डाले जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को एक हजार रुपये से शुरू की गई योजना में बढ़ाकर 3 हजार रुपये हर महीने दिए जाएंगे। वर्तमान में 250 रुपये बढ़ाकर 1250 रुपये हर माह कर दिए गए हैं। मैंने पैसा नहीं दिया बहनों को सम्मान दिया है।

आईसीसी ने अंडर-19 वर्ल्डकप का कार्यक्रम किया जारी

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2024 में खेले जाने वाले आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह विश्वकप 13 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। विश्वकप में 16 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है, प्रत्येक ग्रुप में 4-4 टीमें होंगी। प्रत्येक ग्रुप से 3-3 टीमें सुपर-6 राउंड में जगह बनायेंगी। सुपर-6 में दो ग्रुप होंगे, जिनमें से 2-2 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। टूर्नामेंट में भारत अपने अभियान की शुरुआत 14 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इस टूर्नामेंट में भारत और बांग्लादेश को आयरलैंड तथा अमेरिका के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। भारत ने सबसे ज्यादा पांच बार आईसीसी अंडर-19 विश्वकप जीता है। भारतीय टीम वर्ष 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में अंडर-19 विश्वकप चैम्पियन बन चुकी है।

एशियन गेम्स - 2023

निशानेबाजों ने लगाए पदकों पर निशाने

हांगझोऊ, चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत को शानदार शुरुआत दिलाई है। एशियाई खेलों में भारत ने समाचार लिखे जाने तक 9 स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 35 पदक जीत लिए हैं।

एशियाई खेल में निशानेबाजी खेल में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन दिखा। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक 6 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य सहित 18 पदक जीते हैं। भारत को निशानेबाजी का पहला पदक मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर दिलाया। इसके बाद दिव्यांश सिंह पवार, रुद्राक्ष पाटिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की तिकड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की जोड़ी ने महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता वहीं अर्जुन सिंह नरवाल, शिवा सिंह और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इनके अलावा सिफत कौर सामरा और पलक गुलिया ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते।

- भारत ने सेलिंग खेल में एक रजत और दो कांस्य सहित तीन पदक जीते।
- साकेत मिनेनी और रामकुमार रामनाथन की जोड़ी ने टेनिस में पुरुष युगल वर्ग का रजत पदक जीता।
- भारत ने वुशु खेल में एक रजत और स्क्वॉश खेल में एक कांस्य पदक जीता है।

रोइंग में मिले 5 पदक

एशियाड में दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ रोइंग में भारत का अभियान समाप्त हो गया है। रोइंग में पुरुषों की लाइटवेट डबल्स स्कल्स स्पर्धा में अरविंद सिंह और अर्जुन लाल जाट की जोड़ी ने रजत पदक पर कब्जा किया, वहीं भारत ने पुरुषों की कॉक्स-8 स्पर्धा में भी रजत पदक जीता।

घुड़सवारी में 41 साल बाद स्वर्ण पदक

एशियाई खेलों में भारत को घुड़सवारी खेल में 41 साल बाद स्वर्ण पदक मिला है। अनुष अग्रवाला, हृदय छेड़ा, दिव्यकीर्ति सिंह और सुदीप्ति हजेला की मिश्रित भारतीय टीम ने ड्रेसेज टीम स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा में भारतीय टीम ने चीनी टीम को पछाड़कर जीत दर्ज की।

पंघल ने कुश्ती चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

बेलग्रेड, भारत की युवा महिला पहलवान अंतिम पंघल ने सर्बिया में आयोजित विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। इस जीत के साथ ही अंतिम ने पेरिस में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में जगह बना ली है। अंतिम पंघल पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल करने वाली पहली भारतीय पहलवान है। अंतिम ने महिलाओं की 53 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अंतिम ने रेपचेज राउंड में स्वीडन की जोना मामलग्रेन को 16-6 से हराकर कांस्य पदक पर कब्जा किया।

वर्स्टापेन ने जीती जापान ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस

सुजुका, नीदरलैंड्स के कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन सर्किट पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप में जापान ग्रां प्री रेस अपने नाम की है। वर्स्टापेन के लिए यह सीजन बेहतरीन रहा है। वर्स्टापेन ने इस सीजन में अब तक 16 में से 13 रेस जीती हैं। वर्स्टापेन ने जापान ग्रां प्री में 53 लैप की रेस को एक घंटा 30 मिनट 58 सेकेंड में पूरी की। रेस में लेंडो नॉरिस दूसरे और ऑस्कर पिस्त्री तीसरे स्थान पर रहे।

एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हांगझोऊ, चीन के हांझू में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में मप्र के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, चार रजत एवं तीन कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं। यह एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस बार मध्यप्रदेश ने छह दिनों में ही अपने पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। मध्यप्रदेश अकादमी के निशानेबाजों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।

छोटी उम्र में बड़े-बड़े कीर्तिमान रच रहे ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने 10 मीटर राइफल टीम इवेंट में महाराष्ट्र के रुद्राक्ष पाटिल और राजस्थान के दिव्यांश के साथ मिलकर देश को स्वर्ण पदक दिलाया। ऐश्वर्य ने इसी इवेंट के व्यक्तिगत मुकाबले में भी जोरदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दो की। इसके अलावा ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में अखिल ध्योराण और स्वप्निल कुसाले के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीता तथा 50 मीटर राइफल थ्री

पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। मध्यप्रदेश की आशी चौकसे ने 50 मीटर थ्री पोजीशन व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक जीता। शूटिंग में ही एक रजत पदक 50 मीटर थ्री पोजीशन पुरुष वर्ग में एसके शर्मा और एम कौशिक की जोड़ी ने रजत पदक जीता है।

सेलिंग में मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की नेहा ठाकुर ने सभी को चौंकाते हुए रजत पदक जीता। नेहा ने यह सफलता महिलाओं की आइएलसी-4 इवेंट में हासिल की है।

नेपाल ने ट्वेंटी-20 मैच में बनाए कई रिकॉर्ड

हांगकांग, ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नेपाल की क्रिकेट टीम ने एक ही मैच के दौरान कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नेपाल ने एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ ग्रुप मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 314 रन बनाये, जो ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके बाद नेपाल ने मंगोलिया की पारी महज 41 रन पर समेट कर ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। नेपाल के लिए कुशल मल्ला ने 50 गेंदों में 137 रन बनाये। कुशल ने 34 गेंदों में शतक पूरा कर सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया, वहीं दीपेंद्र सिंह ऐरी ने महज 9 गेंदों में अर्धशतक बनाकर युवराज सिंह का 12 गेंदों में अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दीपेंद्र ने 10 गेंदों में 52 रन बनाये इनमें 8 छक्के शामिल हैं। युवराज सिंह ने वर्ष 2007 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।

भारत ने एशियन गेम्स में क्रिकेट में पहली बार जीता स्वर्ण पदक

हांगझोऊ, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्णिम पदार्पण किया है। एशियाई खेलों में क्रिकेट स्पर्धा में पहली बार हिस्सा ले रही भारतीय महिला टीम ने स्पर्धा के फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को टूर्नामेंट की शुरुआत से स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। भारतीय टीम ने आशा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 116 रन बनाये। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 46 और जेमिमाह रोड्रिग्ज ने 42 रनों की पारी खेली।

बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत भी खराब रही। श्रीलंकाई टीम 14 रन पर 3 विकेट गवांकर संकट से घिर गई। इसके बाद हसिनी परेरा (25)

और निलाक्षी डिसिल्वा (23) ने पारी को संभाला। मैच के अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और श्रीलंकाई टीम को 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 97 रन पर रोक दिया।

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहला बड़ा खिताब जीता है।
- भारतीय महिला टीम दो बार वन-डे विश्वकप और एक बार ट्वेंटी-20 विश्वकप की उपविजेता रही है।
- भारतीय टीम पिछले वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया से जीती वन-डे सीरीज

राजकोट, भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी वन-डे विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी तैयारियों को परखते हुए तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने सीरीज के पहले दो मैच आसानी से जीते, लेकिन तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 66 रन से मुकाबला जीतकर भारतीय टीम को सीरीज क्लीन स्वीप करने से रोक दिया।

तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को डेविड वॉर्नर (56) और मिशेल मार्श (96) ने मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद स्टीव स्मिथ (74) और मार्नस लाबुशेन (72) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 352 रन बनाये।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा (81) ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। रोहित ने वाशिंगटन सुंदर के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 74 रन और विराट कोहली (56) के साथ दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी की। रोहित के आउट होने के बाद भारतीय टीम की लय बिगड़ गई और टीम 286 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

विश्वकप से बाहर हुए अक्षर

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर अक्षर पटेल चोट के कारण विश्वकप से बाहर हो गए हैं। अक्षर को एशिया कप के दौरान चोट लगी थी और वे फाइनल मैच में नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई ने अक्षर की चोट को देखते हुए विश्वकप टीम में बदलाव किया और रविचंद्रन अश्विन को अक्षर की जगह टीम में शामिल किया है।

मोटोजीपी भारत 2023

मार्को बेजेकी बने रफ्तार के चैम्पियन

गौतमबुद्ध नगर, नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहली बार मोटो जीपी रेस का सफल आयोजन हुआ। रफ्तार से रोमांचित करने वाली मोटोजीपी भारत 2023 रेस का खिताब इटली के मार्को बेजेकी रहे। मूनी वीआर 46 टीम के राइडर बेजेकी ने रेस में शानदार प्रदर्शन किया और विश्व के नंबर वन रेसर फ्रांसेस्को बगनिया को पछाड़ते हुए मोटोजीपी भारत के पहले चैम्पियन बने।

मार्को बेजेकी ने 21 लैप की इस रेस को 36 मिनट 59 सेकेंड में पूरा किया। रेस में जॉर्ज मार्टिन दूसरे, फैबियो क्वार्टारारो तीसरे, ब्रैड बाइंडर चौथे और जॉन मीर पांचवें स्थान पर रहे। फाइनल रेस में बेजेकी ने पोल पोजिशन से शुरुआत की, लेकिन वे शुरुआत में जॉर्ज मार्टिन और फ्रांसेस्को बगनिया से पिछड़ गए। इसके बाद बेजेकी ने दमदार वापसी की और रेस में सबसे आगे निकल गए। रेस में आखिरी लैप बेहद रोमांचक रही। आखिरी लैप में बेजेकी ने शानदार प्रदर्शन किया और दूसरे स्थान पर रहे मार्टिन से 8 सेकेंड की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

- भारत में पहली बार आयोजित की गई मोटोजीपी रेस।
- बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर वर्ष 2011, 2012 और 2013 में फॉर्मूला-वन रेस आयोजित की गई है।
- मोटोजीपी चैम्पियनशिप की शुरुआत वर्ष 1949 में हुई थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिका ने छात्रों को रिकॉर्ड वीजा किये जारी

भारत में अमेरिकी दूतावास ने इस साल गर्मी में 90 हजार छात्र वीजा जारी कर रिकॉर्ड बना दिया। वैश्विक स्तर पर यह संख्या एक चौथाई है, यानी विश्व में छात्र वीजा पाने वालों में हर चौथा विद्यार्थी भारत से है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया पर खुशी जताते हुए कहा कि इस साल जून, जुलाई और अगस्त में 90 हजार से अधिक स्टूडेंट वीजा जारी किए गए। इसके साथ ही अमेरिकी दूतावास ने भारतीय विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने उच्च अध्ययन के जरिये अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अमेरिका को चुना। भारतीय छात्रों का अमेरिका में 20 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व है।

कनाडा के लिये वीजा सेवाएं स्थगित

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान के बाद भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तनाव की स्थिति बन गई है। प्रधानमंत्री ट्रूडो के झूठे आरोप के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख लेते हुए कनाडा के राजनयिक को भारत छोड़ने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के कुछ दिन बाद ही भारत ने कनाडा के लिए अगले आदेश तक सभी वीजा सेवा बंद कर दी है। बीएलएस इंडिया वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने अपनी वेबसाइट पर भी नोटिस जारी करते हुए लिखा कि अगले आदेश तक सभी वीजा सेवाओं को स्थगित कर दिया गया है।

भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी - भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा में रह रहे भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की। इसके अनुसार कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है।

128वां संविधान संशोधन विधेयक लगातार सात घंटे लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा उपरांत पहली बार पारित हुआ महिला आरक्षण बिल

बहुमत से पारित हुआ महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक

संसद में कब-कब पेश हुआ महिला आरक्षण बिल

- बीते 27 साल से महिला आरक्षण विधेयक को पास कराने की कई कोशिशें हो चुकी हैं।
- संसद में महिला आरक्षण विधेयक पहली बार 1996 में पेश हुआ।
- श्री एचडी देवगौड़ा वाली संयुक्त मोर्चा सरकार ने 12 सितंबर 1996 को 81वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया।
- जेपीसी ने नौ दिसंबर 1996 को 11वीं लोकसभा में अपनी रिपोर्ट पेश की।
- इस विधेयक को 26 जून 1998 को एनडीए सरकार ने 84वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में 12वीं लोकसभा में फिर से पेश किया।
- विधेयक 2002 में और 2003 में सदन में लाया गया, लेकिन यह पारित नहीं हो सका।
- मई 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने प्रयास किया लेकिन लोकसभा में विधेयक पास करने में विफल रही।
- 108वां विधेयक 2008 में पेश हुआ था। विधेयक को राज्यसभा में पेश किया गया और कानून एवं न्याय पर स्थायी समिति को भेजा गया।

संसद की कार्यवाही

- **केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर 2023 तक संसद का विशेष सत्र बुलाया।**
- **संसद की नई इमारत में 19 सितंबर को कार्यवाही शुरू हुई। पहले दिन कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक पेश किया।**
- **20 सितंबर को लोकसभा में चर्चा के बाद बिल पास हुआ, इसके पक्ष में 454 मत पड़े, जबकि दो सांसदों ने विरोध में वोट किया।**
- **21 सितंबर को विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ, जहां 215 सांसदों ने इसके समर्थन में वोट डाले।**

संसद के विशेष सत्र में लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक बहुमत से संसद में पारित हो गया। इस विधेयक में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। महिला आरक्षण के लिए पेश किया गया विधेयक 128वां संविधान संशोधन विधेयक है। परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं के भंग होने के बाद महिला आरक्षण बिल प्रभावी हो सकता है।

क्या है विधेयक में - विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यानी कि लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। हालांकि पुदुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित नहीं की गई हैं।

वर्तमान भागीदारी - 17वीं लोकसभा में 82 महिलाएं चुनकर आई हैं, उनका प्रतिनिधित्व करीब 15 फीसदी है। वहीं देश के 19 राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से कम है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनिया भर की संसदों में महिलाओं का औसत प्रतिनिधित्व 26.5 फीसदी है।

जाति आधारित आरक्षण और वर्ग आधारित आरक्षण - लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए सीटें आरक्षित हैं। इन आरक्षित सीटों में से एक तिहाई सीटें अब महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी।

प्रधानमंत्री ने दिया धन्यवाद

नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा, मैं आज देश की हर माता-बहन और बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। 20 और 21 सितंबर को हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हमारा सौभाग्य है कि यह अवसर हमें मिला है, आने वाली पीढ़ी तक इस निर्णय की चर्चा होगी।

नौसेना शक्ति प्रदर्शन

त्रिंकोमाली से आईएनएस निरीक्षक भारत के लिए रवाना

भारतीय नौसेना का गोताखोर सहायता और पनडुब्बी बचाव पोत, आईएनएस निरीक्षक श्रीलंका की नौसेना के साथ एक सप्ताह के गोताखोर प्रशिक्षण अभ्यास के बाद त्रिंकोमाली से 21 सितंबर, 2023 को भारत के लिये रवाना हुआ। अभ्यास में भारतीय नौसैनिकों ने सेना के जोश, जज्बे और जुनून को प्रदर्शित किया।

दोनों देशों की नौसेना की गोताखोर टीमों ने बंदरगाह और समुद्र में व्यापक रूप से गोते लगाए। इसके अलावा, इस पोत के चालक दल और श्रीलंका नौसेना कर्मियों के बीच आपसी हितों के विभिन्न पहलुओं पर कर्मियों को प्रशिक्षण देने सहित कई अन्य बातचीत भी आयोजित की गई।

जूनियर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, त्रिंकोमाली के अधिकारियों ने इस पोत का दौरा किया, जिन्हें इस जहाज की परिपूर्ण गोताखोरी क्षमता के बारे में जानकारी दी गई।

नौसेना की सराहना

पूर्वी नौसेना क्षेत्र के कमांडर रियर एडमिरल पीएस डी सिल्वा ने जहाज का दौरा किया और श्रीलंका नौसेना के गोताखोरों को प्रशिक्षण देने के लिए भारतीय नौसेना के समर्थन की सराहना की। उन्होंने दोनों नौसेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं और पेशेवर विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की जरूरत पर भी जोर दिया। प्रशिक्षण गतिविधियों के अलावा, त्रिंकोमाली में वंचित बच्चों के स्कूल में एक सामाजिक आउटरीच गतिविधि भी आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर डच बीच पर एक संयुक्त समुद्रतट सफाई अभियान भी चलाया गया। एकता और स्वस्थता के प्रदर्शन में, श्रीलंका के नौसेना कर्मियों के साथ संयुक्त योग सत्र और मैत्रीपूर्ण बास्केटबॉल मैच भी आयोजित किया गया।

उत्तर कोरिया : 4 साल बाद पर्यटकों और व्यापारियों को मिलेगा प्रवेश

कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार उत्तर कोरिया ने विदेशियों को प्रवेश की अनुमति दी है। एक चीनी मीडिया के अनुसार उत्तर कोरिया ने एक घोषणा की थी, जिसमें बताया गया कि 25 सितंबर 2023 से विदेशियों को देश में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।

हालांकि, पर्यटकों को दो दिनों के लिए क्वारेंटीन में रहना पड़ेगा। उत्तर कोरिया के प्रशासक किम जोंग उन चार साल पहले लगाए सीमा प्रतिबंधों को धीरे-धीरे कम कर रहे हैं। उन्होंने जुलाई में चीन और रूस के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों को यात्रा की अनुमति दी थी। सीमा प्रतिबंध के कारण विदेशों में फंसे राजनयिकों, छात्रों और श्रमिकों को वापस लाने के लिए अगस्त में बीजिंग और व्लादिवोस्तोक में वाणिज्यिक विमान भेजे गए थे।

चीन से आने वाले पर्यटक नकदी संकट से जूझ रहे उत्तर कोरिया के लिए विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया चीन के साथ फिर से व्यापार की शुरुआत करने वाला है, जो ऐतिहासिक रूप से प्योंगयांग का सबसे बड़ा भागीदार है। इससे उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था तेजी से वापसी कर सकेगी।

भारत अब विश्व मित्र यानी दुनिया का मित्र बन चुका है - डॉ. जयशंकर

- न्यूयॉर्क में 78वां संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र संपन्न।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है।
- 19 से 26 सितंबर 2023 तक चला सत्र।
- 10 जनवरी 1946 : लंदन में हुआ था पहला सत्र।

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब वे दिन नहीं रहे हैं, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और बाकी देशों से उनके अनुरूप चलने की उम्मीद की जाती थी। डॉ. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाना चाहिए और इसके लिए प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों ही आवश्यक है। विदेश मंत्री ने स्पष्ट कहा कि विश्व को वैक्सीन जैसे भेदभावपूर्ण अन्याय को दोबारा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण कार्रवाई के लिए भी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचा नहीं जा सकता। डॉ. जयशंकर ने कहा कि भोजन और ऊर्जा को जरूरतमंदों से अमीरों तक पहुंचाने के लिए ही बाजार की शक्ति का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा पर राजनीतिक सुविधा के अनुसार प्रतिक्रियाएं निर्धारित नहीं की जानी चाहिए। विदेश मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और घरेलू मामलों में हस्तक्षेप का इस्तेमाल अपनी सुविधा अनुसार नहीं किया जा सकता है।

गहराया हुआ है उत्तर-दक्षिण विभाजन - डॉ. जयशंकर ने कहा कि ऐसे समय जब पूर्व पश्चिम ध्रुवीकरण और उत्तर-दक्षिण विभाजन गहराया हुआ है, उस समय नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कूटनीति और बातचीत ही एकमात्र प्रभावी समाधान है। उन्होंने कहा कि जी-20 विचार-विमर्श से सामने आए परिणाम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत अपने साझेदारों के साथ सहयोग को महत्व देता है। भारत अब 'विश्व मित्र यानी दुनिया का मित्र' बन चुका है।

मुख्य चिंताओं पर ध्यान दिया गया

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने जी-20 की अध्यक्षता असाधारण जिम्मेदारी की भावना के साथ संभाली। उन्होंने भारत की एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य की परिकल्पना में कुछ देशों के संकीर्ण हितों के बजाय अनेक देशों की मुख्य चिंताओं पर ध्यान दिया है। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता में अल्पविकसित और विकासशील देशों की आवाज को उठाया और जिन मुद्दों पर वैश्विक ध्यान दिए जाने की जरूरत थी, उनको उचित रूप से सुना भी गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

देश ने किया नारी शक्ति को वंदन
मोदी जी का अभिनंदन

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

लोकसभा-विधानसभा में
महिलाओं को 33% आरक्षण

D-11119/R-49116/2023

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2023

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।